ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • पौष कृष्ण पक्ष 15 • विक्रम संवत 2079 • शुक्रवार, 23 दिसम्बर 2022 • वर्ष-23 • अंक-317 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

पहले टेस्ट में मैन ऑफ द मैच रहे कुलदीप यादव दूसरे मैच से बाहर - पेज 10 पर



# ओमिक्रान बीएफ.7 क्या है? क्या हैं इसके लक्षण और बचाव के उपाय?

**चीन** और जापान सहित दुनिया के छह देशों में कहर बरपानेवाले ओमिक्रान के वैरिएंट बीएफ.7 के बारे में समझना जरूरी है। यह मूलतः ओमिक्रान के वैरिएंट बीए.5 का ही उपवंश है। यह शेष वैरिएंट के मुकाबले काफी तेजी के साथ फैलता है और लोगों को बार-बार अपनी चपेट में ले सकता है। यह बेहद ज्यादा संक्रामक है। यह वैक्सीन लगवा चुके लोगों को भी बार-बार अपने संक्रमण चक्र में फंसा सकता है।

### लक्षण

- गला खराब होना
- नाक बहना
- बंद नाक
- छींक आना
- सूखी खांसी
- सिरदर्द
- बलगम वाली खांसी
- कर्कश आवाज
- मांसपेशियों में दर्द
- सूंघने की क्षमता बदलना।



### इसकी ताकत

ओमिक्रॉन बीएफ.7 की आर-वैल्यू 10 से 18.6 तक है। मतलब, ओमिक्रॉन के इस वैरिएंट से संक्रमित मरीज 10 से 18-19 स्वस्थ लोगों को भी संक्रमित कर सकता है।



### बचाव

यह वैरिएंट सभी तरह के डोज ले लेनेवालों को भी संक्रमित कर रहा है, लिहाजा अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि इससे बचाव अगर करें तो कैसे करें। वैसे, इससे बचने के लिए वही रास्ता है, जो कोरोना वायरस से बचने के लिए हम लोग इस्तेमाल करते अये हैं। जानकारों के अनुसार, अगर आप बूस्टर डोज के योग्य हैं तो तुरंत लगवा लें। इसके साथ आपको साबुन से हाथ धोना, मास्क पहनना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना, बीमार व्यक्ति से उचित दूरी और बीमार होने पर खुद को आइसोलेट करते ही रहना चाहिए।



### ये खायें

अमरूद, चकोतरा, केला, अनानास, पपीता, संतरा, अदरक, लहसुन, हरी शिमला मिर्च, ब्रॉकली, फलियां, बादाम, नारियल, पिस्ता, पके हुए अंडे व बढ़िया से पकायी गयी मछली।

## भारत में चीन जैसी स्थिति नहीं होगी, पर सतर्क रहना ही होगा

**रणदीप गुलेरिया**

भले चीन में कोविड-19 के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन भारत में नैचुरल इंफेक्शन और वैक्सीन कवरेज के हाई रेट के कारण चीन जैसी स्थिति नहीं होगी। भारत में टेस्टिंग में कमी आयी है। सर्दियों के मौसम में अक्सर लोग सर्दी, जुकाम या बुखार आने पर इसका टेस्ट नहीं कराते हैं। ऐसे में अगर कोरोना के टेस्ट होते रहेंगे तो म्यूटेशन का पता चल पायेगा। पूरी दुनिया, खासतौर पर चीन और इटली में कोरोना महामारी जिस तरह से अपने पीक पर थी और कोरोना के लाखों मामले सामने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### सभी जिलों के डीसी को निर्देश जारी

**रांची।** कई देशों में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन राज्य को मिलते ही बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने सभी जिलों के डीसी को निर्देश जारी किया है। उपायुक्तों को भेजे गये पत्र में निर्देश दिया गया है कि कोविड के वर्तमान वैरिएंट की मॉनिटरिंग करते हुए राज्य में मिलनेवाले पॉजिटिव मरीजों के सैंपल वेरिएंट जांच के लिए रिम्स के जीनोम सीक्वेंसिंग लैब भेजें।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के टाटा रोड जामचूआं के पास एक बाइक को बस ने टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि कस्तूरबा स्कूल जामचुआं में मृतक की बच्ची पढ़ती है। क्रिसमस का छुट्टी होने पर बच्ची लेने आया था। इसी दौरान दुर्घटना हो गयी। है। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। मृतक ग्राम लाली, नामकुम निवासी बताया जा रहा है।

(संबंधित खबर पेज 02 पर)

### दो ट्रेलर की सीधी टक्कर दोनों चालकों की मौत

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गम्हरिया थाना अंतर्गत कोइडा गांव के पास दो ट्रेलर में सीधी टक्कर हो गयी। घटना के बाद दोनों ट्रेलर में आग लग गयी जिसमें जलकर दोनों चालकों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार दोनों ट्रेलर तेज रफ्तार में कोईड़ा गांव के रास्ते से गुजर रहे थे। तभी अचानक दोनों की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों में आग लग गयी।



# मत बन अमिताभ बच्चन

## बड़हरवा टोल मामला : पंकज मिश्रा से पिंटू ने कहा : लालू तो बच नहीं पाये, तुम चीज ही क्या हो... सुधर जाओ और आराम से रहो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ज्यादा अमिताभ बच्चन ना बनो। जब लालू यादव नहीं बच पाये तो तुम क्या हो। तुमको पॉलिटिक्स से काम लेना चाहिए, तुम ये कब सीखोगे? लगता है, विवाद में रहना फितरत हो गया है तुम्हारा। कल जो तुमने बयान दिया था वो ठीक नहीं था। मीडिया चौथा स्तम्भ होता है। सोच-समझ कर बयान दिया करो। तुम इ सब कब समझोगे। हमको समझ नहीं रहा है, एक तो तुम्हारा अपने ही ठुकाई हो रहा है और ऊपर से तुम ये सब करके तुम खुद अपना ठुकाई करवाना चाह रहे हो। इ सब से कुछ मिल तो नहीं रहा है, ऊपर से छीन जरूर जा रहा है। तुम्हारा शरीर खराब हो रहा है। कब समझोगे और कब सुधरोगे? ये सब नहीं बोलना चाहिए। आदमी को संयमित रहना चाहिए। लालू यादव को मीडिया ने बख्शा ही नहीं तो तुम क्या हो? इ सब में संयम बरतना चाहिए और समय का इंतजार करना चाहिए। अभी तुम्हारा समय विपरीत चल रहा है। तुमको इ सब से बचना चाहिए। तुमको अभी इलाज कराना चाहिए, वही तुम्हारे लिए ठीक है। नहीं तो दिक्कत करेगा ये लोग। (सूत्रों के अनुसार) तुम्हारी वजह से सीएम पर आरोप लग रहे हैं... सुधर जाओ और थोड़ा आराम से रहो।

ये वार्तालाप किनके बीच में चल रहा था, जानते हैं आप। नहीं। चलिए, हम आपको बताते हैं। ये वार्तालाप दो लोगों के बीच में चल रहा था। यह दावा किया जा रहा है कि इनमें एक मीडिया सलाहकार है तो दूसरा विधायक प्रतिनिधि। एक का नाम है पंकज मिश्रा तो दूसरे का नाम है अभिषेक प्रसाद श्रीवास्तव उर्फ पिंटू। ईडी का दावा है कि पंकज मिश्रा से जेल में रहते हुए फोन पर बातचीत करने के कई सबूत उसे मिले हैं। जेल में बंद पंकज मिश्रा के संपर्क में कई अधिकारी थे, जिसके भी सबूत ईडी को मिले हैं। ईडी ने कई अधिकारियों से पूछताछ भी की है।

### ईडी अधिकारियों की जासूसी



**ताजा** मामला ईडी की जासूसी का है, जिसमें भी पिंटू का नाम शामिल है। ईडी ने झारखंड हाईकोर्ट में एक हलफनामा दायर किया है, जिसमें कहा गया कि जांच प्रभावित करने के लिए पिंटू और महाधिवक्ता ने ईडी अधिकारियों की जासूसी करायी है। ईडी ने झारखंड हाइकोर्ट में बातचीत का पूरा ब्यौरा हलफनामे में दिया है। ईडी ने झारखंड हाईकोर्ट को बताया कि अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित केस में जांच को बाधित करने के लिए पिंटू और महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से जासूसी करायी गयी है। हाईकोर्ट में इसे लेकर ईडी की ओर से दाखिल किये गये हलफनामे में इन दोनों के बीच टेलीफोनिक बातचीत का एक ट्रांसस्क्रिप्ट भी सौंपा गया है। इसमें दोनों के बीच ईडी के अधिकारियों की गतिविधियों पर नजर रखने पर बात हुई है। ईडी के हलफनामे में बताया गया कि साहिबगंज जिला अंतर्गत बड़हरवा में टोल प्लाजा के टेंडर को लेकर हुए विवाद में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला सामने आने पर इसकी जांच की जा रही है। इस मामले को लेकर पिंटू ने महाधिवक्ता राजीव रंजन से फोन पर बात की, जिसमें कहा गया है कि एक ऐसा आदमी दीजिये, जो ईडी के अधिकारियों की गतिविधियों पर नजर रखे, उनकी जासूसी करे। यह बातचीत बीते 22 जुलाई की है। 355 सेकेंड की इस बातचीत का पूरा ब्यौरा हलफनामे में दिया गया है।

## कोर्ट ने माना : निष्पक्ष नहीं हुई जांच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट में गुरुवार को साहिबगंज के बरहरवा टोल प्लाजा टेंडर मामले में बरहरवा थाने में दर्ज मामले की 24 घंटे में क्लीन चिट देने के मामले की सीबीआई जांच का आग्रह करनेवाली याचिका पर सुनवाई हुई। ईडी की ओर से दायर शपथ-पत्र का कोर्ट ने अवलोकन किया। इस दौरान कोर्ट ने माना कि इस मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच नहीं हुई है। जल्दबाजी में मामले में जांच अधिकारी ने मामले की जांच की और रिपोर्ट दिया है। वहीं, सुनवाई के दौरान राज्य सरकार, आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गयी। इनकी ओर से कहा गया कि ईडी के शपथ-पत्र के बाद वे अपना जवाब दाखिल करना चाहते हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी निर्धारित की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि साहिबगंज के बड़हरवा थाने में टोल प्लाजा टेंडर विवाद में शंभू नंदन कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसमें पंकज मिश्रा पर टेंडर में भाग नहीं लेने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। पंकज ने टेलिफोनिक धमकी दी थी, लेकिन पुलिस ने उसके वॉइस रिकॉर्ड की फॉरेंसिक जांच नहीं करायी थी।

### आधे घंटे में 14 गवाहों का बयान लेकर पुलिस ने दी थी क्लीनचिट



**मामले** में आधे घंटे में 14 गवाहों का बयान लेकर पुलिस ने पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम को क्लीन चिट दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया था कि मामले में जांच को प्रभावित करने के लिए इन दोनों को क्लीन चिट दी गयी है। याचिकाकर्ता ने इसकी सीबीआई जांच कराने का आग्रह किया है।

# सभी लें कोरोना की प्रीकॉशनरी डोज : पीएम

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के मद्देनजर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये की बैठक

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

चीन में कोविड के हालात को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक की। इस बैठक में कोरोना की मौजूदा स्थिति को लेकर चर्चा हुई। पीएम ने भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनने, टेस्टिंग बढ़ाने और जीनोमिक सीक्वेंसिंग की अपील की। उन्होंने कमजोर और बुजुर्गों के लिए कोरोना वैक्सीन की प्रीकॉशनरी डोज लेने का भी आग्रह किया। इस वर्चुअल मीटिंग में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, गृह मंत्री अमित शाह, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और अन्य आला अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### कोरोना को लेकर सरकार अलर्ट

**नवीन मेल नेटवर्क। रांची/नयी दिल्ली**



चीन में कोरोना से हाहाकार के बीच भारत सरकार भी अलर्ट है। कोरोना के खतरे को देखते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने जनता से तत्काल प्रभाव से कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की है। कोरोना अलर्ट के बाद भारत के कई इलाकों में पुराना प्रोटोकॉल का पालन करना शुरू हो चुका है।

### इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जनता से अपील

- सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगायें।
- सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।
- नियमित रूप से हाथों को साबुन से धोयें और सैनिटाइज करें।
- शादी, राजनीतिक सभा या किसी तरह की मीटिंग से दूर रहें।
- बुखार, कफ, गले में खरास या लूज मोशन हो, तो तुरंत अपने नजदीकी डॉक्टर से संपर्क करें।
- यदि आपका कोरोना का कोई डोज बच गया है, तो उसे तुरंत लगवायें।
- सरकार जो भी एडवाइजरी जारी करती है उसका पालन करें।

# झारखंड नगरपालिका (संशोधन) विधेयक पास

### सदन पटल पर विधेयक लाये जाने पर पक्ष-विपक्ष में तीखी बहस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड विधानसभा में शीतकालीन सत्र के चौथे दिन गुरुवार को भारी विरोध के बीच झारखंड नगरपालिका (संशोधन) विधेयक 2022 पारित हो गया। सदन पटल पर विधेयक लाये जाने पर पक्ष-विपक्ष में तीखी बहस हुई। विधायक विनोद सिंह ने कहा कि अगर आपने रोटेशन को खत्म किया तो कोर्ट में यह फिर खारिज हो जायेगा, यह गलत होगा। भाजपा के अमर बाउरी ने कहा कि समस्या रांची मेयर की सीट एससी के लिए आरक्षित करने के बाद हुई। यह दलितों का अपमान है। इसे हम नही सहेंगे। यह फिर नियम विरूद्ध होगा। राज्य में पहले ही दलितों के साथ अन्याय हो रहा है। दलितों के मुंह से निवाला छीना जा रहा है। इसे दलित कभी बर्दाश्त नही करेंगे।

**रोटेशन को खत्म करना नीति संगत नहीं :** भाजपा के मनीष जायसवाल ने कहा कि रोटेशन को खत्म करना नीति संगत नहीं है। इसके जरिये सरकार निकाय चुनाव लटकाना चाहती है। वहीं, केदार हाजरा ने कहा कि यह गलत है। इस पर सरकार फिर से विचार करे। वहीं, भाजपा के विरंची नारायण ने कहा कि इसमें संशोधन करने का अधिकार राज्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कोरोना की नयी लहर से बचने के लिए हम हैं तैयार : बन्ना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चीन में कोरोना के कोहराम के बाद अब भारत भी अलर्ट मोड पर आ गया है। केंद्र सरकार की तरफ से कोविड को लेकर बैठकें की जा रही है। इधर, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि पिछली बार भारत सरकार ने कोरोना को हल्के से लिया था मगर इस बार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इस पर गंभीरतापूर्वक पहल की है। अब वे चीन में कोविड की स्थिति का संज्ञान लेकर इससे गंभीरता से निपट रहे हैं। हम तैयार हैं और पर्याप्त उपाय किये हैं। जैसे ही मामले बढ़ेंगे, हम तत्काल कदम उठायेंगे। हमने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ बातचीत की है। चीन और ऐसे अन्य देशों से आगे की उड़ानें और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को रोका जाना चाहिए। हमने भी हमारे विभाग के साथ बैठक की है। दूसरे देश जिस तरह से कोरोना को झेल रहे हैं, उसको देखते हुए हम पूरी तरह से तैयार हैं।

## कोरोना — अलर्ट रहें, चित्त को स्थिर किये रहें, जीतेंगे तो हम लोग ही!

# मास्क लगायें, हाथ धोयें, मजबूत बनें...मस्त रहें

**आनंद सिंह। रांची**



गौर करें तो दो साल हो गये। हम लोग कोरोना से ही लड़ रहे हैं। मन के किसी न किसी कोने में यह भय रहता ही है कि कोरोना गया नहीं। कभी भी आ जायेगा-दबे पांव। और देखिए न, आ ही गया। इस बार दबे पांव नहीं आया। भारी खून-खच्चर करके आया है चीन में। कितने लोग मर गये, पता ही नहीं चला। चीन की मीडिया आजाद नहीं है। वह चीजों को छुपाती है। अभी भी छुपा रही है। इसलिए हमें नहीं पता कि वहां कितने लोग वास्तव में मरे हैं।

भारत में भी दो मरीजों की पुष्टि हुई है। इनमें भी बीएफ.7 वायरस की पुष्टि हुई है। गुरुवार को केंद्रीय हेल्थ मिनिस्टर ने संसद में बयान पढ़ा। फिर एक घंटे बाद प्रधानमंत्री की सरपरस्ती में हाई लेवल मीटिंग हुई। तमाम माथा-पच्ची करने के बाद यह तय किया गया कि सोशल डिस्टेंसिंग के फार्मूले पर चलना है, मास्क लगाना है, हाथ बार-बार धोना है, खान-पान का विशेष ख्याल रखना है, टेस्टिंग-ट्रेसिंग के पुराने फार्मूले पर चलना है और इसे लेकर हाइप क्रिएट नहीं करना है। कम से कम आपदा में अवसर तो नहीं ही खोजना है।

कोरोना का यह वैरिएंट खतरनाक है। पहली लहर को याद करें, तब लोग मरे कम थे। दूसरी लहर ने तो सारे रिकॉर्ड ही तोड़ डाले थे। मोक्षदायिनी स्थलों पर लाश जलाने के लिए क्यू बनाना पड़ता था। हमारे दो-दो प्रियजन कोरोना की भेंट चढ़ गये। हम लोग अंतिम दर्शन मोबाइल पर करनेवाले अभागे रहे। प्रीकॉशनरी जो रूल्स बनाये गये थे, उनका अनुपालन तो करना ही होगा। कोरोना डर है। यह जज्बातों को कुचल देने वाली बीमारी है। इसे मुस्कुराते लोग पसंद नहीं। इसे तरक्की पसंद नहीं। इसने देश का ही नहीं, पूरी दुनिया का बेड़ा गर्क कर डाला। इसने पूरी इंसानियत को शर्मसार किया। इसने इंसान को इंसान से दूर किया। कुछ लोग कोरोना के बाद बाबा बन गये। कुछ लोग वैरागी हो गये। कुछ लोगों ने इस जगत को मिथ्या और मृत्यु को एकमात्र सत्य मान लिया। वे अब भी अडिग हैं। पर, यह तो पलायन के लक्षण हैं। लड़ना ही इंसानियत है। कोरोना है। यह पहले भी था, बीच में भी रहा, अब भी है। इससे लड़ने के तौर-तरीके हम इंसानों ने ही ईजाद किये हैं। ये कारगर भी रहे हैं। इसलिए, पैनिक में न जायें। यह बीमारी न बढ़े, इसके लिये दुआ और खुद से प्रयास करना होगा।

### खुद पर नियंत्रण रखें और केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन करें

**कोरोना** से बचने का फंडा साफ है : खुद पर नियंत्रण रखें और केंद्र सरकार ने जो टिप्स दिये हैं, उनका पालन करें। जिनके अपने जाते हैं, उन्हें पता होता है कि जाना किसे कहते हैं। लेकिन, जो गये सो गये। जो हैं, वो बरकरार रहें, उसके लिये यह जरूरी है कि हम लोग खुद भी अलर्ट रहें, दूसरों को भी करें। बीमारी है तो उसका इलाज भी है। बस, अलर्ट रहना है, चित्त को स्थिर किये रहना है। इस बार भी इंसानियत ही जीतेगी। यह 100 टके सत्य है।

# राज्य में संचालित निजी विवि के कार्यों की होगी जांच : सीएम

### सरकार ने जैन विश्वविद्यालय विधेयक-2022 को लिया वापस

### सोना देवी और बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय विधेयक सदन से पारित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



शीतकालीन सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में घोषणा करते हुए सीएम ने कहा कि राज्य में वर्तमान में संचालित 20 निजी विश्वविद्यालयों के कार्यों की जांच विधानसभा की कमेटी करेगी। सीएम ने इसके लिये स्पीकर से विधानसभा की कमेटी बनाने का आग्रह किया है। सदन में विपक्ष के भारी विरोध, सुझाव और आपत्ति के बाद सरकार ने सदन में जैन विश्वविद्यालय विधेयक-2022 को वापस ले लिया। जबकि सदन से सोना देवी और बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय विधेयक सदन से पारित हो गया। प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जैन विश्वविद्यालय विधेयक को वापस लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कई सदस्यों ने इस विधेयक पर अहम सुझाव दिये हैं। सरकार उन सुझावों को संपूर्ण रूप से विचार करने के बाद आगे का निर्णय लेगी। अभी यह विधेयक सरकार वापस लेती है।

### निजी विवि स्थापना का विपक्ष ने किया विरोध

**इससे** पूर्व गुरुवार को सदन में तीनों विश्वविद्यालय की स्थापना संबंधित विधेयक पर तीखी बहस हुई। विपक्षी विधायकों ने राज्य में संचालित पहले से निजी विश्वविद्यालयों की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि ये लोग सरकार से अनुमति प्राप्त कर लेते हैं। जमीन भी ले लेते हैं। सरकार का बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर तक हासिल कर लेते हैं, मगर अपना इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किये बिना केवल डिग्री बेचने का काम करते हैं। इस बीच सदन में माले विधायक विनोद सिंह ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य संविदाकर्मियों को नियमित किया जाये

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि जो लोग पहले से संविदा पर कार्यरत हैं, उन्हें तत्काल नियमित किया जाये और भविष्य में होनेवाली सभी नियुक्तियां नियमित पदों पर की जाये। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की अदालत ने यह आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि राज्य में 10 साल से अधिक समय से कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य पदों पर कार्यरत संविदा कर्मियों को नियमित किया जाये।

### सिल्ली कॉलेज में शोक सभा का आयोजन

सिल्ली। सिल्ली कालेज सिल्ली के लाइब्रेरियन गोल्लक बिहारी महतो (59) के निधन पर गुरुवार को कॉलेज परिसर में प्राचार्य डॉ मुकुंद महतो की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। मौके पर प्रो त्रिभुवन महतो, प्रो अनंत कुमार महतो, प्रो भवानंद चौधरी, प्रो नकुल चंद्र महतो, गुन्नू महतो, सुमंत महतो एवं कॉलेज के तमाम कर्मचारियों ने शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट मोन धारन कर श्रधांजलि अर्पित किया। जानकारी के मुताबिक सोनाहातु प्रखंड के सालबांदा गांव निवासी लाइब्रेरियन गोलक बिहारी महतो पिछले मंगलवार को कॉलेज से ड्यूटी कर घर पहूंचे तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गया। परिजनों ने बेहतर चिकित्सा के लिए उन्हें रांची रिम्स में भर्ती कराया जहां बुधवार को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

बेड़ो। बेड़ो के बिनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जयंती में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को चार ग्रुप में बांटकर बच्चों के बीच गणित के फॉमूर्ला से संबंधित सवाल , प्रोब्लम सॉल्विंग सवाल एवं महान गणितज्ञों से संबंधित सवाल पूछा गया। जिसमें ग्रीन हाउस को प्रथम,येलो हाउस को दूसरा एवम रेड हाउस को तीसरा स्थान मिला। मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों को बताया कि भारत में हर साल 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को पूरे देशभर में राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### भारतीय किसान कर्मठ और सत्यता की मूर्ति है

रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चैधरी बगान, हरित भवन के सामने, हरमू रोड, रांची में राष्ट्रीय किसान दिवस के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित कर अपने उद्बोधन में डा. बीके झा, वरिष्ठ वैज्ञानिक बिरसा कृषि विश्व विद्यालय ने कहा कि भारतीय किसान कर्मठ और सत्यता की मूर्ति है। वे बहुत ही मेहनती हैं। उसकी मेहनतकश जिन्दगी को सारा देश नमन करता है। किसान खेतों में कड़ी मेहनत करके अनाज पैदा करता है तभी भोजन हमारी थालियों तक पहुंच पाता है। ऐसे में हमसभी को अन्न ग्रहण करते समय किसानों को कोटी-कोटी धन्यवाद् करना चाहिए। प्रकृति तथा परिस्थितियों की विषमताओं से जूझने की क्षमता भारतीय किसानों में विद्यमान है। आधुनिकतम वैज्ञानिक साधनों को अपनाकर वह खेती करने के अनेक तरीके सीख रहा है। पहले की तुलना में वह अब अधिक अन्न उत्पादन करने लगा है। आगे उन्होंने कहा कि यदि भारत को उन्नतिशील और सबल राष्ट्र बनाना है तो पहले किसानों को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित डा0 उ×म, वरिष्ठ वैज्ञानिक बिरसा कृषि विष्व विद्यालय ने कहा जिस प्रकार एक माता अपने बच्चों का लालन-पालन त्याग तपस्या की साधना से करती है।

# सुचारु तरीके से चला प्रश्नकाल



**बीजेपी विधायक के प्रदर्शन के दौरान ही स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के प्रयास में जुटी है**

**नवीन मेल संवाददाता।**

**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन भी विधानसभा परिसर में भाजपा विधायकों की तरफ से स्थानीय नीति समेत अन्य समसामयिक मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया गया। रिम्स की कथित बदहाली को लेकर सदन के बाहर कांके विधायक समरी लाल कंबल ओढ़कर फर्श पर लेट गये। उन्होंने इस दौरान मरीज बनकर और फर्श पर लेटकर रिम्स में मरीजों को होनेवाली परेशानियों की ओर सरकार का ध्यान अवगत कराया। विधायक समरी लाल ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को ना तो बेड मिलता है, ना ही ठंड में उन्हें कंबल दिया जा रहा है। मरीज ठंड में बिना बेड के फर्श पर ही लेटकर इलाज कराने को विवश हैं। विधायक ने कहा कि स्लाइन चढ़ाने के लिए मरीजों को स्टैंड तक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा और परिजन हाथ में पकड़कर स्लाइन चढ़ने को विवश हैं। उन्होंने सरकार को रिम्स में सुधार के लिए कमिटी का गठन करने का सुझाव दिया ताकि मरीजों का उचित इलाज हो सके। बीजेपी विधायक के प्रदर्शन के दौरान ही स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के प्रयास में जुटी है। इसके अलावे अन्य विधायकों ने भी कई मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। विरोधी दल के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि इस सरकार में झारखंड की बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। अपराधियों को सरकार संरक्षण दे रही है। ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है। प्रदर्शन में भाजपा विधायक राज सिन्हा, नीरा यादव, शशिभूषण मेहता, रणधीर सिंह, भानु प्रताप शाही, अमर बाउरी, ढुल्लू महतो शामिल थे।

इधर, विधानसभा में प्रश्न काल से पहले विधायकों ने अपने क्षेत्र से संबंधित कई सूचनाएं दी, जब यह क्रम कुछ लंबा चलने लगा तो विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि उन्हें इसके लिए एक अलग सूचना काल बनाना पड़ेगा। बाद में सदन में प्रश्न काल लगभग सुचारु तरीके से चला जिस दौरान विधायकों ने जनहित से जुड़े कई सवाल पूछे और प्रभारी मंत्रियों ने उसका जवाब दिया।

## ग्रामीणों ने आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की

**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड के मक्का पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण गुरुवार को बुढ़मू थाना पहुंचे।, और थाना पहुंचकर बीते दिनों मंगलवार की रात को मक्का गांव में मारपीट कर घायल किए गए बलराम यादव के सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की, और सभी आरोपियों को पकड़ कर कड़ी कानूनी करवाई करवाने की मांग की। बुढ़मू पुलिस मामले को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए मक्का गांव पहुंचकर एक आरोपी चुरामन साहू को गिरफ्तार किया है। और ग्रामीणों को बुढ़मू पुलिस ने आश्वासन दिया कि बाकी अन्य दोषी आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर कार्रवाई करेंगे। इस दौरान ग्रामीणों ने बुढ़मू पुलिस से दोषी आरोपियों को गिरफ्तार कर जल्द कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस विभाग के पदाधिकारियों ने कहा कि बलराम यादव घटना में शामिल अन्य सभी आरोपियों को बुढ़मू पुलिस गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है।

## सड़क : भतीजी को घर ले जा रहे चाचा की दुर्घटना में मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** गुरुवार सुबह भतीजी को स्कूल से लेने जा रहे चाचा की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी। घटना नामकुम थानाक्षेत्र के रांची टाटा रोड पर जामचुंआ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय समीप की है। बताया जा रहा है कि लाली गांव के महुवाटोली का रहनेवाला राजेश महतो अपने बडे भाई रंथुवा महतो की बेटी शिवानी कुमारी को क्रिसमस की छुटटी हो जाने पर कस्तूरबा स्कूल से लेने जा रहा था। उसी दौरान रांची से टाटा जा रही जय पवनपुत्र बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी नामकुम पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवाया और दुर्घटना के बाद भाग रही बस को पुलिस ने दशम फॉल थाना क्षेत्र में पकड़ लिया। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि मृतक के छोटे भाई राजू महतो के बयान पर पुलिस ने बस चालक पर लापरवाही से बस चलाते हुए राजेश की जान लेने की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इधर, पुलिस ने देर शाम को राजेश का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद राजेश का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## पर्यटकों के लिए सुगम सुविधाओं पर हुई चर्चा

# राज्य में रोजगार को मिलेगा बढ़ावा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** निदेशक पर्यटन, अंजलि यादव (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में गुरुवार को होटल बिरसा विहार में झारखण्ड पर्यटन विभाग की 'झारखंड पर्यटक व्यापार पंजीकरण नियम' के अंतिम प्रारूप को तैयार करने हेतु समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में निदेशक पर्यटन ने वहां उपस्थित राज्य के सभी स्टेक धारक, ट्रैवल एजेंट, एफ.जे.सी.सी.आई. अध्यक्ष, यात्रा और व्यापार उद्योग के स्टकेधारक, परिवहन सेवा प्रदाता, होटल व्यवसाइयों को पर्यटन क्षेत्र से संबधित सभी आवश्यक निर्देश दिए। निदेशक पर्यटन ने कहा कि विभाग राज्य में पर्यावरण पर्यटन के क्षेत्र में कई सार्थक पहल शुरू करने जा रहा है, जिसमें राज्य के बहुत से पर्यटन स्थल शामिल होंगे। पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की सहजता के लिए आवासीय सुविधाओं को सुगम स्वरुप दिया जाएगा। बैठक में राज्य के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की सहभागिता देखने को मिली। झारखण्ड प्रदेश में साहसिक पर्यटन के बढ़ावे पर चर्चा हुई, जिसमें अधिकांश भूमि स्थलों वाले पर्यटन स्थलों को शामिल किया जायेगा। पंजीकरण नियम विनियमन पर बैठक में आये सभी सदस्यों से उनका मत लिया गया जोकि, भविष्य में विभाग के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। बैठक में पर्यटन विभाग की ओर से अवर सचिव संतोष कुमार चौबे उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने मध्याह्न भोजन को लेकर बीपीओ से की शिकायत

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुडाबेहरा स्कूल में मध्यान भोजन खाने से बच्चे बीमार हो गए थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि संयोजिका के द्वारा अंडा घर से ही बनाकर उसको लाया गया था जिससे बच्चे अंडे को खाते ही तबीयत बिगड़ने लगी। तबीयत बिगड़ते हुए देख स्कूल के शिक्षक ने सिल्ली रेफरल अस्पताल जहां बच्चों को इलाज कराने के बाद घर लेकर जाया गया। सूचना मिलते हैं बीपीओ सीआरपी स्कूल पहुंचे और ग्रामीणों की शिकायत को सुना उसके बाद एसएमसी को भंग कर नए एसएमसी चुनाव कराने का आश्वासन दिया गया। इस संबंध मे शिक्षा पदाधिकारी विमल कांत झा से पुछने से उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से हमें इसकी सूचना मिली है माध्यम भोजन की गड़बड़ी के संबंध में एसएमसी को भंग कर नए का चयन किया जाएगा।

## हाथियों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत फसलों को किया बर्बाद

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के किसान इन दिनों हाथियों से परेशान है रात के समय हाथियों का झुंड किसानों के खेत में जमकर तांडव मचाते हैं कई किसानों के खेतों में लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से दोवाड़ू पंचायत के मुरहू, गोरहा, तुंकु के इलाके में हाथियों ने दहशत फैला रखी है अब तक कई किसानों की फसल बर्बाद हो चुकी है खेती के दौरान कभी उनकी फसलों को सूखा, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदा को झेलना पड़ता है तो कभी जंगली जानवरों से। सिल्ली प्रखंड के मुरहू गांव में बीती रात जंगली हाथियों ने जमकर आतंक मचाया रात में हाथियों का झुंड आ पहुंचा जिसमें कई किसानों के फसलों को रौंद डाला इनमे मेघनाथ महतो के एक एकड़ खेत पर लगे खड़ी फसल आलू टमाटर, मटर, बैगन, तथा बाघम्बर महतो के लौकी, रासबिहारी महतो के खलियान में धान खाकर रौंदकर फसल को जंगली हाथियों ने नष्ट कर दिया।

# स्वरोजगार को लेकर जागरूकता बढ़ेगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम ।** एस जी आर एस प्राइवेट लिमिटेड टाटीसिलवे के प्रांगण में हुनर प्रतियोगिता के साथ साथ कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का मुख्य अतिथि टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली ने बताया कि इस तरह के आयोजन से युवक युवतियों में स्वरोजगार को लेकर जागरूकता बढेगा । एसजीआरएस संस्था के प्रबंधक प्रियंका कुमारी ने बताया संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व सुदूरवर्ती क्षेत्र से आनेवाली महिलाओं को शसक्त करना। मौके पर स्टेट मोबलाइजेशन अब्दुल जबार अंसारी डिप्युटी मोबलाइजेशन हम्माद दानिश उज्जवल भारद्वाज दीपक रंजन अरुण कुमार मिश्रा आकाश महतो समेत सैंकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 36 वें वार्षिक उत्सव का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के शिष्यों की एक अति आवश्यक बैठक विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज, हरमु रोड़, स्थित सत्संग भवन में बृहस्पतिवार को अपराह्न 2 बजे 4 बजे तक हुई। बैठक का आयोजन परमपूज्य संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा प्रत्यके वर्ष होने वालीं श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा एव 151 निर्धन जोडो का आदर्श सामुहिक विवाह के आयोजन को लेकर हुई। परमपूज्य संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज का आशीर्वाद हमे पिछले 35 वर्षो से मिलता आ रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चार दिवसीय 6 जनवरी से 9 जनवरी 2023 तक भागवत भास्कर श्री श्री सदानंद जी महाराज अपनी सुमधुर वाणी से हम रांची वासियों को गीता प्रवचन, श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा भजनो एवं सत्संग का रसपान करायेंगे।

**मुद्दा** | **सहारा इंडिया ने झारखंड के लोगों का पैसा गबन**

# कमेटी बनाकर सुब्रत राय को बुलाया जाए




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सदन में ध्यानाकर्षण के जरिए सहारा इंडिया द्वारा झारखंड के लोगों का पैसा हड़पने का मामला उठाया। गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज्य सरकार से पूछा कि जमाकर्ताओं का पैसा निकालने के लिए क्या किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सिर्फ गोमिया रीजन से जमाकताओं का 500 करोड़ का भुगतान राशि बकाया है। इसमें निवेशकों का मूलधन करीब एक अरब 70 करोड़ है, जो ब्याज लेकर सहारा मुख्यालय से जमाकर्ताओं को वाउचर के माध्यम से 500 करोड़ रुपया जमाकर्ताओं को देनी है। गोमिया रीजन कार्यालय में करीब 16 ब्रांच आते हैं और जमाकताओं संख्या करीब एक लाख है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं अगर देनदारी की बात की जाए और करीब एक सौ करोड़ रुपए का मामला है। निवेशकों को पैसा नहीं लौटाने के कारण कितने लोगों ने खुदकुशी भी कर ली है। उन्होंने कहा कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र के तीन प्रखंडों से सहारा इंडिया ने तीन सौ करोड़ रुपए से अधिक की राशि हड़प लिया है। पेटरवार प्रखंड के पांच हजार से अधिक निवेशकों के सात करोड़, गोमिया प्रखंड के अठारह हजार निवेशकों के 274 करोड़ रुपए और कसमार प्रखंड के सात से अधिक निवेशकों के सात करोड़ रुपए हड़प लिए हैं। सिर्फ विधानसभा क्षेत्र में करीब 300 करोड़ रूपया सहारा ने निवेशकों का हड़प करके रखा है। इस पर राज्य सरकार की ओर से जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि सहारा इंडिया का मामला राज्य सरकार के अधीन नहीं आता है। गोमिया विधायक ने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है। गरीब, मजदूर और निम्न मध्यमवर्गीय परिवार का सहारा इंडिया पैसा हड़प हुआ है। इसकी गंभीरता को देखते हुए विधानसभा के द्वारा एक विशेष कमेटी बनाई जाए। उन्होंने मांग किया कि सहारा इंडिया के प्रमुख सुब्रत राय को उस कमेटी के सामने पेश कराया जाए। उन्होंने कहा कि देशभर के 3 करोड़ जमाकताओं ने कुल 24 हजार करोड रुपए जमा कराए हैं। जिसमें से अब तक मात्र 5 हजार 120 करोड़ दावाकर्ताओं को मिले हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार जमा कर्ताओं के पैसे को लेकर चिंतित है। सहारा इंडिया से लगातार पत्राचार किया जा रहा है।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,रामगढ़ (आपूर्ति शाखा)**

**आम सूचना**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रजरप्पा थाना काण्ड संख्या –124 / 2021 में जब्त मालवाहक टेम्पू संख्या–JH24F-6990 एवं 04 क्वि0 गेंहू की नीलामी दिनांक 30 / 12 / 2022 को 11: 30 बजे पूर्वा0 में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रामगढ के अध्यक्षता में रजरप्पा थाना परिसर में की जायेगी। टेम्पू रजरप्पा थाना में खडी है जिसका अवलोकन किया जा सकता है। उच्चतम बोली लगाने वाले व्यक्ति को टेम्पू एवं गेंहू हस्तगत कराया जायेगा।

आदेशानुसार
ह0 / –
जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रामगढ़

PR 285714 Food Public Distribution and Consumer Affairs(22-23)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/KHUNTI/32/2022-23

कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी जिला के खूँटी प्रखण्ड में सिल्दा कालामाटी पथ पर उरॉव मसना के पास कॉची नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 4,00,87,700 / – | 8,02,000 / – | 10,000 / – | 18 माह |

2. वेबसाइट मे निविदा प्रकाशन की तिथि – 30 / 12 / 2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –16 / 01 / 2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी / मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय 17 / 01 / 2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची
6. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18 / 01 / 2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 6202402505
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

PR 285676 Rural Development (22-23)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना-43/2022-23**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.01.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 05.01.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 05.01.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, राँची, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग छोटानागपुर अंचल, राँची एवं नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Sprinkle System in the Campus of Rajbhawan Ranchi | 772650.00 | 15500.00 | 1250.00 | Two Months |
| 2 | Renovation of Outer Surface and Roof of B- type Quarter No.-13 to 18 (24 Set) at Police Line, Kanke Road Ranchi | 695150.00 | 14000.00 | 1250.00 | Two Months |
| 3 | Renovation of B type Quarter No.-18/18 Secretariat Colony at Hinoo Ranchi | 399450.00 | 8000.00 | 750.00 | Two Months |
| 4 | Renovation of C type Quarter No.-05/18 at Secretariat Colony at Hinoo Ranchi | 593900.00 | 11900.00 | 1250.00 | Two Months |
| 5 | Renovation of C type Quarter No.-55 (One Unit) at Ratu Road Ranchi | 595350.00 | 12000.00 | 1250.00 | Two Months |
| 6 | Renovation of Women Polytechnic Hostel No.-01 (One Unit) at New Nagra Toli, Ranchi | 503400.00 | 10100.00 | 1250.00 | Two Months |
| 7 | Renovation of All Barrack at Gate No.-3 and Gate No-4 in the Campus of Rajbhawan, Ranchi | 2170500.00 | 43500.00 | 5000.00 | Two Months |
| 8 | Renovation of Stenographer Quarter No.-3/3 at Kanke Road, Ranchi | 590200.00 | 11900.00 | 1250.00 | Two Months |
| 9 | Renovation of C type Permanent Quarter No.-7/16 (New) at Line Tank Road, Ranchi | 592950.00 | 11900.00 | 1250.00 | Two Months |
| 10 | E/R to Parking Shed & Boundary wall in C.O.B. (B.C.D.) Campus at Line Tank Road Ranchi | 245700.00 | 5000.00 | 500.00 | Twenty Days |
| 11 | E/R to C type Quarter No.-1 Block No-11 at Audrey House Ranchi | 245950.00 | 5000.00 | 500.00 | Twenty Days |
| 12 | Construction of Flower Stand, laying of Pebbles and Supplying of Other Garden Materials in the Hon'ble High Court of Jharkhand, Judges Guest House No.-132, Judges Quarter No.-01,19, Judges Bungalow No.-119 (JAP Campus ) and Judges Bungalow No.-03 (Rajendra Chowk) at Ranchi | 2598100.00 | 52000.00 | 5000.00 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 285693 Building(22-23)#D

## NEWS इन ब्रीफ

### बच्चों के स्कूली दस्तावेज से मैच नहीं कर रहा आधार का डिटेल

रांची। झारखंड के सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति देने के लिए उनका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो रहा है। इसमें छात्र-छात्राओं के दस्तावेज के साथ-साथ उनके आधार कार्ड की जानकारी देनी पड़ रही है, लेकिन स्कूल के दस्तावेज व आधार कार्ड के दस्तावेज की जानकारी नहीं मिल पा रही है। सबसे ज्यादा परेशानी उनके नाम को लेकर है। छात्र-छात्राओं के नाम की स्पेलिंग अलग हो जाने से प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है। स्कूल के दस्तावेज में किसी का नाम संदीप (एसएएनडीईईपी) है तो आधार पर में एसएएनडीआईपी होने से परेशानी हो रही है। इसी तरह विनोद (वीआईएनओडी) के नाम में बीआईएनओडी हो गया है।

### राजकीय पॉलिटेक्निक में राष्ट्रीय गणित दिवस मना

रांची। चर्च रोड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में गुरुवार को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। सबसे पहले छात्र-छात्राओं ने डॉ शोभा अग्रवाल के नेतृत्व में सरस्वती गान किया। इसके बाद सभी ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रचार्य विनोद प्रसाद सिन्हा ने राष्ट्रीय गणित दिवस की उपयोगिता बताते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रोफेसर स्नेह कुमार, प्रोफेसर राजेश प्रसाद और प्रोफेसर शोभा अग्रवाल ने गणित दिवस पर प्रकाश डाला। डॉ मनोज प्रसाद ने रामानुजन के इनफिनिटी को रोचक ढंग से उनके सिद्धांत द्वारा साबित कर दिखाया। अंत में डॉ मनोज कुमार द्वारा गणितीय क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्रों ने भाग लिया।

### फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग

रांची। फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल में गुरुवार को क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनायी गयी। जिसमें प्लेग्रुप से क्लास 8 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। क्रिसमस के मौके पर परिसर को क्रिसमस थीम से सजाया गया था। बच्चों ने सांता क्लॉज बन कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों के बीच टॉफियां और उपहारों का वितरण किया गया। बच्चों ने जीसस क्राइस्ट के जन्मदिन को लेकर लघु नाटक प्रस्तुत किया। प्रभु यीशु के जन्म को दशार्या गया। इसके बाद बच्चों ने प्रभु यीशु, मरियम, संत युसूफ का रूप धर उनके जीवन को दशार्या। डायरेक्टर कल्पना सोरेन ने क्रिसमस गैदरिंग पर बच्चों को संदेश दिया। प्रशासक प्रमोद कुमार ने कहा कि क्रिसमस प्रेम तथा एकता का प्रतीक है। प्रभु यीशु का जन्म इसलिए हुआ ताकि सभी का जीवन सार्थक हो सके।

### महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी संपन्न

रांची। महिला काव्य मंच, पूर्वी रांची जिला इकाई की मासिक गोष्ठी गुरुवार को ऑनलाइन हुई। इसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सारिका भूषण ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए मंच की उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने सभी के योगदान की सराहना करते हुए अपने पुस्तकों के लोकार्पण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। गोष्ठी में रंजना झा, रेखा पांडेय, रेणु झा रेणुका, रेखा जैन, सुनीता अग्रवाल, बिंदु प्रसाद, मधुमिता साहा, प्रतिमा त्रिपाठी, सोनल थेपरा, अनुपम श्री और पुष्पा सहाय ने कविता पाठ किया। संचालन रेणु झा ने किया।

### आरके चौधरी बने झारेरा के चेयरमैन

रांची। झारखंड रियल इस्टेट रेगुलेटरी आथोरिटी (झारेरा) का चेयरमैन आरके चौधरी को बनाया गया है। वहीं वीरेंद्र भूषण को झारेरा का सदस्य बनाया गया है। अब रेरा के पेंडिंग मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी। चूंकि दो महीने से रेरा के अध्यक्ष का पद खाली होने के कारण कोर्ट में सुनवाई नहीं हो रही थी। वहीं लगातार कंप्लेन की वजह से आवेदकों की लिस्ट लंबी हो गई है।

## मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने किया नगड़ी प्रखंड का दौरा

# योजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी द्वारा नगड़ी प्रखण्ड के साहेर ग्राम का दौरा किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,नगड़ी सहित राज्य, जिला एवं प्रखण्ड स्तर के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक रूप से स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रामीणों का उत्साहवर्धन करने के लक्ष्य को साझा करने के लिए ग्रामीणों से बात-चीत की। मौके पर मनरेगा आयुक्त द्वारा ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि हमें योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। जिससे हर व्यक्ति स्वावलंबन और आत्मविश्वास को सिद्ध कर सके।



उन्होंने कहा कि साहेर के ग्रामीणों का यह उत्साह देखकर प्रतीत होता है कि विकास की ओर हम सभी अग्रसर हैं। साथ ही रांची जिला पूरे राज्य के लिए सही उदाहरण बन कर उभरेगा। उन्होंने इन कार्यों को सफल रूप प्रदान करने के लिए जनसामान्य की सराहना की है। साथ ही इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए ग्रामीणों का आत्मबल भी बढ़ाया। उन्होंने ग्रामीणों को खेती के साथ-साथ मनरेगा की योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के

**मनरेगा आयुक्त द्वारा मेधा मिल्क डेयरी प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया गया**

**ग्रामीणों को खेती के साथ-साथ मनरेगा की योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया**

तहत संचालित योजनाओं के प्रति ग्रामीणों का उत्साह और आत्मविश्वास से भरी परिवर्तन की ललक सराहनीय है। नगड़ी प्रखंड भ्रमण के दौरान मनरेगा आयुक्त द्वारा मेधा मिल्क डेयरी प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया गया। मनरेगा आयुक्त द्वारा दुधारू पशुओं के स्वास्थ एवं दुग्ध उत्पादन, बिक्री की जानकारी ली गई। साथ ही बायोगैस प्लांट के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। साथ ही मनरेगा आयुक्त कहा गया कि मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा बढ़े, उन्हें ज्यादा कार्य करने का मौका मिले और पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ बैठक कर पंचायत सचिव को मनरेगा की गतिविधियां की जानकारी भी देने का निर्देश भी दिये।

इसी कड़ी में मनरेगा आयुक्त ने नगड़ी प्रखण्ड के साहेर गाँव में बिरसा हरित ग्राम योजना का अवलोकन किया। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगभग 500 आम, केला एवं पपीता के पौधे हैं एवं लगभग 3,000 सागवान, शीसम एवं गमहार के पौधे शामिल हैं। उन्होंने ग्रामीणों से बिरसा हरित योजना के तहत किये गए कार्यों की जानकारी ली एवं उन्हें प्रोत्साहित भी किया।

## तीन दिवसीय चिकित्सा सेवा शिविर का निबंधन कार्य 25 से

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं मारवाड़ी सहायक समिति के संयुक्त तत्वधान में तथा कंचन सेवा संस्थान उदयपुर (राजस्थान) के सहयोग से तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में किया गया है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने संयुक्त रूप से बताया है कि रांची जिले में पहली बार आयोजित इस तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर में उदयपुर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कमर का दर्द एवं घुटना का दर्द का इलाज एवं उपचार प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से किया जाएगा। कंचन सेवा संस्थान उदयपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ० छैल बिहारी शर्मा ने बताया है कि कमर दर्द, घुटने दर्द तथा रीढ़ की हड्डी का दर्द का इलाज बिना ऑपरेशन प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा किया जायेगा। इस सर्व रोग निवारण प्रकृतिक चिकित्सा शिविर में मरीजों को किसी प्रकार की साइड इफेक्ट नहीं होती है। तथा हताश, निराश, असहाय, वर्षों से बीमार परेशान मरीज इस चिकित्सा की किरण से उनके जीवन में उस नई उत्साह उमंग एवं स्वास्थ्य प्रदान करेगी। मारवाड़ी सहायक समिति के सचिव कौशल राजगढ़िया एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि मारवाड़ी भवन में निबंधन का कार्य 20 दिसंबर से प्रारंभ है। तथा 250 मरीजों का ही निबंधन होगा एवं उनका ही इलाज होगा। शिविर में मरीजों को तीनों दिन चिकित्सकों द्वारा तय सीमा के अनुसार आना होगा।

## ट्रैफिक जाम का मामला उठाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची** । जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सरकार के पथ निर्माण विभाग से अपने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से पूछा है कि क्या सरकार पथों, पुलों, उपरी पथों के निर्माण की योजना तैयार करते समय वाहनों के परिचालन का घनत्व संबंधी व्यापक एवं से अध्ययन करती है? क्या जमशेदपुर एवं समीपवर्ती इलाकों तथा मानगो, जुगसलाई, आदित्यपुर आदि क्षेत्रों में वाहनों के परिचालन में काफी वृद्धि होने के कारण जगह-जगह टैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है? क्या जमशेदपुर के लिट्टी चैक से एनएच-33 तक स्वर्णरेखा पर पुल एवं पहुंच पथ बनने, कान्दरबेड़ा-सोनारी टू-लेन पथ का फोर-लेन में उन्नयन होने तथा अन्ना चैक चौक से पिपला-गोविन्दपुर के बीच उपरि पथ बन जाने से मानगो पर टैफिक का दबाव घट जायेगा और मानगो-जमशेदपुर फ्लाई



ओवर की उपयोगिता नहीं रह जाएगी? सरकार ने श्री राय के प्रश्न के उत्तर में कहा कि जमशेदपुर शहर, देश का एक प्रगतिशील एवं राज्य का प्रतिष्ठामूल्क औद्योगिक शहर है, जहां टाटा समूह की कई कंपनियाँ, जैसे - इसको टाटा मोटर्स, टीन-प्लेट, टीमकन, ट्यूब डिवीजन, इत्यादि के अतिरिक्त अन्य कई माध्यम एवं लघु औद्योगिक इकाइयां स्थापित है। जमशेदपुर शहर एनएच-33 पर अवस्थित है, जिससे पैसेंजर वाहनों के अतिरिक्त मुख्यता इन औद्योगिक इकाइयों के लिए वाहनों का परिचालन होता है और जोगी के इकाइयों के लिए संपर्क का सुगम एवं उन्नत रहने की आवश्यकता है।

## डीएवी नंदराज में कौशल प्रशिक्षण शिविर शुरू

**रांची।** डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय नैतिक शिक्षा (वैदिक) कौशल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। उद्घाटन पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा, आर्य ज्ञान प्रचार समिति के निदेशक एलआर सैनी व आचार्य नरेश ने किया। आचार्य नरेश ने कहा कि श्रेष्ठता कर्म से आती है। ईश्वर की आवाज सुनें। वेद को मानवीय संविधान मान उसी के अनुसार आचरण करें। माता-पिता और गुरु श्रेष्ठ बनेंगे तो बच्चे स्वयं अच्छे बन जाएंगे। कड़िया मुंडा ने कहा कि इस तरह के कैंप से बच्चों में संस्कार का भाव आएगा। इससे समाज को अच्छी दिशा मिल सकेगी। एलआर सैनी ने कहा कि चरित्र अमूल्य पूंजी है, यदि इसे ठीक कर लिया जाए तो अच्छा डॉक्टर, इंजीनियर और आफिसर बनना आसान हो जाता है। यह जीवन का मूल है।

## पीजी विभाग को शुरू करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू)का प्रतिनिधिमंडल अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में योगा विभाग की डायरेक्टर से मुलाकात की एवं उन्हें योग विभाग के यूजी सेमेस्टर 2020-23 के छात्र छात्राओं के सेशन लेट समस्या से अवगत कराया। मौके पर मौजूद आजसू पीजी विभाग अध्यक्ष रोहित चौधरी ने कहां की सेशन 2020-23 के ढाई वर्ष बीत जाने के बावजूद केवल दो ही सेमेस्टर की परीक्षा हुई है जबकि आने वाले अगले 06 महीने में 04 सेमेस्टर की परीक्षा करवानी है, इसे लेकर छात्र-छात्राओं में काफी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वही मौके पर मौजूद आजसू पीजी विभाग वरीय उपाध्यक्ष सपन कुमार सिंह ने कहा यह काफी गंभीर विषय है और आए दिन विश्वविद्यालय में सेशन लेट की समस्या होती रहती है जिससे छात्र-छात्राएं परेशान और हताश होते हैं। योगा विभाग



**विश्वविद्यालय में सेशन लेट की समस्या होती रहती है जिससे छात्र-छात्राएं परेशान और हताश होते हैं**

की डायरेक्टर ने रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से बात कर सभी छात्र छात्राओं को आश्वस्त किया के जनवरी के पहले सप्ताह में योगा विभाग सेमेस्टर 02 का परीक्षा फल प्रकाशित कर दिया जाएगा और 15 जनवरी के बाद सेमेस्टर थ्री की परीक्षा ली जाएगी। वही उन्होंने यह भी आश्वासन दिया के उनके तरफ से हर संभव प्रयास किया जाएगा की छात्र छात्राओं का सेशन तय समय सीमा के अंदर पूर्ण करा दिया जाए। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से रांची विश्वविद्यालय वरीय उपाध्यक्ष राहुल तिवारी, विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, रोहित चौधरी, स्वपन कुमार सिंह, अविनाश कुमार, प्रज्ञा कुमारी, सुनिधि कुमारी, गीतांजलि कुमारी, आकृति कुमारी, आर्यन कुमार, सूरज, विपुल,लव कुमार,अमित समेत कई अन्य छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## ईश्वर की नजर में साधारण व्यक्ति ही है असाधारण

**रांची।** संत पॉल्स कॉलेज में धन्यवाद आराधना व क्रिसमस कैरौल सर्विस का आयोजन गुरुवार को किया गया। मुख्य अतिथि बिशप राइट रेव्ह बीबी बास्के ने कहा कि ईश्वर साधारण व्यक्ति को ही अपने विशेष व सारगर्भित कार्य के लिए चुनता है। इसे उदाहरण स्वरूप हम बाइबल में वर्णित शमौन-हन्ना और साधारण गड़ेरियों के जीवन में देखते हैं। इसलिए ईश ?वर की दृष्टि में साधारण व्यक्ति ही असाधारण है, जो उसके प्रायोजन में शामिल किए जाते हैं।

इसके पूर्व आराधना विधि की शुरूआत शाम 5 बजे कॉलेज सभागार में ओपनिंग प्रेयर से हुई। इसमें वर्ष भर की सभी आशीषों के लिए विशेष धन्यवाद सामूहिक रूप से किया गया, जिसका संचालन कॉलेज सचिव रेव्ह पीटर बारला ने किया।

## क्षेत्रीय व जनजातीय भाषाओं पर संगोष्ठी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र ,कोलकाता संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वधान में एवं जगन्नाथनगर महाविद्यालय धुर्वा के सहयोग से आज दिनांक 22 दिसंबर 2022 को जगन्नाथ नगर महाविद्यालय धुर्वा रांची में एक दिवसीय क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं पर एक संगोष्ठी का आयोजन इनके संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सोमा मुंडा पूर्व सहायक निदेशक, ट्राईबल रिसर्च इंस्टीट्यूट डॉ रामदयाल मुंडा शोध संस्थान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री ब्रज किशोर सिन्हा प्राचार्य जगन्नाथ नगर महाविद्यालय, डॉक्टर उमेश नंद तिवारी, पूर्व विभागाध्यक्ष रांची विश्वविद्यालय, डॉ शकुंतला मिश्रा एवं कार्यक्रम समिति सदस्य झारखंड चंद्रदेव सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इस एकदिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया इस संगोष्ठी में कुल 17 भाषा विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रकट के जिनमें मुख्य रूप से डॉ विनोद कुमार, डॉक्टर मेरी एस सोरेंग, दमयंती सिंकु, डॉक्टर दीनबंधु महतो, एंथोनी मुंडा, डॉक्टर सिकरा दास तिर्की, डॉ हरीश कुमार चौरसिया ,डॉक्टर सरस्वती गर्गराई, डॉक्टर राकेश किरण , डॉक्टर डुमिनी माय मुर्मू, डॉक्टर पार्वती मुंडू, डॉक्टर ट्रेसा टुडू, अरुण अमित तिग्गा, डॉक्टर रामजय नायक ने क्षेत्रीय भाषाओं और संवर्धन पर अनेक बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्रीय और जनजातीय भाषाओं के संरक्षण और विकास के लिए एक रूपरेखा तैयार की गई ।

## विधायक ने विस में राशन डीलरों का मामला उठाया

**रांची।** आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सदन में प्रश्नकाल के दौरान जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों( राशन डीलरों) को समय पर कमीशन नहीं मिलने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को 16 महीने से कमीशन की राशि नहीं मिली है। इस वजह से उनके समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने राज्य सरकार से शीघ्र कमीशन भुगतान करने की मांग की। इसके जवाब में प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभुकों को एक रुपया प्रति किलो की दर से जन वितरण प्रणाली की दुकानों से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। डीलरों को यह एक रुपया कमीशन के रूप में जाता है।

## आवास बोर्ड के क्वार्टरधारियों को बेघर होने से बचाये सरकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने अपने विधानसभा क्षेत्र के आईईएल स्थित झारखंड आवास बोर्ड के क्वार्टरों में रहने वाले परिवारों को रहने देने, बेघर नहीं करने और इसे नियमित करने की मांग की है। उन्होंने झारखंड विधान सभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन आज गुरुवार को यह यह मांग शून्य काल में सदन के माध्यम से राज्य सरकार से की है। उन्होंने सदन में कहा है कि बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत आई ई एल स्थित झारखंड राज्य आवास बोर्ड द्वारा विगत कई वर्षों से रह रहे क्वार्टर धारियों को बरसात के समय में 57 क्वार्टर धारियों का जबरन क्वार्टर सील कर दिया गया है। इससे 5000 से ज्यादा लोग



बेघर हो गए हैं और सड़क पर जीवन गुजर-बसर करने को बाध्य होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पुनः 150 क्वार्टर धारियों के करीब 1000 लोगों को बेघर किया जा रहा है। साथ ही अगले चरण में करीब 800 क्वार्टर में रहने वाले करीब 4000 से ज्यादा लोगों को बेघर करने की तैयारी चल रही है। यह कार्रवाई जनहित एवं राज्य हित में बिल्कुल उचित नहीं है। इस पर रोक लगायी जाय।

## देश को सफलता | एसबीआई के संयुक्त तत्वावधान में सिग्नेचर कैम्पेन का आयोजन

# जी-20 की मेजबानी देश के लिए गर्व की बात

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय अन्तर्गत पत्र सूचना कार्यालय एवं केन्द्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा आयकर विभाग, रांची एवं एसबीआई के संयुक्त तत्वावधान में भारत के जी20 की अध्यक्षता पाने पर गुरुवार को सिग्नेचर कैम्पेन का आयोजन किया गया। एसबीआई डोरण्डा शाखा के प्रांगण में आयोजित इस कैम्पेन में मुख्य आयकर आयुक्त, रांची डॉ अमरवीर सिंह इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पीआईबी-सीबीसी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्र ने की, वहीं एसबीआई, डोरण्डा शाखा की सहायक जनरल मैनेजर सविता कुमारी एवं रांची की मशहूर योग शिक्षिका तथा योगा बियोंड रीलिजन की संस्थापक



राफिया नाज ने विशिष्ट अतिथि के रूप में इसमें हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि डॉ अमरवीर सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह बड़े हर्ष का विषय है कि सूचना प्रसारण मंत्रालय के इन विभागों द्वारा हमारे देश को जी20 की अध्यक्षता मिलने के उपलक्ष्य में इस सिग्नेचर कैम्पेन का एसबीआई के साथ मिलकर आयोजन किया है। जी20 की अध्यक्षता मिलना हमारे देश के लिए, हमारे देश वासियों के लिए एवं देश के नेतृत्व के लिए बड़े गौरव कि बात है। यह एक ऐसा अवसर है जब हमे अपने देश के शक्ति, सामर्थ एवं संस्कृति को विश्व के सामने रखने का अवसर मिलेगा। अपने सम्बोधन में पीआईबी सीबीसी के एडीजी अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि यह पूरे देश के लिए बहुत ही बड़ा आयोजन होगा, जिसकी तैयारियां अभी से शुरू हो

**इस सिग्नेचर केम्पेन में जैसे भारत सरकार के तीन विभाग एक साथ काम कर रहे हैं**

गईं हैं। ऐसे कार्यक्रम दशकों में कभी कभार ही किसी देश को आयोजित करने का सम्मान मिलता है। इस सिग्नेचर केम्पेन में जैसे भारत सरकार के तीन विभाग एक साथ काम कर रहे हैं, वैसे ही इसके सफल आयोजन हेतु सरकार के विभिन्न मंत्रालय और विभाग भी एक साथ मिलकर देशव्यापी स्तर पर कार्य कर रहे हैं और यह आयोजन पूरे विश्व के फायदे के लिए हो रहा है। एसबीआई, डोरण्डा शाखा की सहायक जनरल मैनेजर सविता कुमारी ने कहा कि भारत को जी20 की अध्यक्षता का मौका मिला है, यह एक बड़ा मंच है जिसमें विश्व के सभी प्रमुख देशों के अलावा यूरोपीय यूनियन भी शामिल है। यह हमारे लिए बड़ा मौका है कि हम अपने आप को दुनिया के सामने बेहतर ढंग से दिखा सके और प्रभाव छोड़ सकें। इसके लिए हमारी तरफ से इसके सफल आयोजन के लिए मेरी तरफ से शुभकामनाएँ। मशहूर योग शिक्षिका तथा योगा बियोंड रीलिजन की संस्थापक राफिया नाज ने अपना मत रखते हुए कहा कि पहली बारी जी20 की मेजबानी करने का यह जो सुअवसर भारत को मिला है, यह दशार्ता है कि हमने गुलामी की उन बेड़ियों को जो हमारे प्रगति को जकड़कर रखी थीं, उन्हे तोड़कर हम काफी आगे या चुके हैं। यह हम सभी के लिए गर्व का व्यक्त है जब भारत का परचम पूरे विश्व में लहराएगा।

## नगर निगम ने भीड़ वाले पार्किंग से हटाये ठेला-खोमचा वाले को




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने निगम क्षेत्रांतर्गत पार्किंग में अवैध रूप से संचालित ठेला, खोमचा को हटाने की कार्रवाई की। टीम ने न्यूक्लियस मॉल रोड, रोसपा टावर, फिरायालाल चौक, रिलायंस मार्ट, कांके रोड एरिया में सघन अभियान चलाया। रांची नगर निगम की ओर से सभी को इसे हटाने को लेकर नोटिस जारी किया गया था। पूर्व में ही सूचना जारी कर दो दिनों का समय दिया गया था। साथ ही निर्देश दिया गया था कि दो दिनों के भीतर यदि ठेला, खोमचा, गुमटी इत्यादि नहीं हटाया गया तब रांची नगर निगम सामान जब्त करते हुए कार्रवाई करेगा। बताते चलें कि रांची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वाहन पड़ाव की बंदोबस्ती की गयी है। यह देखा जा रहा था कि पड़ाव स्थल पर ठेला, खोमचा, गुमटी लगा कर व्यवसाय किया जा रहा है। इस वजह से वाहन पार्किंग की समस्या हो रही है। वहीं सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

## NEWS इन ब्रीफ

### संदेश एक्का ने कोलेबिरा के विभिन्न क्षेत्र का किया दौरा

**सिमडेगा।** झारखंड पार्टी के युवा संदेश एक्का ने कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करते हुए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना एवं क्रिसमस एवं नव वर्ष पूर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने डॉन बॉस्को स्कूल कोलेबिरा, आघरमा,बेसराजारा, बरवाडीह , लचरागढ़ जलडेगा कुटुगिया, परबा, भितभुना, गांगटोली रेंगारिह सहित अन्य क्षेत्रों का दौरा करते हुए लोगों की समस्याओं को सुना। उन्हें कहा कि लोग पूर्व मंत्री के क्रियाकलापों को याद कर अपने आपको आज के वर्तमान समय में ठगा महसूस कर रहे।इस दौरान ग्रामीणों ने कई प्रकार की समस्याएं बताई इस पर उन्होंने कहा है कि उन समस्याओं को प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर दूर करने की पहल की जाएगी।

### हाइड्रो-एक्वापोनिक्स फार्मिंग पर प्रेजेंटेशन दिया गया

**लोहरदगा।** द वेजिटेबल ग्रोवर्स कॉपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड लोहरदगा के द्वारा समाहरणालय सभागार में इंटीग्रेटेड मल्टी लूप हाइड्रो-एक्वापोनिक्स फार्मिंग पर पावर प्रेजेंटेशन दिया गया। इसमें संबंधित कॉपरेटिव सोसाइटी की ओर से नवीन कुमार द्वारा इस प्रोजेक्ट अंतर्गत लगने वाली लागत, उपकरण, समय, सब्जियों के उत्पादन, मत्स्य उत्पादन, प्राजेक्ट से लाभान्वित होनेवाले समूह समेत अन्य बिंदुओं की जानकारी दी। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा कॉपरेटिव सोसाइटी को प्रोजेक्ट में लागत, इससे होनेवाले लाभ, उपकरणों के इस्तेमाल, बेहतर मॉडल बनाने से संबंधित आवश्यक निदेश दिये गये। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति और संबंधित कॉपरेटिव सोसाइटी के सदस्य उपस्थित थे।

### विहिप ने शाहरुख खान का पुतला फूंका

**लोहरदगा** । विश्व हिंदू परिषद के द्वारा गुरुवार को पठान फिल्म का बहिष्कार करते हुए शाहरुख खान का पुतला दहन किया। शहर के बरवा टोली चौक के पास पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद संरक्षक राजेंद्र खत्री ने कहा कि लव जिहाद जैसे मानसिकता को बढ़ने नही दिया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार प्रमुख बाबा सतीश पांडे ने कहा कि आये दिन देश में जो घटना घट रही है, इसको देखते हुए ऐसी प्रोपगंडा का विरोध अति आवश्यक है। मौके पर लोहरदगा नगर अध्यक्ष चंदन गोयल, सचिन सिंघानिया, सूरज दसोंधी, रंजीत साहू, अंजनी साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### धूमधाम से मना संताली भाषा दिवस

**गोड्डा।** गोड्डा कॉलेज के संथाली विभाग में गुरुवार को संथाल परगना स्थापना दिवस एवं संताली भाषा दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस दिन ही 1855 में संथाल परगना का गठन हुआ था । इसमें भागलपुर और दुमका प्रमंडल शामिल थे। गोड्डा कॉलेज की संताली विभाग के प्रोफेसर प्रदिनाथ हंसदा के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक संथाल परगना दिवस मनाया । उन्होंने एक-दूसरे को बधाई दी । संथाल परगना में सबसे ज्यादा संख्या में संताल आदिवासी रहते हैं ।

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**साहिबगंज** । उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में लोहंडा स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त राम निवास यादव ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि गणित आवश्यक विषय होने के साथ-साथ यह हमारे दैनिक जीवन एवं जीवन के विभिन्न पड़ाव में भी विशेष महत्व रखता है। हमारे रोजमर्रा के जीवन में गणना हो या श्यांखिकी इसमें गणित आवश्यक भूमिका निभाता है।

---

### फिट इंडिया व अमृत महोत्सव पर गोविंदपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# हर गतिविधि में शामिल हों विद्यार्थी: नीलू

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव, फिट इंडिया एवं जी 20 विषय पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार धनबाद द्वारा जिला के +2 उच्च विद्यालय गोविंदपुर में आज 21 दिसंबर को परिचर्चा एवं विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि, के रूप में स्थानीय मुखिया पति नीलू मुखर्जी उपस्थित थे ।

इस दौरान श्री मुखर्जी सभी छात्र छात्राओं को फिट रहने की बात करते हुए कहा कि हर प्रकार के खेल में शामिल होना चाहिए।



इस अवसर पर विभाग के सहायक अधिकारी राज किशोर पासवान ने मुख्य अतिथि ब गण्यमान अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत विद्यालय में कई प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी प्रतियोगिता वाइज एंड गर्ल साइकिल वाइज एंड गर्ल तथा 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता बॉयज एंड गर्ल्स के बीच किया गया जिसमें काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया विजेताओं को पुरस्कृत कर हौसला अफजाई भी किया।

वही कबड्डी प्रतियोगिता में लक्ष्मण पाल कैप्टन विनर रहे जबकि रंजीत मंडल रनर के रूप में स्थान प्राप्त किया। वही महिला कबड्डी प्रतियोगिता में संगीता मरांडी विनर टीम और नाजिया टीम का रनर के रूप में स्थान प्राप्त किया स्लो साइकिल रेस में सुमित प्रथम सोहेल अंसारी द्वितीय एवं सुमित विश्वकर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि साइकिल रेस गर्ल में पुष्पा कुमारी प्रथम सानिया अंसारी, द्वितीय कंचन कुमारी, तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में महफूज अंसारी प्रथम लक्ष्मण पाल द्वितीय विक्रम बाउरी तृतीय स्थान पर रहे जबकि गर्ल टीम के तरफ से पूजा हेंब्रम प्रथम संगीता मरांडी द्वितीय एवं जुली कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की सभी सफल प्रतिभागियों को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री विजय कुमार श्री राम विलास पासवान श्रीमती दुर्गेश नंदिनी श्री गौरव श्रीमती कंचन श्रीमती पर अच्छा प्रभाव पूर्व विकास कुमार अश्विनी कुमार प्रदीप कुमार रवि कांत पांडे सुश्री एनी हांसदा आदि उपस्थित रहे जबकि शारीरिक शिक्षक श्री विक्रांत पांडे ने सभी खेलों को सफलतापूर्वक संचालन किए। सभी कार्यक्रम के दौरान कार्यालय सहायक श्री अमित कुमार का सराहनीय योगदान रहा। श्री राजकिशोर पासवान ने सभी उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

---

# रोजगार सेवक के स्थानांतरण पर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

**नवीन मेल संवाददताा**

**केतार।** बीडीओ मुकेश मछुआ के द्वारा मुकुंदपुर पंचायत के रोजगार सेवक धीरेंद्र विश्वकर्मा को मुकुंदपुर पंचायत से हटाते हुये परसोडीह पंचायत में स्थानांतरित किया गया है।जबकि परसोडीह पंचायत के रोजगार सेवक दीपक कुमार जयसवाल का स्थानांतरण मुकुंदपुर पंचायत में किया गया है।इस तरह से अचानक मुकुंदपुर पंचायत के रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा के स्थानांतरण के बाद मुकुंदपुर पंचायत के ग्रामीणों और मनरेगा मजदूरों में रोष व्याप्त है। इसको देखते हुये मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह सहित दर्जनों मनरेगा मजदूरों और लाभुकों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ को आवेदन देकर रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा को पदस्थापित पंचायत मुकुंदपुर में ही रहने देने की मांग किया है। मनरेगा मजदूरों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। वहीं मुखिया मूंगा साह ने कहा कि रोजगार सेवक धीरेंद्र विश्वकर्मा के द्वारा मनरेगा कार्य ईमानदारी एवं तन्मयता से किया जाता है। जिस कारण यहां के सभी मनरेगा लाभुक, मनरेगा मजदूर रोजगार सेवक के कार्यशैली से संतुष्ट है। साथ ही बिना किसी कारण के अचानक प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा रोजगार सेवक के स्थानांतरण करने से मुकुंदपुर पंचायत का विकास कार्य भी प्रभावित होगा। मौके पर महेंद्र चौबे, विनीता देवी, विवेक गुप्ता, वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, विरेन्द्र लाल, समीम अंसारी,फुजैल अंसारी आदि मौजूद थे।

---

### प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की मनाई गई जयंती

# गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई। मौके पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेशचंद्र पांडे ने श्री रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए जयंती का शुभारंभ किया। विभाग प्रमुख ने कहा कि 33 वर्ष की अल्पायु में ही श्रीनिवास रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में भारत को विश्व के पटल पर एक सम्मानजनक स्थान प्रदान करने में अपनी भूमिका निर्वहन की। विद्यालय के भैया बहनों ने श्री निवास रामानुजन के जीवन चरित्र पर भाषण दिया। तत्पश्चात कक्षा अरुण से लेकर कक्षा पंचम तक



के सभी भैया बहनों के बीच अलग-अलग प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पंचम के नीरज उरांव प्रथम, प्रज्ञान पाठक द्वितीय, कक्षा चतुर्थ के अंकित प्रजापति प्रथम, राजेश कुमार, रोहित कुमार द्वितीय, कक्षा तृतीय प्रियांशु वर्मा प्रथम, पीहु जयसवाल द्वितीय, रोशन महतो, कक्षा द्वितीय की पायल कुमारी, प्रथम, इशिका आर्यन द्वितीय, प्रथम कक्षा के भैया प्रदीप कुमार प्रथम, अमन लोहरा द्वितीय, अंश लहरी प्रथम, प्रिंस उरांव द्वितीय, प्रभात कक्षा के हर्ष कुमार प्रथम, मनीष कुमार द्वितीय, उदय के भैया शिवांश जायसवाल प्रथम, उत्कर्ष महतो द्वितीय तथा अरुण के भैया उत्कर्ष नगेसिया प्रथम, एरिस द्वितीय स्थान प्राप्त किए। प्रतियोगिता के आयोजन में गणित विषय के आचार्य महेंद्र कुमार मिश्र, अशोक कुमार सिंह, नंद किशोर साहू की अहम भूमिका रही। सभी भैया बहनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

---

### अनुबंध कर्मियों ने काला बिल्ला लगा कर किया कार्य

**भवनाथपुर।** झारखंड स्वास्थ्य कर्मचारी कल्याण संघ के आह्वान पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड के अधीन कार्यरत अनुबंध कर्मियों को नियमित करने संबंधी विभागीय उदाशीनता के विरुद्ध पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में कार्यरत सभी अनुबंध कर्मियों ने काला बिल्ला लगा कर कार्य किया। कर्मियों ने बताया कि वर्तमान में हम सभी कर्मियों की उम्र सीमा समाप्त हो गई है हम सभी कर्मियों ने विभाग अंतर्गत रिक्त पदों के विरुद्ध योग्यतानुसार समायोजित करने की अनुरोध बारंबार किया जाता रहा है लेकिन विभाग द्वारा उदासीन रवैया अपनाते हुए कोई भी करवाई नही की गई जिससे हम सभी अनुबंध कर्मी हतोत्साहित है इस मौके पर आयुष डॉक्टर नीतीश भारती,निशंक निश्रम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

# 20 से 22 जनवरी तक राज्य स्तरीय 66वां ओपन एथलेटिक्स मीट का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की बैठक राज्य स्तरीय 66वां ओपन एथलेटिक्स मीट का आयोजन को लेकर संजय कुमार साहू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संजय साहू ने बतलाया कि लोहरदगा में एसोसिएशन के तत्वावधान में सन 1951 ई० से राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट के भव्य आयोजन का इतिहास रहा है। कोरोना महामारी के पश्चात पूरे जोर शोर से 66 वां एथलीट मीट का आयोजन आगामी 20 जनवरी से 22 जनवरी 2023 तक स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में किया जाएगा। लोहरदगा में विभिन्न जिलों के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ी भाग लेते हैं, जिससे स्थानीय स्तर



पर भी खेलों को बढ़ावा मिलता है एवं लोहरदगा की अपनी पहचान बनती है। फलस्वरूप यहां के बहुत से खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में भी अपना कैरियर बना रहे है। सफल आयोजन के लिए सचिव सुखैर भगत द्वारा पूर्व का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। आयोजन के निमित्त बजट बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से संजय कुमार साहू, सचिव सुखैर भगत, उपाध्यक्ष मनोज प्रसाद, निशिथ जायसवाल, संजय बर्मन, अरुण राम, राहुल कुमार, लाल मोहन प्रसाद, कमल प्रसाद केसरी, सजीत कुमार लकड़ा, हसीन अख्तर, नसीम अख्तर, मुरारी गोस्वामी, मोहन दुबे, रामाधार पाठक, विवेक कुमार, अजय प्रसाद, विशाल डुंगडुंग, सोमा उरांव, विधान गिरी, किशोर कुमार वर्मा, विनय उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

# सनातन समाज को सावधान रहने की आवश्यकता: अनिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के अरकोसा नवाटोली में समिति की बैठक जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला संरक्षक अनूप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, प्रदीप साहू उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान को लेकर खास चर्चा हुई। जिसमें सर्वसम्मति से नई कमेटी का विस्तार किया गया। संरक्षक - महावीर ठाकुर,विनोद वर्मा,श्री नारायण सिंह,केश्वर सिंह, अध्यक्ष - आशीष कुमार वर्मा, महामंत्री - पवन सिंह, उपाध्यक्ष - वनिंचल उरांव, सुमन लोहरा, कोषाध्यक्ष - सागर लोहरा, संगठन मंत्री - रमेश महतो, अरविंद वर्मा, रामकेश्वर महतो, मनोज तांती, लखन लोहरा, संदीप महतो को बनाया गया । जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह ने कहा जय श्री राम समिति के कार्यों से प्रभावित होकर लोग दिन प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में समिति से जुड़ रहे हैं जो समाज एवं संगठन को मजबूती प्रदान कर रही है। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा आदिवासी समाज बहुत ही भोले-भाले होने की वजह से लोग फायदा उठाते है यही कारण है धर्मांतरण का खेल,लव जिहाद, जमीन जेहाद जोर शोर से हो रहा है और नेतागण चुपचाप बैठे हैं। वैसे षड्यंत्रकारी लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। मौके पर अंगत महतो, जितवाहन महतो, करण वर्मा, सुमा लोहरा, टपलू वर्मा, राजेश्वर महतो, सुदामा लोहरा, शिव नारायण सिंह, पवन सिंह, प्रवीण वर्मा, सूरज महली, विनोद वर्मा, आकाश वर्मा, बबलू सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

---

### डीडीसी से समस्याओं को निदान की मांग की

# शौचालय निर्माण में बरती अनियमितता

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** डीडीसी राजेश कुमार राय को जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को मांग पत्र देकर प्रखंड की समस्याओं को दूर करने का मांग किया। उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने डीडीसी राजेश कुमार राय को 8 सूत्री मांग पत्र दिया। जिसने पुराने प्रखंड भवन को मरम्मत कराकर अतिथि शाला के रूप में दर्जा दिलाने, खरौनी पुराने पंचायत भवन के खाली स्थान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनवाये जाए, खरौंधी प्रखंड में कम से कम तीन कंप्यूटर ऑपरेटर और देने, खरौंधी प्रखंड में मात्र 2 पंचायत सेवक हैं। जबकि प्रखंड में 9 पंचायत है। सभी पंचायत में पंचायत सेवक उपलब्ध कराने, प्रखंड कार्यालय के आसपास पीने योग्य पानी उपलब्ध कराने, प्रखंड के सभी पंचायत में कुआ, तलाब, सड़क, मनरेगा योजनाओं का संचालन करने, मेन रोड सिसरी से अंधेरी टोला तक पथ बनवाने का मांग किया। खरौंधी मुखिया मंजू देवी ने पंचायत में जल स्तर नीचे चले जाने से अभी से ही चापाकल सूखने लगा है। लामी उर्फ सरहिया सतबहिनी पर श्मशान घाट का जीर्णोद्धार करने, खरौंधी बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने, पंचायत के झुरीबांध में बनकर तैयार आंगनबाडी केंद्र को चालू कराने का मांग किया।

#### शौचालय निर्माण कार्य को लेकर की शिकायत

करिवाडीह पंचायत के मुखिया मनसा देवी ने पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन द्वारा एक भी शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया है। केवल कागजों पर निर्माण कार्य दिखाकर राशि का निकासी कर लिया गया है। लेकिन धरातल पर एक भी शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है। उच्च विद्यालय भलुही में कक्षा एक से 10 तक का संचालन होता है। इसके लिए विद्यालय में पर्याप्त कमरा नहीं है। जिसकी कमी को देखते हुये 5 वर्ष पूर्व हाई स्कूल का भवन घुटघुरी में बन रहा था। लेकिन ठिकेदार की लापरवाही की वजह से निर्माण कार्य पूरा नही हो पाया। जिससे विद्यालय का पठन-पाठन बाधित हो रहा है। इसके अलावे मुखिया मंशा देवी ने जानकारी दिया की पंचायत भवन जर्जर अवस्था में है। इसे दुरुस्त कराते हुए अभिलंभ संचालित करने का मांग पत्र सौंपा। इस दौरान करिवाडीह पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार सिंह, राजी पंचायत समिति सदस्य शिलवंति देवी, खरौंधी बीड़ीसी रेणु देवी, अजय बैठा, देवबंश गुप्ता, कृष्णा राम आदि उपस्थित थे।

---

# अटल बिहारी जयंती मनाने को लेकर भाजपा की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** भारतीय जनता पार्टी बोलबा मंडल की आवश्यक बैठक गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुरजन बड़ाईक की अध्यक्षता में हुई इस मौके पर सिमडेगा जिला कार्यालय से प्रभारी दुर्ग विजय सिंह देव श्रीलाल प्रसाद गुप्ता मंडल अध्यक्ष सुरजन बडाईक ने उपस्थित लोगों की बताया कि 25 दिसंबर को बूथ 248/249 लेटाबेडा में अटल विहारी जी की जयंती सह सुशासन दिवस मनाया जायेगा। श्रीलाल साह ने प्रधानमंत्री का कार्यक्रम मन की बात जरूर सुनने के लिए अपील किया गया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष द्वारा अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने और मन की बात सभी कार्यकर्ता



को सुनने के लिए कहा ।इसके साथ ही अभी से ही चुनाव की तैयारी में कार्यकर्ताओं को लग जाने का लिए कहा इसके लिए नेटवर्क सुविधा वाले बूथ में कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी जिला प्रभारीयों के द्वारा दी गयी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार जायसवाल, विनोद बडाईक, महामंत्री गौरीशंकर सिंह, भानू सिंह, हीरालाल सिंह,इंद्रलोक लोहरा, ललन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

### कार्यक्रम | आजादी के अमृत महोत्सव व फिट इंडिया पर तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का समापन

# स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने के लिए यह प्रदर्शनी महत्वपूर्ण

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष और इसके लोगों की संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने और याद करने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। इस के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला एवं मास कम्युनिकेशन विभाग, करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में करीम सिटी कॉलेज के सभागार में 22 दिसंबर, 2022 तक आयोजित चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का समापन समारोह संपन्न हुआ।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. पी. के. पाणि , फाइनेंस ऑफिसर, कोल्हान विश्वविद्यालय और विशिष्ट अतिथि श्री जीरेन टोपनो, हेड ट्राइबल कल्चर सेंटर एवं अर्बन सर्विसेज, टाटा स्टील फाउंडेशन के साथ करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद




रेयाज, मास कम्युनिकेशन विभाग की प्रभारी डॉ. नेहा तिवारी और क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रीमती महविश रहमान उपस्थित रहीं।

सर्वप्रथम एनसीसी कैडेट्स के द्वारा अतिथि जनों को सैल्यूट पेश किया गया और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पंजीकृत दल द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्पांजलि दी। सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी स्थल पर लगे स्टॉल का अवलोकन किया और विभाग द्वारा लगाए गए सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली। उसके बाद सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मंच पर आगमन के बाद सभी अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज ने सभी अतिथियों का स्वागत शॉल, पौधा और स्मृति चिन्ह दे कर किया।

#### रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

करीम सिटी कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न राज्यों के नृत्य प्रस्तुत किए गए जिन में मुस्कान, दीपक डोरे, नम्रता, निकिता, किरण मांझी एवं मोना सिंह ने प्रस्तुति दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के गीत एवं नाटक विभाग के पंजीकृत दल ने भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

#### अतिथियों का संबोधन

उद्घाटन समारोह का स्वागत भाषा देते हुए करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज ने कहा कि करीम सिटी में आयोजित इस प्रदर्शनी से युवा काफी लाभान्वित हुए। विषय प्रवेश कराते हुए करीम सिटी कॉलेज की विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा तिवारी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए यह प्रदर्शनी एक महत्वपूर्ण पहल है। कोल्हान विश्वविद्यालय के फाइनेंस ऑफिसर डॉ. पी. के. पाणि ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो की प्रदर्शनी का आयोजन जमशेदपुर शहर के लिए गौरव की बात है। ट्राइबल कल्चर सेंटर एवं अर्बन सर्विसेज, टाटा स्टील फाउंडेशन के हेड श्री जीरेन टोपनो ने कहा कि झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने के लिए यह प्रदर्शनी एक महत्वपूर्ण पहल है।

#### विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

दिनांक 21 दिसंबर को करीम सिटी कॉलेज के छात्र छात्राओं के बीच एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं के करीब 10 विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मास कम्युनिकेशन विभाग के सभी सदस्यों डॉ. नेहा तिवारी, डॉ. रश्मि कुमारी, सुश्री तासीर शाहिद, श्री बापी मुर्मु, सय्यद साजिद परवेज, सय्यद शहजेब परवेज एवं श्री जावेद को सम्मानित किया गया। साथ ही एनसीसी के अधिकारी कैप्टन डॉ. फखरुद्दीन अहमद को भी सम्मानित किया गया। साथ ही केंद्रीय संचार ब्यूरो की फील्ड पब्लिसिटी अधिकारी श्रीमती महविश रहमान के साथ तकनीकी सहायक श्री अंजनी मिश्रा, श्री अतुल्यारतन तिर्की, श्री संजय साहू, श्री देवनारायण मुंडा एवं श्री पुनेश मुंडा को भी सम्मानित किया गया।

#### जनउपयोगी स्टॉल्स

मौके पर पोस्ट ऑफिस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया आदि के स्टॉलस के द्वारा जनोपयोगी योजनाओं से संबंधित जानकारियां भी दी गईं। एक स्टॉल एनसीसी, मास कम्युनिकेशन एवं एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा लगाया गया है जिसमें सेना में भर्ती व सरकारी प्रतियोगिताओं में शामिल होने की तैयारी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर सेल्फी बूथ भी तैयार किए गए जिस पर छात्र-छात्राओं एवं आम जनों को सेल्फी लेने का मौका प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन मास कम्युनिकेशन की शिक्षिका सुश्री तासीर शाहिद ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की फील्ड पब्लिसिटी अधिकारी श्रीमती महविश रहमान ने किया। कार्यक्रम में डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन, करीम सिटी कॉलेज डॉ. मोहम्मद जकरिया और श्री हसन इमाम भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में दर्शक दीर्घा के रूप में महाविद्यालय के फैकल्टी, शिक्षक शिक्षिकाओं, अधिकारी, कर्मचारी के साथ काफी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि भी लगातार कार्यकम को कवर करते रहे।

## NEWS इन ब्रीफ

### मातृ-पितृ सह तुलसी पूजन आयोजित

**बरही।** आगामी रविवार को गया रोड स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मातृ पितृ सह तुलसी पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए प्राचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने बताया कि जीवन में माता पिता का एक अलग महत्व है। इनके मार्गदर्शन में ही जीवन सफल हो सकता है। यह सर्वश्रेष्ठ है, इनके वंदन मात्र से ही जीवन सफल होते है। इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों के बीच माता-पिता के लिए श्रद्धा बढ़ता है। यह भारतीय संस्कृति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि भामाशाह विद्यालय में पठन पाठन के साथ भारतीय संस्कृति की भी जानकारियां दी जाती रही है। इसी निमित यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे विद्यार्थियों के माता पिता के साथ कई प्रबुद्धजन भी मौजूद रहेंगे।

### बीएसए खिलाड़ी रितिका को मुख्य टीम में मिला जगह



**बरही।** कुछ ही दिन पूर्व बीएसए की रितिका को झारखंड क्रिकेट अंडर-15 क्रिकेट महिला टीम में बतौर रिजर्व खिलाड़ी चयन हुआ था। परंतु इस प्रतिभावान खिलाड़ी ने अपनी मेहनत जारी रखी। बुधवार की रात्रि इसे मुख्य टीम में शामिल कर लिया गया है। उक्त जानकारी बीएसए के मुख्य संरक्षक अब्दुल मन्नान वारसी ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्य टीम में जगह मिलने के बाद अब बीएसए की दो खिलाड़ी झारखंड अंडर 15 क्रिकेट में खेलेंगी। जिसमे वर्षा का चयन पूर्व में ही किया जा चुका है। दोनों खिलाड़ियों के सफलता पर विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बीएसए के मुख्य संरक्षक, पदाधिकारी, खिलाड़ी सहित बरही के प्रबुद्धजन, सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इसे बरही के लिए गौरव की बात बताया है।

### बच्चों के बीच बांटे गये स्कूल ड्रेस



**चौपारण।** चौपारण प्रखंड के मध्य विद्यालय पाण्डेयबारा में स्कूल ड्रेस वितरण कार्यक्रम हुआ। इसमें प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में स्कूली बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस बांटे गये। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख पूर्णिमा देवी शामिल थी। इसके अलावा मुखिया रेखा देवी, पंसस कैलाश भुईयां, उप मुखिया संजय गुप्ता मौजूद थे। सभी ने बच्चों के बीच ड्रेस बांटे। प्रमुख ने बच्चों को रोज ड्रेस पहनकर स्कूल आने को कहा। मुखिया रेखा देवी ने कहा कि ड्रेस से बच्चों में एकरुपता रहती है। बच्चों में ड्रेस को लेकर कोई भेदभाव नहीं होता है। प्रधानाधापक ने कहा कि कक्षा 1 और 2 के बच्चों को स्कूल ड्रेस वितरण किया गया।

### 71 बच्चों को दिया गया पोशाक



**बरकट्ठा।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलैया में प्रथम एवं द्वितीय वर्ग के 71 बच्चों के बीच पोशाक का वितरण प्रखंड प्रमुख रेनू देवी की उपस्थिति में की गई। मौके पर प्रमुख ने बच्चों को प्रतिदिन पोशाक पहनकर आने एवं शिक्षा ग्रहण कर एक आदर्श इंसान बनने हेतु बच्चों को प्रेरित किया। पोशाक वितरण समारोह में प्रमुख प्रतिनिधि उमेश कुमार चौधरी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष महेश प्रसाद, उपाध्यक्ष सह वार्ड सदस्य प्रियंका देवी, संयोजिका मालती देवी, शिक्षक किशोर कुमार पंडित, रामचंद्र प्रसाद,परमेश्वर प्रसाद, गणेश प्रसाद समेत दर्जनो लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने की जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

# खनन माफिया की अब खैर नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की। बैठक में माइनिंग टास्क फोर्स की पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। बैठक में बड़कागांव और केरेडारी वन क्षेत्र में कोयले के अवैध खनन/भंडारण कर वन भूमि और सड़क मार्ग से परिवहन पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की गई। बैठक में डीसी ने रामगढ़ जिले के बसंतपुर वाशरी से निकाले गये अवैध कोयले का चुरचू प्रखंड के आंगो, बेडम और जुलमी के वनक्षेत्रों में भंडारण करने के मामले को गंभीरता से लिया। यहां से पिकअप और 407 जैसे छोटे वाहनों से टाटीझरीया और दारू थाना के रास्ते परिवहन पर टीम बनाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि अवैध खनन माफिया पर प्रशासन सख्ती से निबटेगा। उन्होंने हर अवैध गतिविधि पर प्रखंड प्रशासन को आपसी समन्वय के साथ कार्यों करने का निर्देश दिया।

बता दें कि जिले में अवैध उत्खनन को लेकर इन दिनों बड़े पैमाने पर छापेमारी की जा रही है। एक महीने की बात की जाए तो दर्जनों बार छापेमारी की जा चुकी है। प्रशासन ने कई लोगों के पर एफआईआर दर्ज किया है और लाखों रुपए जुमार्ने वसूले हैं। जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा नवंबर महीने में की गई कार्रवाई को देखा जाए तो ऐसा प्रतीत होता है कि एक बड़ा नेक्सस काम कर रहा है। नवंबर में जिला खनन विभाग ने जो कारवाई की उसमें अवैध कोयला लदे जब्त वाहनों की संख्या 23 है। वहीं बालू लदे जब्त वाहन की संख्या 21, स्टोन चिप्स लदे जब्त वाहन की संख्या 2, मिट्टी लदे जब्त वाहन की संख्या 2 है। वहीं दर्ज प्राथमिकी की संख्या 7, कुल गिरफ्तारी 12, कुल अभियुक्तियों की संख्या 55 और जांच किए गए पत्थर खनन और क्रशरो की संख्या 13 है। इस तरह से कार्रवाई करते हुए कुल 28.56 लाख की राशि जुर्माने के रुप में वसूली गई है। जिला परिवहन विभाग द्वारा 30 बालू लदे वाहनों पर परिवहन नियमों के उल्लंघन के बाबत पांच लाख सैंतालीस हजार रुपये जुर्माने के रुप में वसूले गए हैं। कुल 11 वाहनों पर तिरपाल नहीं रहने के कारण 1 लाख 26 हजार 751 रुपए वसूले गए। 10 ओवर लोड वाहनों से 4 लाख 51 हजार 550 रुपये दंड वसूले गए। 6 अवैध कोयला लदे वाहनों को पकड़ कर प्राथमिकी दर्ज की गई। सदर सीओ के द्वारा माह नवंबर में 6 मामलो पर कारवाई करते हुए 20 वाहनों को जब्त किया गया। टाटीझरिया से 3 मामलों पर कार्रवाई कर 3 वाहन जब्त किए गए, इचाक से 3 मामलों पर कार्रवाई कर 6 वाहनों को जब्त किया गया। केरेडारी से 5 मामलों पर कारवाई करते हुए 4 वाहनों को जब्त किया गया। बरक्कठा से 2 मामले पर कार्रवाई करते हुए 8 वाहनों को जब्त किया गया।

इसके अलावा विष्णुगढ़ से एक मामले में 4 वाहनों को जब्त किया गया।चौपारण से दो मामले में 4 वाहनों को जब्त किया गया। कटकमसांडी से एक मामले में एक वाहन जब्त किया गया। कटकमदाग से 5 मामलों पर कार्रवाई करते हुए 6 वाहनों को जब्त किया गया। चलकुसा से 2 मामलों पर कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को जब्त किया गया। दारू से 7 वाहन, डाड़ी अंचल कार्यालय से 3 मामलों में 4 वाहन, चुरचू से 2 मामलों में एक वाहन, पदमा से 2 मामलों में 3 वाहन, बरही से 2 मामलों में 5 वाहन और बड़कागांव से 2 मामलों में 3 अवैध बालू लदे वाहनों को जब्त करते हुए दंड वसूली की गई। वहीं डीसी और एसपी ने अवैध खनन पर कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया है। साथ ही अवैध खनन और परिवहन की रोकथाम के लिए जिले के सभी थाना प्रभारी और सीओ को डीसी और एसपी द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गये हैं।

# बालू से लदे पांच ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

### सीओ ने दर्ज कराई प्राथमिकी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, सीआई सतीश कुमार और पुलिस इंस्पेक्टर ललित कुमार ने संयुक्त छापेमारी करते हुए बरही के दो विभिन्न स्थानो से चालक सहित बालू लदा पांच ट्रैक्टर जब्त किया। जिसमे चार ट्रैक्टर एनएच दो होटल क्वालिटी इन के पास तथा एक ट्रैक्टर बरही चौक से पकड़ा गया। जिसे बरही थाना लाया गया। सीओ के लिखित शिकायत पर पकड़े गए चालकों व वाहनो के खिलाफ अवैध बालू उत्खनन व उठाव मामले में मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार किए गए चालकों में पूरहरा(बैरीसाल) निवासी राजकुमार यादव पिता छत्रु यादव, विकास कुमार यादव पिता महेंद्र यादव, कयूम अंसारी पिता जहूर अंसारी, प्रवीण यादव पिता प्रभु यादव और गौरियाकरमा धोबियाटांड़ निवासी विनोद साव पिता स्व छठू साव पूजा शामिल है। छापामारी दल में सीओ, सीआई, पुलिस इंस्पेक्टर सहित सब इंस्पेक्टर आदित्य कुमार, ओम प्रकाश शाह, रवि कुमार, देवेंद्र कुमार सिन्हा, दयानंद सरस्वती और थाना के रिजर्व पुलिस बल भी शामिल थे।

# पहाड़पुर में ग्रामीण ने श्रमदान कर बना डाली शानदार सड़क




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** मानव विकास संस्था के द्वारा गोरहर पंचायत के जवार पहाड़पुर में श्रमदान करके सड़क बनाई जा रही है। प्रखंड का आदिवासी बहुल क्षेत्र जहां हजारों आदिवासी निवास करते हैं,आवागमन का साधन नहीं होने के कारण ग्रामीण स्वयं श्रमदान कर लंबी सड़क निर्माण कर रहे हैं। मामले को लेकर कई बार अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों ने अवगत कराया लेकिन जब किसी ने नहीं सुनी तो मानव विकास संस्था के सदस्य व स्थानीय लोंगो की मदद से सड़क बनाई जा रही है। भारत जकात मांझी परगना महल के प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा ने कहा कि आजादी के 7 दशक बाद व झारखंड अलग होने में 22 वर्ष होने के बाद भी सड़क नहीं बन पाई। सिर्फ झारखंड में आदिवासियों का सरकार कहा जाता हैं। श्रमदान करने वालों में से मुख्य रूप से तालो बासके, श्याम लाल मांझी, चुनकू मांझी, फिनी लाल बासके, सिकंदर बासके, अनिल मरांडी, सिकंदर सोरेन, पप्पू सोरेन, जगनी देवी, दुलारी देवी, अनिता देवी, ढेनी देवी, हरी लाल मरांडी, चरकी देवी, सूरज मुनि, पार्वती देवी समेत दर्जनों महिला पुरुषों ने सड़क निर्माण में श्रमदान किया।

### मैथ्स ओलेंपियाड का अयोजन

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में महान गणित श्री निवास रामानुजन इयंगर के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक आई पी भारती, एसएमसी के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तथा प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने रामानुजन के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। मौके पर आई पी भारती ने कहा कि रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन गणितज्ञों में की जाती है जिन्होंने विश्व में नये ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की। प्राचार्य ने कहा कि भारत की गणित के क्षेत्र में गौरवशाली परंपरा रही है, जिसे प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने की जरूरत है। गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में श्रेया गुप्ता, पवन कुमार, मयूर कुमार रहे।

# रांची-कोडरमा रेल लाइन चालू होने से रोजगार बढ़ेगा : यशवंत सिन्हा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** मुझे अच्छा लग रहा है यह जानकर की रेलवे संरक्षा अधिकारी ने कोडरमा से रांची रेलवे लाइन को हरी झंडी दे दी है। इसे इस स्थिति में पहुंचने में 23 साल नौ महीने और 18 दिन का लंबा समय लगा। तब हमलोगों ने भी कल्पना नहीं की थी कि कोडरमा वाया हजारीबाग रांची रेल परियोजना में इतनी इंजीनियरिंग लगेगी। विदित हो कि 3 मार्च 1999 को हजारीबाग- कोडरमा रेल लाइन का शिलान्यास पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी और तत्कालीन वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने कोडरमा रांची रेल परियोजना का शिलान्यास किया था। 23 साल बाद कोडरमा हजारीबाग रांची वाया बरकाकाना रेल परियोजना चालू होने के लिए रेलवे के सीआरएम ने पिछले 20 दिसंबर को निरीक्षण के दौरान दे दी है। अब जल्द ही इस लाइन से पैसेंजर ट्रेन चलने की उम्मीद बढ़ गयी है।

पूर्व वित्त और विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा कि मैं तो सर्व प्रथम रेलवे के इंजीनियरों को बधाई देना चाहूंगा, जिन्होंने अपनी इंजीनियरिंग की बदौलत एक मुश्किल काम को साकार किया। मालूम हो कि नवनिर्मित सांकी-सिधवार रेलखंड पर 04 टनल, 32 कर्व और 05 बड़े रेलपुलों का निर्माण किया गया है। इसमें ऐसे सुरंग बनाए गए जो यात्रियों को रोमांच में डालेंगे।

यशवंत सिन्हा कहते हैं कि कोडरमा रांची रेललाइन चालू हो जाने से क्षेत्र में रोजगार भी बढ़ेगा। साथ ही रेलेवे को भी इससे काफी लाभ होगा। दूरियां भी घटेंगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में रेलवे को इस मार्ग को डबल करना चाहिए। साथ ही यात्रियों को ऐसी सुविधा मिलनी चाहिए किसी भी महानगर में अपने गंतव्य तक बिना सीट बदले यात्रा कर सकें। उन्होंने कहा कि काम शुरू जरूर मैंने करवाया पर जयंत जी कार्यकाल में पूरा हुआ। मेरी तमन्ना पहले पैसेजर बनकर यात्रा करने की है।

# एसएमसी की बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** विद्यालय प्रबंधन को सुचारू और सुसंगत करने के उद्देश्य से झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों के बीच

**महत्वपूर्ण प्रशिक्षण, बाबजूद नही हो रही है शत प्रतिशत उपस्थिति**

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी वीडियो प्रस्तुतिकरण के साथ सदस्यों को प्रबंधकीय व्यवस्था पर आधारित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही है। इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सचिव और सदस्यो की उपस्थिति अनिवार्य है। परंतु सदस्यो के द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, यही कारण है कि कई विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति नही देखी जा रही है। ऐसा देखा जा रहा है। गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय भंडारों एसएमसी प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें तीन सदस्य अनुपस्थित रहे। जानकारी देते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक किशोरी मोहन ने बताया कि कुछ सदस्य मजदूर वर्ग के होने के कारण प्रशिक्षण में शामिल नहीं हो सके। वही उत्क्रमित मध्य विद्यालय चलंगा में प्रबंधन समिति की मासिक बैठक संपन्न हुई।

### गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के बरकाकाना में गुरुवार को नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया,उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो,वार्ड पार्षद विनोद तिवारी एवं आजसू नेता हरीरत्नम साहू द्वारा संयुक्त रूप से गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस कड़के की ठंड में कम्बल प्राप्त करने के बाद गरीब जरूरतमंदो के चेहरे खिले हुए नजर आ रहे थे। मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने कहा की गरीब किसी भी वर्ग अथवा संप्रदाय के हों हमलोग हर समय उनकी मदद को तत्पर रहते हैं। कहा कि गरीबों की मदद ही हमारा लक्ष्य है। मौके पर लाखो देवी, सुनीता देवी, सरस्वती देवी, राजो देवी, ममता देवी, रीना देवी, विश्वनाथ सेन, लखन करमाली, सत्यनारायण पूर्वे, आदि उपस्थित थे।

# पिकनिक मनाना है तो आएं सूरजकुंड






**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** एशिया का उष्णतम कुंड सूरजकुंड अपनी अनेक

**आसपास का दृश्य है मनोरम**

**लोगों का हुजूम उमड़ता है नववर्ष के आगमन पर**

विशेषताओं के कारण पर्यटकों को बरबस ही अपनी और आकर्षित करती है। जिला मुख्यालय से महज 60 किलोमीटर की दूरी पर एवं एनएच 2 बेलकपी के समीप स्थित सूरजकुंड नववर्ष पर पिकनिक स्पॉट के रूप में भी विकसित हो रहा है। वही कुंड की गर्म जलधारा इसकी प्रमुख विशेषता है। इसके जल का तापमान 88 डिग्री फारेनहाइट है जो देश भर में चर्चित है। कुंड के पास ही पहाड़ों की वादियां और कलकल करते नदी की निर्मल धारा पिकनिक मनाने वालों के लिए पसंदीदा स्थान है। पिकनिक मनाने के लिए नव वर्ष के आगमन पर लोगों का हुजूम उमड़ जाता है। विदित हो कि प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर 15 दिवसीय भव्य मेले का आयोजन इसके परिसर में किया जाता है। जिसमें मकर संक्रांति के दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर मकर स्नान करते हैं तथा मेले का आनंद उठाते हैं ।हालांकि कोरोना के कारण पिछले 2 वर्ष से मेले का आयोजन नहीं हो सका था लेकिन इस वर्ष मेले का आयोजन से लोगों में उत्साह व्याप्त है। इस वर्ष मेले का ठीका पांच पांडव कमेटी के द्वारा लिया गया है, उन्होंने प्रशासन से बेहतर सहयोग की अपेक्षाएं की है। स्थानीय निवासी आनंद पांडेय ने बताया कि प्रतिवर्ष प्रशासन के द्वारा मेला आयोजन से पूर्व साफ सफाई की व्यवस्था की जाती थी किंतु अब तक नहीं हो पाई है। वहीं गौतम पांडेय ने पर्यटकों एवं पिकनिक मनाने वालों से आग्रहकर कहा है कि परिसर को साफ रखने में हमारा सहयोग करें तथा नव वर्ष के उपलक्ष में अत्यधिक उत्साहित होकर हुड़दंग ना करें।

**विचार विमर्श** | **स्वास्थ विभाग द्वारा रामगढ़ जिले में किए जा रहे कार्यों की डीसी ने की समीक्षा**

# संस्थागत प्रसव के प्रति ग्रामीणों को करें जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में किये जा रहे कार्यों की गुरुवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिला समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा की। प्रसव पूर्व जांच के तहत हो रहे कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं कार्यों को गंभीरता से लेते हुए सुदूरवर्ती क्षेत्रों में नियमित रूप से सहियाओं व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का नियमित प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने, निजी अस्पतालों में होने वाले प्रसव से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त करने व संबंधित जानकारियां पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने लड़कों की तुलना में लड़कियों की कम संख्या पर चिंता जाहिर करते हुए सिविल सर्जन सहित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को पीसीपीएनडीटी एक्ट का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने कहा की अगर किसी भी क्षेत्र से भ्रूण जांच से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होती है तो उस पर त्वरित कार्रवाई की जाए एवं नियमित रूप से अधिकारी औचक जांच अभियान चलाएं एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन नियमित रुप से जिला स्तर पर उपलब्ध कराएं। बच्चों के विकास के मद्देनजर उपायुक्त ने नियमित टीकाकरण कार्यो की विस्तार से प्रखंड वार समीक्षा की। वहीं, उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में शत प्रतिशत बच्चों का नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु संचालित एमटीसी केंद्रों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों से एमटीसी केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली । उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए उनके क्षेत्रों में शत प्रतिशत कुपोषित बच्चों को सही उपचार देने का निर्देश दिया।

सदर अस्पताल रामगढ़ में संचालित ब्लड बैंक के माध्यम से लोगों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने नियमित रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन करने एवं ब्लड बैंक के माध्यम से 24.7 जरूरतमंदों को सेवाएं देने का निर्देश दिया। मौके पर सिविल सर्जन, डीआरसीएचओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, डीपीएम, स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# विधायक संघ ने दिया मुख्यमंत्री को ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** पदमा प्रखंड के नेशनल पार्क क्षेत्र अंतरगर्त पांच किलोमीटर के दायरे को सरकार ने इको सेंसेटिव जोन घोषित किया है। जिससे स्थानीय लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस परिधि के अंदर किसी तरह का व्यवसायिक कार्य जैसे क्रशर पत्थर खनन, ईट भट्ठा, फैक्ट्री संचालन आदि वर्जित है। इसे हटाने को लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार विधायक सहित प्रशासन से गुहार लगाई थी। गुरुवार को इको सेंसेटिव कमिटी के लोग विधायक उमाशंकर अकेला यादव एवं बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का काम किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में इको सेंसेटिव कमेटी के सदस्य जिसमे हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद, पदमा जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता, विधयाक प्रतिनिधि अनिल मेहता, आदि शामिल है।

# पिंडाटांगर : सड़क निर्माण में अनियमितता

**बालू प्रतिबंध के कारण जंगल से चोरी-छिपे मिट्टी से लाकर कर दी गयी पीसीसी पथ की ढलाई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अपने देश की सेवा करते हुए देश के लिए वीरगति प्राप्त हुए वीर चक्र से सम्मानित जॉन ब्रिटो कीड़ों के गांव में लंबे समय से सड़क के अभाव के कारण वहां के लोग दयनीय स्थिति में जी रहे थे जिसके बाद सिमडेगा विधायक के पहल पर सरकार द्वारा राज्य संपोषित योजना के तहत 2 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से वहां पर सड़क निर्माण की स्वीकृति दी और जिसका विधायक के द्वारा शिलान्यास करते हुए कार्य प्रारंभ कराया गया यहां पर संवेदक के द्वारा सीधे तौर पर सरकारी पैसे का बंदरबांट करते हुए बालू प्रतिबंध है और वह जंगल में मिट्टी का कटाव से बने हुए मिट्टी युक्त बालू को लाकर पीसीसी पथ की ढलाई करते हुए आगे बढ़ रहे हैं ग्रामीणों के विरोध करने पर ग्रामीणों को डांट फटकार करते हुए



धमकी दी जाती है। बताया गया कि यह सड़क 3 किलोमीटर की है और जहां पर सघन आबादी वाली बस्ती है वहां पर पीसीसी पथ और जहां खाली है वहां पर कालीकरण करनी है। लेकिन यहां पर संवेदक द्वारा जिस प्रकार से लापरवाही बरती जा रही है यह सड़क मार्ग कुछ ही दिनों में पूरी तरह से टूट जाएगी। इधर इस मामले में विभाग के इंजीनियर का कहना है कि कार्य में गुणवत्ता है लेकिन वहां पर जब राष्ट्रीय नवीन मेल की टीम पहुंची तो वहां पर जब देखा तो कार्य में घोर अनियमितता है एवं ग्रामीणों का माने तो यहां पर रात को 2:00 बजे जंगल के



बीच से मोरम मिट्टी लाकर उसे बालू की जगह में इस्तेमाल करते हुए ढलाई कर दी गई। गांव की ग्रामीण महिलाओं ने गुरुवार को विरोध जताते हुए कहा है कि सरकार इस उद्देश्य से इस गांव का कायाकल्प करने सोच रही है लेकिन यहां पर काम करने वाली कंपनी के द्वारा मनमाना तरीके से काम कराया जा रहा है इसका खामियाजा आने वाले दिनों में हमें भुगतना पड़ेगा उन्होंने जिला के उपायुक्त से सड़क निर्माण कार्य की जांच कराते हुए उक्त समय तक पर कार्रवाई की मांग की है। इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सफीक खान अनिल तिर्की कार्यस्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया जहां पर मामला सही पाया उन्होंने भी कहा है कि इस मामले को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी और ऐसे संविदा को को काली सूची पर नाम डाला जाएगा ताकि भविष्य में ऐसी गलती ना हो। इधर इस मामले में आईओ विभाग के सहायक अभियंता बलराम पांडेय ने कहा है कि मामले की जांच की जाएगी अगर आवेदक द्वारा गलत की जा रही तो इसके ऊपर भी कार्रवाई होगी।वहीं इस मामले में भाजपा नेता तुलसी साहू ने कहा है कि सड़क में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखने वाली कंपनी के ऊपर कारवाई हो क्योंकि यह शहीद के नाम पर इस गांव में सड़क मिला है और ऐसे में जिस प्रकार से सरकारी पैसे की बंदरबांट की जा रही है इस पर निश्चित संवेदक पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## NEWS इन ब्रीफ

### दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो गम्भीर

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार आंगनबाड़ी केंद्र के समीप गुरुवार को दो बाइक की भीषण टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को ग्रामीणों की सहायता से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी अनुसार सेरेंगहातू तोड़ार ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र के समीप दो बाइक के टक्कर में जे एच 09 ए एम 7943 पर सवार तीनो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने निजी वाहन के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया। जहां दो लोगों की स्थिति गम्भीर बताई जा रहा है जबकि एक मौत होने की बात कही जा रही है। सड़क दुर्घटना में घायल एक युवती सहित दो युवक है जिसका पहचान नही हुआ। सड़क दुर्घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को दिया गया। घटना की सूचना पर सेन्हा पुलिस घटना स्थल पहुंच घटना की तहकीकात में जुट गई।

### धूमधाम से मना क्रिसमस गैदरिंग



**बोलबा।** बोलवा प्रखंड के कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनाया गया इस दौरान विद्यालय के वार्डेन सह शिक्षिका कमला कुमारी एवं मुखिया सुरजन बड़ाईक ने सयुंक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन दीप जलाकर किया। इस मौके पर वार्डन द्वारा स्वागत भाषण के द्वारा क्रिसमस सह गैदरिंग पर्व के बारे विस्तृत बालिकाओं को बताया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया सुरजन बडाईक द्वारा पहले क्रिसमस एवं नव वर्ष की मंगल शुभकामना देते हुए गैदरिंग पर्व के बारे में बताया। मौके पर शिक्षिका प्रेमा केरकेट्टा, विलचन लकड़ा, नीलम देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति प्रेम दास, नूतन देवी, सनमती देवी, कमला देवी के अलावे अभिभावक बच्चिंयां मौजुद थे।

### जर्जर सड़क के गड्ढे में हुआ मिट्टी का भराव



**बानो।** बानो चौक से डूमर टोली जानेवाली पीसीसी सड़क का बुरा हाल है। सड़क टूट के गड्ढे में तब्दील हो गई है, सड़क से होकर गुजरनेवालो को काफी परेशानी हो रही थी। वर्तमान में एक्समस के पर्व परचर्च में जाने वालों की परेशानी को देखते हुए, रोशन एवं विदेशी बड़ाईक ने ट्रेक्टर के माध्यम से गड्ढे में मिट्टी का भराव किये, रोशन ने बताया कि इस सड़क से डूमर टोली, पहान टोली सदी कई टोलों के लोगो का रात दिन आना जाना रहता है। जिससे काफी दुर्घटना हो सकती थी। इसी लिए सड़क के सड़क के गड्ढे मिट्टी का भराव किया गया है जिससे लोगो को सुविधा हो।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में खो-खो खेल आयोजित



**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में गुरुवार को चौथे दिन खो-खो महाकुंभ का आयोजन किया गया। चौथे दिन हुए खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य ओमप्रकाश आलोकनाथ साहू तथा सुषमा प्रधान ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को शुभकामना देकर तथा टॉस कर किया। विद्यालय के छात्र छात्रों के बीच कई मैच हुए जिसमें कुल अंकों के आधार पर छात्रों की ए टीम में शिवाजी दल को 56 अंक, एकलव्य दल को 42 अंक, भरत दल को 45 अंक, छात्रावास की टीम को 35 अंक तथा आरुणी दल को 11 अंक प्राप्त हुए।

## निर्धारित इंडिकेटर के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक

# डीसी ने हेल्थ इंडिकेटर में सुधार के लिए दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर के लिए क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, कौसल विकास से संबंधित सभी इंडिकेटरों की समीक्षा कर आवश्यक महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत निर्धारित इंडिकेटर्स की लक्ष्यों के प्रति गंभीरता से कार्य प्रगति को ससमय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया।



उन्होंने सबसे पहले स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी इंडिकेटर्स से जुड़े कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की तथा संस्थागत प्रसव, होम डिलीवरी, टीकाकरण के साथ-साथ टीबी आदि की समीक्षा कर कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओं के एएनसी जांच में सुधार लाने हेतु समाज कल्याण व स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों में कुपोषण संबंधी मामलों की समुचित जांच करने की बात कहीं। जिससे पोषण और स्वास्थ्य के इंडिकेटर में सुधार किया जा सके। कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सुक्ष्म सिंचाई समेत कृषि से संबंधित सभी इंडिकेटरों के प्रगति को और बेहतर सुनिश्चित करें। उन्होंने इंटरनेट की व्यवस्था को बेहतर करने का निर्देश दिया। तथा लंबित कार्यों को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

बैठक में सिविल सर्जन, डीपीआरओ डीपीएम, विषेश प्रमंडल, एवं एनआरईपी, भवन प्रमंडल, लघु सिंचाई प्रमंडल के अभियंता एवं, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, एडीएफ व अन्य उपस्थित थे।

# डीसी ने 5 प्रशिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा खेल प्रशिक्षकों

**पुलिस बहाली, आर्मी बहाली में भर्ती के लिए युवाओं को प्रशिक्षण देंगे प्रशिक्षक**

**डीएमएफटी मद से निःशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था कर रही जिला प्रशासन : उपायुक्त**

को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। जिला में पुलिस बहाली, आर्मी बहाली में भर्ती के लिए युवाओं को प्रशिक्षण देने और फुटबॉल, रेसलिंग एवं क्रिकेट खेल के प्रशिक्षण हेतु डीएमएफटी मद से कुल पांच प्रशिक्षकों की नियुक्ति संविदा के आधार पर की गई है। आज इनमें से उपस्थित तीन प्रशिक्षकों को उपायुक्त द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। आज पुलिस बहाली के लिए



प्रशिक्षक के रूप में अजीत तिग्गा, रेसलिंग के लिए महादेव उरांव और क्रिकेट के लिए अमित कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इसी प्रकार आर्मी बहाली के लिए जयफुल भगत और फुटबॉल के लिए ओनिल बेक की नियुक्ति प्रशिक्षक के रूप में की गई है। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जिला में वैसे युवक-युवतियां जिनमें खेल की प्रतिभा है और आर्थिक अभाव के कारण प्रशिक्षण का खर्च वहन नहीं कर सकते, उनके लिए जिला प्रशासन डीएमएफटी मद से निःशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था कर रही है। इसी प्रकार जो आर्मी या पुलिस में भर्ती होना चाहते हैं उनके शारीरिक प्रशिक्षण के लिए भी डीएमएफटी मद से प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक युवक-युवतियों के लिए जल्द ही आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। स्पोर्ट्स कोच उच्च विद्यालयों और आवासीय विद्यालयों में भी जाकर प्रशिक्षण देंगे। रेसलिंग और क्रिकेट का प्रशिक्षण बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में संचालित होगा। वहीं पुलिस बहाली के लिए प्रशिक्षण बीएस कॉलेज स्थित मैदान में चलेगा। मौके पर डीएमएफटी प्रभारी पदाधिकारी अमित बेसरा व नवनियुक्त प्रशिक्षक उपस्थित थे।

# सिमडेगा में हो बीएससी व एमएससी की पढ़ाई : बड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने विज्ञान के छात्रों के लिए मानसून सत्र में आवाज उठाते हुए जिले में बीएससी, एमएससी कॉलेजों की स्थापना कराने की मांग की है। ताकि विज्ञान के होनहार छात्रों को बीच में ही विज्ञान की पढ़ाई छोर दूसरे संकाय की पढ़ाई करना न पड़े। विधायक ने कहा है कि जिले में बीएससी की पढ़ाई के लिए प्रर्याप्त साधन नहीं है। एकमात्र सिमडेगा कॉलेज में जैसे तैसे बीएससी के कुछ संकाय की पढ़ाई तो होती है। लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण छात्र इंटर के बाद विज्ञान संकाय लेकर पढ़ाई करने में दिचस्पी नहीं दिखाते हैं। वहीं एमएससी की पढ़ाई के लिए तो जिले में एक भी कॉलेज नहीं है। इस कारण विज्ञान के मेधावी छात्रों की पढ़ाई बीच में ही छूट जाती है। वहीं जिन छात्रों के अभिभावक सक्षम है। वे दूसरे शहरों में जाकर एमएससी की पढ़ाई करते हैं। लेकिन इससे अभिभावकों की परेशानी काफी बढ़ जाति है। अगर बीएससी और एमएससी की पढ़ाई शुरू कराई जाती है। तो होनहार छात्र विज्ञान के क्षेत्र में कई कीर्तिमान प्राप्त कर सकते हैं। विधायक भूषण बाड़ा ने जिले में ही बीएड की पढ़ाई शुरू कराने की भी मांग की है। विधायक ने कहा कि जिले में बीएड की पढ़ाई नहीं होने से हर साल सैंकड़ों छात्र बाहर जाकर पढ़ाई करते हैं। वहीं गरीब छात्र बीएड की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि सिमडेगा में ही बीएड की पढ़ाई शुरू कराई जाय। ताकि छात्रों को बीएड की पढ़ाई करने को लेकर किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

## क्रिसमस मिलन सह द्वितीय सावधिक परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित

**सिमडेगा।** जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा मे गुरुवार को क्रिसमस मिलन सह द्वितीय सावधिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक शीतल प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा क्रिसमस कैरोल प्रस्तुति के पश्चात विद्यालय की प्राचार्य प्रभाकर केरकेट्टा और नीलम के द्वारा उपस्थित सभी बच्चों एवं अभिभावकों को क्रिसमस पर्व का पावन संदेश और पवित्र वचन को पढ़कर सुनाया गया।

# प्लास्टिक नहीं, जूट के थैले का करें प्रयोग : बीके झा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आज के समय में करोड़ों लोग प्लास्टिक व प्लास्टिक से बने सामान का त्याग कर चुके हैं व इसके स्थान पर कपड़े व जूट के बने थैले का इस्तेमाल करते हैं। जरूरत है प्लास्टिक व पॉलिथीन का उपयोग ना करने का प्रण लेने और इसे अपने दैनिक जीवन में उतारने की। खुद और दूसरों को भी जूट या कपड़े के बने थैले का प्रयोग करने की। इसी के तहत हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग लोहरदगा एक अनूठा प्रयोग करते हुए शहर के लोगों के बीच एवं खनन क्षेत्रों के ग्रामीण लोगों के



बीच जूट के बने थैले का वितरण करने की तैयारी की है। साथ ही साथ इस मुहिम में जन जन तक यह संदेश भी फैलाना है कि प्लास्टिक के प्रयोग अपने दैनिक जीवन में ना करें, इसके विकल्प के रूप में जुट व कपड़े के बने थैले का प्रयोग कर हम आने वाले पीढ़ी को विभिन्न बीमारियों व प्रदूषण से बचा सकते हैं। प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाली प्रदूषण एवं विभिन्न बीमारियों से भी जन जन को जागरुक कर बचाया जा सकता है। इसके लिए हिंडालको के पर्यावरण, मानव संसाधन, खान एवं सीएसआर विभाग की टीम बनाकर विभिन्न बाजार हाट क्षेत्रों में एवं खनन क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जूट के बने थैले का वितरण किए जायेंगे। प्लास्टिक का प्रयोग न करने की मुहिम भी चलाई जा रही है। कार्यक्रम का आयोजन हिंडालको खान प्रमुख श्री बीके झा के दिशा निर्देशन में किया जा रहा है। जिसका नेतृत्व पर्यावरण विभाग के सहायक प्रबंधक अभय मित्तल द्वारा पर्यावरण विभाग के सहायक उपाध्यक्ष वासुदेव गंगोपाध्याय की निगरानी में की जा रही है। इस मुहिम में हिंडालको के वरीय अधिकारीगण एवं सहकर्मी शामिल हैं।

# गणित दिवस : सुषमा और रितेश प्रथम

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में गुरुवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर पुष्पार्चन कर विद्या भारती विद्यालय समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को रामानुजन की जीवनी और उपलब्धियों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। निबंध प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में सुषमा अभिषेक लकड़ा ने प्रथम स्थान, पायल वर्मा ने द्वितीय स्थान और रोहित कुमार साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितेश मुंडा, द्वितीय स्थान अमित उरांव और तृतीय स्थान बबली कुमारी ने प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सदस्य शोभा देवी, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी एवं शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रश्मि साहू ने किया जबकि निर्णायक में रिद्धि मिश्रा और चेतना प्रिया शामिल थी। मौके पर शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

# प्रखंड स्तरीय भारत जोड़ो यात्रा रही ऐतिहासिक : सुखैर

**यात्रा के दौरान नफरत छोड़ो भारत जोड़ो के नारे लगाये गये**

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड में कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रखंड स्तरीय भारत जोड़ो पदयात्रा निकाला गया। यात्रा का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी की अगुवाई में कि गई। जिसका शुभारंभ धुर्वा मोड़ स्थित शहीद शेख भिखारी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई जो नारी धुर्वा मोड़ से होकर नावाडीह , फटेया टोली, नदी टोली, किस्को मुख्य चौक होते हुए किस्को बाजार स्थित वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समापन की गई। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान नफरत छोड़ो भारत जोड़ो कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद सोनिया गांधी जिंदाबाद राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए गये। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि आज देश की एकता एवं अखंडता को विभाजनकारी शक्तियों द्वारा तोड़ा जा रहा है और देश में महंगाई एवं बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है और आमजनों में हाहाकार कि स्थिति आ पहुंची है। लेकिन कांग्रेस पार्टी नकारात्मक शक्तियों के विरोध में आवाज उठाते रही थी आगे भी आवाज उठाते रहेगी। प्रखंड



अध्यक्ष यूनुस अंसारी ने बताया कि आज नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश में नफरत फैलाने व हिन्दू मुस्लिम को आपस में बांटने का काम कर रही है। कहा महंगाई आसमान छू रही है इन सभी चीजों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी मैदान में उतरने का काम किया है। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, पेशरार प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, जफर इमाम, मुर्शिद अंसारी, सुमित्रा भगत ,राजमणी उरांव, सुखी उरांव,सनियारो उरांव, पुनीता उरांव, शेख सादिक, नसीम अंसारी, इसराफील अंसारी, मनीष कुजूर, जयमंत कुजूर, कामिल टोपनो, रौनक इकबाल, जाकिर अंसारी, शेख आजम, मीणा कुमारी, चांदमनी उरांव, शंभू प्रजापति, कबीर अंसारी, सरिता देवी, मनौव्वर आलम, फैयाज अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

**निरीक्षण** स्कूली शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने लोहरदगा के स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

# हमारा उत्कृष्ट विद्यालय मॉडल विद्यालय है

**लोहरदगा और झारखंड के उत्कृष्ट विद्यालयों की कार्यशैली से ही अन्य विद्यालयों की गुणवत्ता शिक्षा मार्गदर्शित होगी : के. रवि कुमार**

**कैमो मध्य विद्यालय मे दो शिक्षक गायब पाए गए, डीएसई डीईओ को स्पष्टीकरण का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड के शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के. रवि



कुमार ने लोहरदगा में कई स्कूलों का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। प्लस टू नदिया हिंदू हाई स्कूल, कस्तूरबा उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुजरा, लोहरदगा सहित विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण करते हुए विभाग के पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। साथ ही नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय में शिक्षा सचिव 8:43 बजे सुबह मॉर्निंग असेंबली देखने पहुंच गए जहां शिक्षक तो थे लेकिन बच्चों की उपस्थित सुनिश्चित नहीं रहने के कारण अनुशासन हीनता का आरोप गठित करते हुए स्पस्टीकरण की मांग की गयी है। कस्तूरबा उच्च विद्यालय लोहरदगा में अनुशासन रहने पर खुशी जाहिर किया गया। वही कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कुजरा में क्रिसमस गैदरिंग बच्चों की हो रही थी। वहां उन्होंने जरुरी निर्देश देते हुए अभिभावक शेड बनाने का निर्देश दिया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय कुजरा जाने के क्रम में कैमो मध्य विद्यालय में दो शिक्षक गायब पाये गये और आकस्मिक अवकाश पंजी संधारित नहीं रहने पर कड़ी स्पस्टीकरण देने हेतु डीएसई और डीईओ लोहरदगा को निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा की हमारा उत्कृष्ट विद्यालय मॉडल विद्यालय है, जिसका अन्य स्कूल अनुकरण करेंगे इसलिए पहले ऐसे विद्यालय को चिन्हित किया गया है जहाँ भविष्य में केजी टू पीजी की पढ़ाई सुरु की जाएगी। मौके पर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पाल चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम आदि उपस्थित थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

### बीएसएनएल आधार केंद्र का शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पुलिस लाइन रोड बीएसएनएल ऑफिस मेदिनीनगर में बीएसएनएल के तत्वावधान में आधार केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उपमहापौर नगर निगम मेदिनीनगर राकेश कुमार सिंह ने फीता काट कर आधार केंद्र का शुभारंभ किया। मौके पर बीएसएनएल के डी.जी.एम. आर. के. सिंह ज, ए.जी.एम. कमलेश कुमार ,ए.जी.एम. सुनील कुमार , एस.डी.ओ. श्री प्रेम दत्त ,जी.टी.ओ. जनेश्वर गिरी , ऑपरेटर मनीष कुमार सहित काफी संख्या में बीएसएनएल के पदाधिकारीगण एवं कर्मी व आधार केंद्र से सम्बंधित पदाधिकारीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर उपमहापौर ने इस पहल के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की आधार केंद्र बीएसएनएल के माध्यम से खुलने पर लोगो को भरपूर फायदा मिलेगा।

### तालाब से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के दो नम्बर टाउन टीवीएस सो रूम के पीछे तालाब में गुरुवार को दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इस घटना की जानकारी टीओपी टू प्रभारी रुद्रानंद सरस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही रुद्रानंद सरश अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध में टीओपी प्रभारी ने बताया कि गुरुवार की दोपहर सूचना मिला की एक अज्ञात व्यक्ति का शव तालाब में पड़ा हुआ है। उसकी सूचना मिलते ही वहां पहुंचकर आसपास के लोगों से अज्ञात शव के बारे में पूछताछ कर अज्ञात शव की पहचान करने में पुलिस जुट गई है।

### नाई समाज 24 जनवरी को मनायेगा कपूरी जयंती

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम कंकारी में राष्ट्रीय नाई महासभा पलामू का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार 24 जनवरी 2023 को चैनपुर में पूरे धूमधाम से कपूरी जयंती मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम प्रकाश ठाकुर ने किया। मौके पर चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर ठाकुर, शंकर ठाकुर, मनोज ठाकुर, सुरेश ठाकुर, अनुज ठाकुर ,सुनील ठाकुर, रवि ठाकुर, संतोष ठाकुर, सतीश ठाकुर, सरवन ठाकुर, पवन ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, अरविंद ठाकुर, शंभू ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, वेद प्रकाश ठाकुर सहित भारी संख्या में राष्ट्रीय नाई महासभा के सदस्य उपस्थित थे।

### इप्टा का 15वां राष्ट्रीय सम्मेलन

**मेदिनीनगर।** इप्टा का 15वां राष्ट्रीय सम्मेलन 2023 में 17 से 19 मार्च तक पलामू जिला के रणवीर सिंह महानगर डालटनगंज होने जा रहा है। राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी हेतु एक व्यापक स्वागत समिति बनाई गयी है, जिसके स्वागताध्यक्ष डॉ .अरुण शुक्ला, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम भसीन और महासचिव शैलेंद्र कुमार हैं। इसके अलावा समिति के संरक्षक मंडल में झारखंड के लोक कलाकार पदमश्री मधु मंसूरी, साहित्यकार डॉ. रणेन्द्र, सामाजिक कार्यकर्ता दयामणि बरला, आकाशवाणी-दूरदर्शन की निदेशिका मेरी क्लौदिया सोरेंग, कथाकार पंकज मित्र, लेखक डॉ मिथिलेश, समाजसेवी ज्ञानचंद पांडे, सुरेश जैन, नवल तुलस्यान, जयशंकर चौधरी, इबरार अहमद, डॉ वनजा शुक्ला, आलोक वर्मा और केडी सिंह का नाम शामिल है। रविवार को रेड़मा स्थित इप्टा कार्यालय में स्वागत समिति की बैठक प्रेम भसीन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बनाई गई आयोजन समिति के अलावा अलग-अलग उप समितियों का भी गठन कर जवाबदेही सौंपी गई।

**स्वीकृति : जल्द बनेगा मेराल-बाना-डंडई-अंबाखोरेया पथ**

# 2024 तक सभी सड़कें होंगी बेहतर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले का अति महत्वपूर्ण मेराल -बाना-अंबाखोरेया पथ का निर्माण करीब 140 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इस पथ के निर्माण से छत्तीसगढ़ एवं जिले के धुरकी प्रखंड स्थित सुखलदरी पर्यटन स्थल की दूरी काफी कम हो जाएगी। इसके निविदा निष्पादन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि एनएच 75 मेराल से भागोडीह, बाना,हसनदाग, डंडई, कदवा होते हुए अंबाखोरेया तक करीब 37 किलोमीटर इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। फिलहाल सिंगल लेन होने, अत्यधिक ट्रैफिक एवं काफी जर्जर होने की वजह से इस सड़क पर आए दिन दुर्घटना होते



रहती है। जिससे जानमाल का अधिक नुकसान होता है। करीब 140 करोड़ रुपए की लागत से पथ निर्माण विभाग की ओर से सात मीटर चौड़ी इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिससे सुगमता पूर्वक आवागमन होगा एवं जान माल के नुकसान का भी खतरा कम होगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह सड़क गढ़वा अनुमंडल से श्री बंशीधर नगर अनुमंडल को जोड़ेगा। इस सड़क से कई सुदूरवर्ती गांव एवं प्रखंड जुड़ेंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ जाने के लिए प्रस्तावित बालचौरा पुल होते हुए छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला को यह सड़क जोड़ेगा। जो भविष्य में एक कॉरिडोर के रूप में छत्तीसगढ़ की दूरी कम करने के रूप में उपयोगी होगा। यह सड़क आदिवासी बहुल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से होकर गुजरता है। इससे नक्सल समस्या से निजात दिलाने में भी सहायता मिलेगी। इस सड़क के निर्माण से बहुत बड़ी आबादी लाभान्वित होगी। साथ ही पर्यटकों को भी आवागमन की बेहतर सुविधा प्रदान होगी। निविदा के सभी अवरोधों को दूर करते हुए निष्पादन कर दिया गया है। लोगों को जल्द ही जर्जर सड़क से मुक्ति मिलेगी। मेराल एवं डंडई प्रखंड के लोगों के लिए यह नया साल का बड़ा उपहार है।

### सड़क की स्थिति काफी जर्जर थी : मिथिलेश

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इस सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। क्षेत्र के ग्रामीणों की ओर से लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी। सड़क की उपयोगिता को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर इसका निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2024 तक गढ़वा की सभी ग्रामीण एवं अन्य पीडब्ल्यूडी सड़कों का बेहतर निर्माण कराया जा सके इसके लिए मैं लगातार प्रयासरत हैं। सड़कों की उपयोगिता को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के सभी ग्रामीण एवं अन्य सड़कों की को सूचीबद्ध कर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि ने क्षेत्र को काफी उपेक्षित रखा था। परंतु अब गढ़वा की स्थिति काफी तेजी से बदल रही है।

**दहेज में कार की मांग को लेकर विवाहिता को मारने का प्रयास**

# महिला थाना में दर्ज नहीं हुआ मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** दहेज के लिए ससुराल वालों की प्रताड़ना झेल रही आरती देवी अब दर-दर की ठोकरें खाने को विवश है। उसके ससुराल में न सिर्फ उसकी पिटाई की गई। बल्कि गला दबाने व केरोसिन छिड़क कर मारने का भी प्रयास हुआ। किसी तरह ससुराल से निकल कर भागने के बाद गढ़वा महिला थाना में पहुंचने पर उसे न्यायालय जाकर मामला दर्ज कराने की नसीहत देकर भगा दिया गया। इससे विवश होकर आरती देवी व उसके पिता न्यायालय जाने की तैयारी में हैं। घायल आरती देवी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।



#### क्या है मामला

धुरकी थाना क्षेत्र के खाला गांव निवासी सुरेंद्र चंद्रवंशी की पुत्री आरती की शादी वर्ष 2019 में पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव निवासी संजय चंद्रवंशी के पुत्र प्रेम कुमार से हुई थी। आरती देवी के अनुसार उसके पिता ने दहेज में नकद राशि के अलावा एक बुलेट मोटरसाइकिल दिया था। लेकिन बीटेक कर चुके प्रेम कुमार एक कार की मांग कर रहा था। ससुराल में अक्सर ही आरती को प्रताड़ित किया जाने लगा। हार-थक कर आरती देवी ने अपने मायके वालों की सलाह पर गढ़वा व्यवहार न्यायालय में वर्ष 2021 में मामला दर्ज कराया। बताया गया कि न्यायालय से मामला मेडिएशन में पहुंचा तो वहां प्रेम कुमार ने आरती को ठीक से रखने की बात कह कर पांच माह पहले अपने साथ ले गया। आरती के अनुसार ससुराल में उस पर मुकदमा को रफा दफा कराने को लेकर मारपीट भी किया जाने लगी। इस दौरान खाना में केमिकल मिलाकर उसे खिलाया गया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ी तो मायके वालों ही इलाज कराया। तब आरती को उसके पति ने गढ़वा में लाकर छोड़ दिया। तब उसने अपने भाई को बुलाकर गढ़वा से मायका पहुंची। आरती ने बताया कि आठ दिन पहले अपने भाई रविकुमार को लेकर आठ दिन पहले ससुराल गई थी। उसने बताया कि बुधवार के दिन में अचानक उसके सास, ससुर व पति ने मुकदमा उठाने व कार के लिए छह लाख रुपये मायके से मांग लाने के नाम पर विवाद शुरू किया। इसके बाद उसकी पिटाई करते हुए उस पर केरोसिन उड़ेल दिया गया। किसी तरह वह वहां भाग निकली। जबकि गढ़वा महिला थाना में जाने के बाद उसका मामला दर्ज नहीं किया गया।

**धार्मिक : इंटर रिलीजियस गैदरिंग का आयोजन**

# सभी धर्मों का संदेश मानव प्रेम है: फादर

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडांड़ में इंटर रिलीजियस गैदरिंग का आयोजन किया गया। गैदरिंग का शुभारंभ फादर राजीव तिर्की के द्वारा चरणी आशिष के साथ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न समुदाय के प्रतिनिधि अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज आईयूएसी सेल सदस्य मो. तनवीर, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी विनोद उराव एवं श्री कृष्णा प्रसाद उपस्थित थे। प्राचार्य फादर डॉ. एम.के. जोश ने सभी अतिथियों का परंपरागत शॉल और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। स्वागत अभिभाषण छात्र लक्ष्मी राम ने दिया। इस अवसर पर अतिथि



मो. तनवीर ने सभी लोगों को प्रेम एवं सौहार्दपूर्ण गैदरिंग मनाने का संदेश दिया। बिनोद उरांव और कृष्णा प्रसाद ने अपने संदेश में सभी धर्मों के बीच भाईचारे एवं शांति की बात कही। गैदरिंग के इस अवसर पर विज्ञान संकाय, कला संकाय, वाणिज्य संकाय और छात्रावास के विद्यार्थियों के द्वारा कैरोल सांग एवं क्रिसमस डांस के माध्यम से ईसा मसीह के शांति संदेशों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के तरफ से भी कैरोल सांग प्रस्तुत किया गया। छात्र छात्राओं ने नाट्य रूपांतरण के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह के जन्म को खूबसूरती से प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ. एम. के. जोस ने अपने संदेश में सभी लोगों को भेद भाव मिटाकर मानवता के आधार पर एकजुट होने का आह्वान किया और कहा की इंसानियत ही सच्चा धर्म है। मंच संचालन प्रवीण सिंह, अनीश मिंज, दीपांजली बखला और अनुराधा तिग्गा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर नेहा मिंज ने किया । गैदरिंग का अयोजन महाविद्यालय के कल्चरल कमेटी और स्टूडेंट्स

### संस्था ने गरीबों के बीच कंबल वितरित की

**बरवाडीह।** प्रखंड के केड़ पंचायत के कई गांव में जरूरतमंदों लोगो के दर्जनों कंबल का वितरण नारायण सेवा समिति सतबरवा ट्रस्ट द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार सूरत के कपड़ा व्यवसाई विजय जैन द्वारा उपलब्ध कराए गए गरम कपड़ा कंबल का क्षेत्र में निरंतर जरूरतमंद लोगों के बीच नारायण सेवा समिति द्वारा वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में दानदाता विजय जैन द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल को गुरुवार को नारायण सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्दोष कुमार द्वारा पूरे पंचायत में घूम घूम कर अत्यंत वृद्ध व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। निर्दोष कुमार ने बताया कि माननीय विजय जैन द्वारा उपलब्ध कराए गए। कंबल कई गांव की जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया गया।

# नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही आंगनबाड़ी केद्र-01 की सेविका

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत मंझगावां पंचायत के महेशा भाग 01 आंगनबाडी केंद्र में पदस्थापित सेविका विणा कुमारी सरकारी कार्य का बहाना बनाकर नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही हैं। गुरुवार को मंझगावां पंचायत के मुखिया मंजीत सिंह क्षेत्र भ्रमण के दौरान आंगनबाडी केंद्र लगभग 10.04 मीनट पर पहुंचे तो केंद्र में ताला लटका पाया। इसके बाद मुखिया ने सेविका को फोन से संपर्क किया तो सेविका केंद्र पहुंची। केंद्र नहीं खोलने का कारण फार्म भरने का बहाना कर सवाल जबाब करने पर उतारु हो गई।



सरकार व जिला प्रशासन शिक्षा में लाख गुणवत्ता लाने की दावा कर ले पर आंगनबाडी केंद्र संचालन में कोई सुधार होता नहीं दिख रहा। आंगनबाडी केंद्रों में आज अभिवंचित अभिभावकों के बच्चे पढाई करते हैं जिनके भविष्य से खिलवाड़ की जा रही है। इसके अलावा केंद्र संचालन नहीं होने से पोषाहार भी डकार ली जा रही है। मुखिया ने उपायुक्त को पत्र लिखकर शिकायत करने की बात कही। वहीं इस विषय पर प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अन्वेशा ओना ने बताया कि वैसा कोई आदेश नही है कि केंद्र बंदकर कर कोई कार्य किया जाए। अगर सेविका फार्म भरने गई हैं तो सहायिका केंद्र का संचालन करेंगी।

### अभाविप ने नियोजन नीति पर चर्चा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अभाविप के द्वारा जिला संयोजक अभय वर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। जिसका संचालन मेदिनीनगर नगर इकाई का नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने किया। बैठक में मुख्य रूप से वर्तमान झारखंड सरकार द्वारा बनाई गई नई नियोजन नीति को उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त किये जाने पर चर्चा हुई। बैठक में निमावली को बताते हुए विनीत पांडे ने कहा कि झारखंड सरकार की वर्ष 2021 की नियुक्ति नियमावली को झारखंड हाईकोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ. रवि रंजन और जस्टिस उदित नारायण प्रसाद की अदालत ने शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए इस नीति को संविधान की मूल भावना और समानता के अधिकार के खिलाफ भी बताया। अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए इस नीति के तहत हुई नियुक्ति और नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन को भी रद्द कर दिया है। अदालत ने जेएसएससी को इस नीति के तहत निकाले गये। नियुक्ति के सभी विज्ञापन को रद्द करते हुए नया विज्ञापन निकालने का निर्देश दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि सरकार की नीति में झारखंड के संस्थान से ही 10वीं और 12वीं की पढ़ाई पूरी करने की बाध्यता सिर्फ सामान्य श्रेणी के लोगों के लिए लगाई गई है। जबकि आरक्षित श्रेणी को इससे बाहर रखा गया है। सरकार का यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। जो किसी प्रकार के भेदभाव की अवधारणा नहीं रखता है। सरकार ने क्षेत्रीय भाषा हिंदी और अंग्रेजी को हटा दिया व उर्दू, ओड़िया और दूसरी भाषाओं को शामिल किया है, लेकिन ऐसा करने का कोई आधार नहीं बताया गया है। सरकार ने ऐसा कोई सर्वे भी नहीं किया है जिससे यह पता चले कि हिंदी बोलने वालों की संख्या कम हो गई है तथा उर्दू और दूसरी भाषा बोलने वाली संख्या बढ़ी है। मौके पर जिला संयोजक अभय वर्मा ने कहा कि झारखंड सरकार छात्र हित का ख्याल रखते हुए जल्द से जल्द नई नियोजन नीति बनायें और झारखंड में सभी रिक्तियों को भरने का कार्य अविलंब करें। बैठक में मुख्य रूप से जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप,एसएफएस प्रमुख रजनीकांत मिश्रा,एसएमडी प्रमुख गोविंद मेहता,मेदिनीनगर नगर सह मंत्री नितीश दुबे अभिषेक कुमार रवी,प्रकाश पांडे,धीरज कुमार पांडे निलेश यादव,मिथिलेश यादव,सौरभ पांडे अक्षय कुमार पाल,अखिलेश यादव,कॉलेज मंत्र यादव चौबे आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# तेंदुआ की खोज में निकला वन विभाग,आदमखोर घोषित करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू व गढ़वा में दो बच्चियों की जान लेने वाले तेंदुआ को आदमखोर घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वन विभाग की टीम ने दोनों जगहों से तेंदुए का पगमार्क (फुटप्रिंट) लिया है। जिसमें इस बात की पुष्टि हुई है कि दोनों बच्चियों की जान लेने वाला एक ही तेंदुआ है। वन विभाग की जांच में इस बात की भी पुष्टि हुई है कि हमलावर तेंदुआ नर है। दरअसल, गढ़वा के भंडरिया थाना क्षेत्र के रोदो में एक सप्ताह पहले तेंदुआ एक बच्ची को मार कर खा गया था। जबकि सोमवार की शाम रंका थाना क्षेत्र के सेवाडीह में तेंदुए ने एक बच्ची को मार डाला था। इस दौरान तेंदुआ ने अलग-अलग इलाकों में एक महिला व एक पुरुष को भी जख्मी किया था। वन विभाग की टीम बुधवार को गढ़वा के रमकंडा, रंका, भंडरिया व चिनिया के इलाके में घूम-घूम कर तेंदुआ की खोजबनी की, लेकिन तेंदुआ नहीं मिला। वहीं मामले में वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सावधान रहने की भी अपील की है। भंडरिया और उसके आसपास के इलाकों में क्रिसमस के दौरान बड़े पैमाने पर गैदरिंग होती है। वन विभाग के अधिकारियों ने क्रिसमस गैदरिंग के दौरान रात में लोगों से सावधान रहने की अपील की है और अनावश्यक रूप से रोड पर नहीं निकलने का भी आग्रह किया है। इस संबंध में गढ़वा डीएफओ दिलीप यादव ने बताया कि वैज्ञानिक पहलुओं पर विचार करते हुए तेंदुआ को आदमखोर घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। तेंदुआ को पकड़ने के लिए कई इलाकों में केज लगाये गये हैं और वन विभाग की टीम लगातार प्रयास कर रही है। पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में भी तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।



डीएफओ दिलीप कुमार ने बताया कि क्रिसमस गैदरिंग के दौरान लोगों को सावधान रहने के लिए माइकिंग करायी जा रही है। गढ़वा के इलाके में तेंदुआ को पकड़ना वन विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। पिछले 48 घंटे के अंदर तेंदुआ द्वारा शिकार पर हमला करने की सूचना सामने नहीं आई है। तेंदुआ को पकड़ने के लिए पलामू टाइगर रिजर्व के ट्रेंकुलाइजर की भी एक टीम इलाके में कैंप कर रही है। तेंदुआ को इंजेक्शन दे कर बेहोश करने का टीम प्रयास करेगी। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेंदुआ पेड़ों पर चढ़ कर छुप जाता है और ग्रामीणों को आसानी से नजर नहीं आता है। इस कारण इसे खोजना चुनौती है। अधिकारियों ने बताया कि रमकंडा-चिनिया सीमा पर कुछ लोग अपने मवेशी को लेकर जंगल के इलाके में गये थे। मवेशी खुद जंगल से निकलकर भाग गये हैं।

### अटॉर्नी जनरल का पुतला दहन किया गया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में बीती शाम स्थानीय छह मुहान चौक पर केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी का पुतला दहन किया गया। गौरतलब है कि अटॉर्नी जनरल ने 5 दिसंबर को सर्वोच्च न्यायलय में चर्चा के दौरान कथित तौर पर कहा था कि जिस तरह से जरासंध को टुकड़े-टुकड़े करके फेंक दिया गया था । उसी प्रकार जाली नोट को फाड़ दिया जाये । इस प्रकार का असंसदीय भाषा का प्रयोग से चंद्रवंशी समाज संसद से सड़क तक आंदोलन की तैयारी चला रहा है। अगर अटरनी जनरल को बर्खास्त नहीं किया गया तो चंद्रवंशी समाज के द्वारा आंदोलन की रणनीति बनाई जायेगी। इस अवसर पर शैलेंद्र कुमार शैलू ने कहा कि इतने उच्च पदों पर बैठे लोग अगर इस तरह से देश को तोड़ने वाला व समाज को बांटने वाला बयान देंगे ,तो देश की शांति भंग होगी। रामनाथ चंद्रवंशी ने कहा कि यह सोची समझी साजिश के तहत इस तरह का बयान दिया गया है। जो अशोभनीय है और माफी योग्य नहीं है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष विजय चंद्रवंशी ने कहा की जरासंध का इतिहास गौरवशाली रहा है। एक तरफ बिहार सरकार ने राजगीर में जरासंध महाराज का स्मारक बनाने की आधिकारिक घोषणा की है, वही केंद्र सरकार के मुख्य कानूनी सलाहकार द्वारा असंसदीय भाषा का प्रयोग किया जाना दुखद है। शैलेश चंद्रवंशी ने कहा कि जरासंध शिव भक्त और प्रजा के प्रिय रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अमित चंदेल वार्ड पार्षद लाल बाबू , रंजित चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी ,संजय चंद्रवंशी, लल्लू ,पप्पू जी , कौशल किशोर बच्चन ,सुधीर कुमार ,विशुन राम, बिट्टू चंद्रवंशी, अभिषेक राज, सुधीर चंद्रवंशी उपस्थित थे।

**बेतला | जंगल में बने मड व ट्री हाउस में मिलेगी सुविधा**

# अब सैलानी आसानी से समय बिता सकेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेतला नेशनल पार्क में पर्यटकों के लिए नये साल पर हर बार कुछ नया और रोचक होता है। अबकी बार बेतला नेशनल पार्क आनेवाले पर्यटकों के लिए जंगल में वक्त गुजारने की व्यवस्था की गई है। पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने बक्सा मोड़ पर मड व ट्री हाउस का निर्माण कराया है। मिट्टी व लकड़ी के इस घर में सैलानियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। यहां एसी व गीजर सहित अन्य सुविधाएं होंगी। हाउस की बुकिंग कराकर सैलानी यहां समय बिता सकते हैं। बेतला नेशनल पार्क के मुख्य गेट से नेतरहाट के रास्ते में करीब 4 किलोमीटर दूर बक्सा मोड़ पर 3 मड हाउस बनाये गये हैं और इनके ऊपर ट्री हाउस का निर्माण किया गया है। मड और ट्री हाउस को इस



नये साल पर सैलानियों के लिए खोल दिया गया है। पलामू टाइगर रिजर्व की वेबसाइट पर जाकर इसकी ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं। इसके अलावा बेतला पार्क के रिसेप्शन पर भी बुकिंग की जा रही है। एक हाउसा का चार्ज रोजाना 2000 रुपये से लेकर 3000 रुपये होंगे। मड व ट्री हाउस के आसपास लोग जंगली जानवरों को करीब से देख सकेंगे। हालांकि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किये गये हैं। बेतला पीटीआर के फॉरेस्टर निरंजन कुमार ने बताया कि बेतला नेशनल पार्क में मड हाउस बनकर तैयार हो गया है। फिलहाल 3 मड हाउस बनाये गये हैं और इनके ऊपर ट्री हाउस का निर्माण किया गया है। पर्यटकों को यहां समय बिताने में काफी आनंद आयेगा। रात में ठहरने की व्यवस्था की गई है। यहां से जंगल की खूबसूरती के साथ-साथ जानवरों को भी देख सकेंगे। सुरक्षा के लिए गार्ड की तैनाती की जायेगी। यहां आनेवालों लोगों की मांग पर इसे बनाया गया है।

### 25 को होगा कोयल किनारे, कवि गोष्ठी सह सम्मान कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आरंभ आर्य फाउंडेशन व कन्या सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त बैनर तले कोयल नदी तट पर अवस्थित मरीन ड्राइव पर 25 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से कवि गोष्ठी सह सम्मान सभा का आयोजन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में परिमल प्रवाह, पलामू, साहित्य युवा मंच, अदबी संसार आदि पलामू के विभिन्न साहित्यिक संगठन भाग लेंगें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में निगम की मेयर अरुणा शंकर, विशिष्ट अतिथियों में डिप्टी मेयर राकेश कुमार सिंह, प्रोफेसर एस.सी. मिश्र, प्रोफेसर के.के.मिश्र, शिरकत करेंगें। इसकी जानकारी आरंभ आर्य फाउंडेशन के सदस्य शुभम प्रसाद एवं कन्या सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के निदेशक मिथिलेश कुमार ने दी। मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार गुप्ता, परिमल प्रवाह के अध्यक्ष डॉ. विजय प्रसाद शुक्ल, संरक्षक हरिवंश प्रभात, अदबी संसार के संस्थापक एम. जे. अजहर, यंग स्टार ग्रुप से अविनाश तिवारी, मनीष मिश्रा आदि उपस्थित थे।



**ज्ञान की बात**

हमें अपने जीवन में बड़ा लक्ष्य रखना चाहिए। जीवन में विकास को लेकर हमें मानसिकता बनानी चाहिए। हमेशा आगे बढ़ना है, ऐसी सोच हमारी हो। हमें अपने पसंद के ही काम करना चाहिए। हारने से डरने की कोई जरूरत नहीं होनी चाहिए। कठिनाईयां आएंगी, तो उनका डटकर सामना करें। जो भी कार्य हाथ में लिया है, उसे लगातार करते रहें। आप जब भी किसी अन्य से बात करें तो सकारात्मकता के साथ बात करें। अगर सकारात्मकता नहीं है तो बात न करें पर मन में, वाणी में कहीं से भी नकारात्मक भाव न लाएं। सबसे जरूरी है, आप खुद पर विश्वास रखें। आप स्वयं देखेंगे, जब ये सारे काम आप करने लगेंगे तो आप सफल हो जाएंगे।

*-टी नारायण मूर्ति*



# विरोध करने के लिए किया गया विरोध आपको मजबूत नहीं बनाता

***लोकतांत्रिक*** प्रक्रिया में सत्ता पक्ष की आलोचना करने का विपक्ष को पूरा अधिकार होता है। भारत में विरोध करने का मूलभूत अधिकार तमाम जनप्रतिनिधियों को है। विरोध के इतिहास पर नजर डालेंगे तो जवाहरलाल नेहरू से लेकर नरेंद्र मोदी तक को संसद में विरोध का सामना करना पड़ा है। तब के विरोध में और अब के विरोध में बड़ा फर्क आया है। अब तो कई बार ऐसा प्रतीत होता है, गोया विरोध करने के नाम पर विरोध किया जा रहा हो।


गुरुवार को लोकसभा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री कोरोना वायरस को लेकर बयान दे रहे थे। इस बयान को लेकर कांग्रेस ही सबसे ज्यादा आग्रही थी। दो बज कर 5 मिनट पर, जैसे ही स्वास्थ्य मंत्री ने कोरोना पर बयान देना शुरू किया, विपक्ष ने हो-हल्ला-हंगामा करना प्रारंभ कर दिया। इधर स्वास्थ्य मंत्री लिखित बयान पढ़ रहे थे, उधर कांग्रेस समेत एक-दो विपक्षी पार्टियां हंगामा कर रही थीं। ये लोग नारेबाजी कर रहे थे। जो लोग टीवी पर इसे लाइव देख रहे थे, उन्हें सही तरीके से स्वास्त्य मंत्री का वक्तव्य सुनाई नहीं दिया होगा, ऐसा लगता है। जब शोर हो रहा तो कहां कोई किसी की बात सही तरीके से सुन पाता है। यही गुरुवार को भी हुआ। यह बात समझ से परे है कि जब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री कोरोना को लेकर कोई बयान पढ़ रहे हों तो उसमें नारेबाजी या अवरोध पैदा करने की क्या जरूरत थी। अगर आप मंत्री के बयान से असहमत हैं तो आप बयान पढ़ने के बाद अपना विरोध दर्ज करा सकते हैं। जब बयान पढ़ा जा रहा हो, तब विरोध करना किसी भी पढ़े-लिखे शख्स को खराब ही लगेगा। एक व्यवधान उत्पन्न होता है। उससे कुछ हासिल भी नहीं होता। गुरुवार को भी यही हुआ।

कांग्रेस को यह सोचना होगा कि आज अगर वह देश के महज दो राज्यों में सिमट कर रह गई है तो इसके पीछे के क्या कारण हैं। यह समझ में आने वाली बात है और कई शोधार्थियों के शोध का निष्कर्ष भी है कि कांग्रेस में अब विरोध करने के, मुद्दों को उठाने के, सकारात्मक बहस कराने की क्षमता प्रायः गौण हो चली है। कांग्रेस अब

**मुद्दों के आधार पर विरोध हो, जैसा नेहरू का वाजपेयी करते थे। बेहद तीखा विरोध करते थे पर वह मुद्दा आधारित विरोध हुआ करता था। आज की तरह नहीं कि विरोध करने के लिए विरोध किया जाए।**

यह मान कर चलती है कि जो उसे पसंद नहीं आएगा, जहां उसके मन की बात नहीं कही जाएगी, वहां वह विरोध करेगी, सदन की कार्यवाही को अवरुद्ध करेगी और लोग उसे उस रूप में देख भी रहे हैं। कांग्रेस को यह समझना होगा कि विरोध करने की राजनीति के नाम पर किसी भी चीज के विरोध कर देने भर से उसे कोई माइलेज नहीं मिलने वाला। खास कर, नव निर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष को यह विशेष तौर पर ध्यान रखना होगा कि जनता अब उन्हें कसौटियों पर परख रही है। अगर जनता को लगा कि यह वही पार्टी है, कोई बदलाव नहीं आया इसमें तो आने वाले दिनों में कांग्रेस को घाटा हो सकता है।

# अभद्र भाषा और नकली बीमारी



***भारतीय*** जनता पार्टी इधर अभद्र भाषा को लेकर कुछ ज्यादा ही संवेदनशील दिखती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आजादी की लड़ाई में बीजेपी की भूमिका का सवाल उठाया। कहा कि आपके यहां से किसी ने शहादत नहीं दी- एक कुत्ता भी नहीं मरा। बस यह कुत्ता शब्द बीजेपी को लग गया। बाकी बातें छोड़ कर उसने इस कुत्ते की पूंछ पकड़ ली और उसके नेता खड़गे से माफी की मांग करने लगे।

क्या खड़गे को कुत्ता शब्द इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था? न करते तो अच्छा होता। कुत्तों को हम वैसे भी बहुत हिकारत से देखने लगे हैं। जबकि कुत्ते इंसान के सबसे वफादार दोस्तों में रहे हैं। उनके दुम हिलाने के हजार मतलब होते होंगे, लेकिन हम एक ही समझते हैं।

बहरहाल, भारतीय राजनीति ने इस कुत्ता शब्द के और भी बुरे इस्तेमाल देखे हैं। 2014 से पहले प्रधानमंत्री पद की दौड़ में लगे तब के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा गया कि 2002 के गुजरात दंगों का दर्द उन्हें नहीं है? उन्होंने बहुत मासूमियत से जवाब दिया कि दर्द तो तब भी होता है जब गाड़ी के नीचे कोई पिल्ला आ जाता है। अगर प्रधानमंत्री मोदी की यह इंसानियत अभद्र नहीं थी तो खड़गे की सियासत कैसे अभद्र हो गई?

दिलचस्प ये है कि मल्लिकार्जुन खड़गे से माफी की मांग करने वाली बीजेपी इससे भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल करती नजर आई। केंद्र सरकार के संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मौजूदा कांग्रेस को इटैलियन कांग्रेस बता डाला, मल्लिकार्जुन खड़गे को रबर स्टांप अध्यक्ष बता दिया। आखिर इस कांग्रेस को इटैलियन कांग्रेस कहने का अर्थ क्या है? क्या सोनिया गांधी के इतालवी अतीत को लेकर राजनीतिक टीका-टिप्पणी अभद्र नहीं है? 2014 में मोदी के आने से पहले इसी कांग्रेस ने दस साल देश की सत्ता संभाली और सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा और भूमि अधिग्रहण कानून जैसे ढेर सारे ऐसे कायदे दिए जिनकी कोई बराबरी नहीं।

वैसे अभद्र भाषा की इस होड़ में बीजेपी के साथ दूसरी तमाम पार्टियां शामिल हैं। दुर्भाग्य से ज्यादातर ऐसी अभद्र भाषा के निशाने पर स्त्रियां होती हैं। पिछले कुछ वर्षों में इस देश की राजनीति में 'कांग्रेस की विधवा', 'पचास करोड़ की गर्लफ्रेंड', 'शूर्पनखा जैसी हंसी' और 'दीदी ओ दीदी' जैसे उद्गार उन कमलमुखों से निकले हैं जिनसे इनकी अपेक्षा सबसे कम होनी चाहिए थी। इसी तरह मायावती, जयाप्रदा, सुषमा स्वराज और स्मृति ईरानी पर दूसरे लोग अभद्र टिप्पणियां कर चुके हैं। जहां यह अभद्रता नहीं होती, वहां भी ऐसा हल्कापन होता है जिसका जवाब नहीं। कांग्रेस नेता अजय राय ने स्मृति ईरानी के अमेठी आने-जाने को 'लटका-झटका' बताया। ऐसा करके उन्होंने दरअसल अपने प्रति राय खराब कर ली। स्मृति ईरानी खुद दूसरों को लेकर बहुत सख़्त भाषा इस्तेमाल करती रही हैं। और ऐसा करते हुए वे प्रशंसा कम, आलोचना ज्यादा अर्जित करती रही हैं। लेकिन मामला अभद्र भाषा का नहीं है, अपनी राजनीति को संजीदगी से लेने का है। ऐसा प्रतीत होता है कि बीजेपी बस सत्ता को संजीदगी से लेती है, चुनाव को संजीदगी से लेती है, उसके बाद के दायित्वों को नहीं। लोकतांत्रिक संस्थाओं को भी वह गंभीरता से लेती नजर नहीं आती- संसद की सर्वोच्चता का भी सम्मान नहीं करती। अगर कर रही होती तो अलवर की एक रैली में दिए गए भाषण पर वह खड़गे से माफी मांगने की बात नहीं करती। खड़गे का कुत्ता बयान जैसा भी हो, उनकी यह दलील सही है कि संसद के बाहर दिए गए बयान पर संसद के भीतर माफी मांगने का औचित्य नहीं है। अगर बीजेपी खड़गे को माफी मांगने पर मजबूर करना चाहती है तो यह काम उसे संसद के बाहर करना होगा। और यह काम उसे आजादी की लड़ाई में अपने वैचारिक पुरखों की सकारात्मक भूमिका साबित करते हुए करना होगा। दरअसल इसी मोड़ पर बीजेपी दुविधा में पड़ती है। आजादी की लड़ाई के पन्ने खुलते हैं तो आरएसएस और हिंदू महासभा दोनों अलग-अलग ढंग से मुस्लिम लीग की तरह अंग्रेजों के काम आते दिखाई पड़ते हैं। जालियांवाला बाग की गोलियां खाने से पहले अमृतसर की रामनवमी और बैशाखी के साथ हिंदू-मुस्लिम एकता के सूत्रों में बंधा जो बहुभाषिक, बहुसांस्कृतिक और बहुधार्मिक राष्ट्रवाद भारत में पैदा हुआ, बीजेपी की वैचारिकी उसकी गर्भ में ही हत्या कर देने पर तुली थी। राजनीति, लोकतांत्रिक संस्थाओं और जरूरी मुद्दों के प्रति वैसे तो पूरी भारतीय राजनीति में संजीदगी घटी है, लेकिन बीजेपी ने उनका जो शिगूफाकरण किया है, वह कई मायनों में अनूठा है।

**खड़गे का कुत्ता वाला बयान जैसा भी हो, उनकी यह दलील सही है कि संसद के बाहर दिए गए बयान पर संसद के भीतर माफी मांगने का औचित्य नहीं है। अगर बीजेपी खड़गे को माफी मांगने पर मजबूर करना चाहती है तो यह काम उसे संसद के बाहर करना होगा। यह काम उसे आजादी की लड़ाई में अपने वैचारिक पुरखों की सकारात्मक भूमिका साबित करते हुए करना होगा। दरअसल इसी मोड़ पर बीजेपी दुविधा में पड़ती है।**

इन दिनों



प्रियदर्शन

## बोधि वृक्ष

### गुरु तो सदैव तुझमें हैं, रहेंगे

***स्वामी*** रामकृष्ण परमहंस जी की खाँसी से स्वामी विवेकानंद जी बहुत चिंतित थे। एक दिन परमहंस जी ने विवेकानंद जी को अपने पास बुलाया और बोले-नरेंद्र, तुझे वो दिन याद है, जब तू अपने घर से मेरे पास मंदिर में आता था? तूने दो-दो दिनों से कुछ नहीं खाया होता था। अपनी माँ से झूठ कह देता था कि तूने अपने मित्र के घर खा लिया है, ताकि तेरी गरीब माँ थोड़े बहुत भोजन को तेरे छोटे भाई को परोस दें। हैं न नरेंद्र ने रोते हुए हाँ में सर हिलाया। परमहंस बोले-यहां मेरे पास आता, तो अपने चेहरे पर खुशी का मुखौटा पहन लेता। मैं भी झट जान जाता कि तेरा शरीर क्षुधाग्रस्त है। और फिर तुझे अपने हाथों से लड्डू, पेड़े, माखन-मिश्री खिलाता था। है ना? नरेंद्र ने सुबकते हुए गर्दन हिलाई। अब परमहंस फिर मुस्कुराए और प्रश्न पूछा कैसे जान लेता था मैं यह बात? कभी सोचा है तूने? नरेंद्र सिर उठाकर परमहंस को देखने लगे। नरेंद्र ने कहाः क्योंकि आप अंतर्यामी हैं गुरुदेव। अंतर्यामी किसे कहते हैं? नरेंद्र - जो सबके अंदर की जाने। परमहंस-कोई अंदर की कब जान सकता है। अर्थात मैं तेरे अंदर भी बैठा हूँ। नरेंद्र-जी आप मेरे हृदय में समाये हुए हैं। परमहंस-तेरे भीतर में समाकर मैं हर बात जान लेता हूँ। हर दुःख दर्द पहचान लेता हूँ। तेरी भूख का अहसास कर लेता हूँ, तो क्या तेरी तृप्ति मुझ तक नहीं पहुँचती होगी? अरे पगले, गुरु अंतर्यामी है, अंतर्जगत का स्वामी है। वह अपने शिष्यों के भीतर बैठा सबकुछ भोगता है। मैं एक नहीं हजारों मुखों से खाता हूँ। याद रखना, गुरु कोई बाहर स्थित एक देह भर नहीं है।

# संघर्षों के दम पर नाम कमाती महिलाएं

***साल*** 2022 खत्म होने को है, ऐसे में इस साल तमाम उठा-पठक के बीच देश को कई बार महिलाओं ने अपने आंदोलन और संघर्षों से झकझोरा है। एक ओर हिजाब विवाद में नारे लगाती औरतों ने सत्ता की नींद उड़ा दी, तो वहीं दूसरी ओर गीतांजलि श्री को मिले इंटरनेशनल बुकर प्राइज ने महिलाओं के हौसलों को नई उड़ान दी। सेना से लेकर सर्वोच्च अदालत तक महिलाओं ने पितृशाही और मनुवादी सोच को चुनौती देकर अपनी जीत मुकम्मल की।

राजनीति की ओर देखें, तो इस साल इतिहास में पहली बार कोई आदिवासी महिला देश के शीर्ष पद पर विराजमान हुईं। भले ही लोग इसे एक चुनावी रणनीति के तौर पर सांकेतिक ही क्यों न मानें, लेकिन ये एक उम्मीद तो है ही। खेल की दुनिया में उड़न परी पीटी उषा इस साल भारतीय ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष बनीं।

बीते साल 2021 की खट्टी-मीठी यादों से शुरू हुए इस साल इस साल की शुरूआत में पूरी दिल्ली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। उन्होंने 31 जनवरी को मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास का घेराव करते हुए अपने संघर्ष की हुंकार भरी। उनकी मांग थी कि उनके वेतन को बढ़ाया जाए और उन्हें सरकारी कर्मचारी होने का दर्जा मिले। ये वो सब महिलाएं थी जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना कोरोना काल के दौरान लॉकडाउन में जनता को सेवाएं दी। हालांकि ये पहली बार नहीं था, जब आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने विरोध प्रदर्शन किया हो। पहले भी कई बार इन महिलाओं ने अपनी आवाज उठाई लेकिन सरकार द्वारा दिए गए झूठे आश्वासन के चलते इनके संघर्ष का कोई नतीजा नहीं निकला। फिर भी ये महिलाएं अपने अधिकारों के लिए लगातार संघर्षरत हैं। वैसे तो हिजाब विवाद बीते साल जुलाई के महीने में शुरू हुआ था, जब कर्नाटक के उडुपी ज़िले में एक जूनियर कॉलेज ने छात्राओं पर स्कूल में हिजाब पहनकर आने पर रोक लगा दी थी। लेकिन जब इस साल लॉकडाउन खुलने के बाद छात्राओं को पता लगा कि उनकी सीनियर्स हिजाब पहना करती थीं तो उन्होंने इस आधार पर कॉलेज प्रशासन से हिजाब पहनने की अनुमति मांगी। लेकिन उन्हें क्लास के भीतर हिजाब पहनने की अनुमति नहीं मिली। इसके बाद इन लड़कियों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया और इस मुद्दे को लेकर कोर्ट में भी गईं। कर्नाटक राज्य से शुरू हुआ यह मुद्दा धीरे-धीरे पूरे देश में फैलने लगा। देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा ये मामला महिलाओं को अपनी पसंद के कपड़े पहनने से जुड़े अधिकार को लेकर था। उनकी भी मंशा यही थी कि उनके पहनावे पर कोई पाबंदी ना हो, वो अपनी पसंद के लिए आजाद हो। देश में जब हिजाब का मामला विवादों में आया, तो कई सामाजिक और नागरिक संगठन न चाहते हुए भी इसकी ओर कदम बढ़ाने लगे, वो इसके हिमायती नहीं थे लेकिन वो इसे जबरन उतरवाने के खिलाफ थे। उन्हें डर था कि इसके चलते कहीं मुस्लिम लड़कियां शिक्षा से दूर न हो जाएं और शायद यही वजह है कि विरोध में और ज्यादा महिलाओं ने हिजाब की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट का फैसला जो भी हो उसका व्यापक असर देखने को मिलेगा क्योंकि ये मुद्दा अब धर्म और शिक्षा से काफी आगे चला गया है।

इस साल देश ने आजादी के 75 साल का जश्न अमृत महोत्सव के रूप में मनाया। इस साल ये संयोग भी रहा कि संसदीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी और महिला वकीलों की अदालत में दस्तक के 100 साल भी 2022 में पूरे हुए। इन सालों में कई उपलब्धियां औरतों ने हासिल कीं, जो निश्चित तौर पर याद करने योग्य है लेकिन समाज में पितृसत्ता का बोलबाला आज भी ऐसा है कि महिलाओं के सालों पुराने मुद्दे जस के तस बने हुए हैं।

सालों से संसद में महिला आरक्षण बिल लटका हुआ है, जो इस साल भी लटका ही रहा। हालांकि महिलाओं ने इसे लेकर इस साल भी अपनी आवाज बुलंद की। साल 2022 में गीताजंलि श्री हिंदी भाषा के किसी उपन्यास के लिए अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार हासिल करने वाली पहली भारतीय लेखिका बन गईं।


**यूं तो महिलाओं के संघर्ष ने एक लंबा सफर तय किया है लेकिन बीते कुछ सालों में जिस तरह महिलाएं बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरीं और उन्होंने अपनी आवाज बुलंद की, उसने आने वाले दिनों में महिला आंदोलनों की एक नई इबारत लिख दी है। दरअसल, इन्होंने फर्श से अर्श को छू लिया है, इसलिए ये महिलाएं खबरों में हैं।**

आधी आबादी



सोनिया यादव

## फोटो की दुनिया



**चीन में जिस तरीके से कोरोना का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है, उसे ध्यान में रखते हुए अब चीन की सरकार ने 10 साल से छोटे बच्चों का भी कोरोना टेस्ट करवाना अनिवार्य कर दिया है। कोरोना से चीन की हालत बेहद खराब हो गई है।**

## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# भारत से जंग और इंदिरा को आदर्श मानने की कहानी

***पाकिस्तान*** के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का एक बयान इन दिनों सुर्खियों में है। उन्होंने 15 दिसंबर, 2022 (गुरुवार) को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुजरात का कसाई कहा था। इससे पहले भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को आतंकवाद का केंद्र करार दिया था। जयशंकर के बयान के जवाब में बिलावल ने मोदी के खिलाफ ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया था।

भारत ने बिलावाल भुट्टो के बयान पर कड़ा एतराज जताया था और इसे असभ्य करार दिया था।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से सोमवार को बिलावल की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि पाकिस्तान ने जो कहा, उससे यही उम्मीद की जा सकती है। भुट्टो परिवार को बहुत करीब से जानने वाले और भुट्टो की बायोग्राफी (मेरा लहू) लिखने वाले वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक फर्रुख सुहैल गोइंदी कहते हैं कि भुट्टो की लोकप्रिय राजनीति की शुरूआत ही ताशकंद समझौते के विरोध से होती है। इसी दौरान भुट्टो का एक बयान बहुत ही मशहूर हुआ था, जब उन्होंने 1967 में एक राजनीतिक रैली में कहा था कि हम भारत से एक हजार साल तक जंग लड़ेंगे। फर्रुख सुहैल गोइंदी के अनुसार 60 के दशक में पाकिस्तान में भारत विरोधी राजनीतिक लहर थी और भुट्टो ने अपनी सियासत को आगे बढ़ाने के लिए इसका पूरा फायदा उठाया। 15 दिसंबर, 1971 में जिस दिन ढाका पर भारतीय सेना ने जीत हासिल की थी उस दिन भुट्टो अमेरिका में थे। उन्होंने समझौते का संयुक्त राष्ट्र में विरोध किया और उस समझौते के कागजात को फाड़कर फेंक दिया था और संयुक्त राष्ट्र की बैठक से बाहर निकल आए थे। लेकिन फिर वही भुट्टो 1972 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ शिमला समझौता करते हैं, जिसमें पाकिस्तान ने पहली बार इस बात को स्वीकार किया कि कश्मीर का मसला दोनों देश (भारत और पाकिस्तान) आपस में बातचीत के जरिए हल करेंगे और इसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई जरूरत नहीं।

शिमला समझौते के बाद फ्रांस के एक अखबार को उन्होंने इंटरव्यू दिया था। पत्रकार ने जब उनसे एक हजार साल तक युद्ध की बात और फिर शिमला समझौता की बात की तो भुट्टो ने अपने बयान से पलटते हुए कह दिया कि भारतीय उप-महाद्वीप में मुसलमानों का इतिहास एक हजार साल पुराना है और वो दरअसल इसके बारे में बयान दिया था ना कि भारत से एक हजार साल तक लड़ने की बात की थी। लेकिन सिर्फ दो साल के बाद 1974 में भारत ने जब पहला परमाणु परीक्षण किया तो भुट्टो ने फौरन एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा कि भारतीय उप-महाद्वीप अब असुरक्षित हो गया है और इसलिए अब पाकिस्तान भी परमाणु शक्ति बनेगा। उनका एक और बयान बहुत मशहूर हुआ जब उन्होंने कहा था कि हम घास खा लेंगे लेकिन परमाणु बम जरूर बनाएंगे। लाहौर स्थित पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार सैय्यद मुमताज अहमद कहते हैं कि जुलफिकार अली भुट्टो ने ताशकंद समझौते का इस्तेमाल करके अय्यूब खान के खिलाफ एक आंदोलन की शुरूआत की और पाकिस्तान की जनता के सामने खुद को कश्मीर के हीरो के तौर पर पेश किया। पाकिस्तानी सत्ता, दक्षिणपंथी धार्मिक गुट और खासकर सेना में भुट्टो परिवार को शक की निगाह से देखा जाता है, कम से कम उस तरह से नहीं देखा जाता है जिस तरह से मुस्लिम लीग को देखा जाता है। लेकिन भुट्टो को शक की निगाह से क्यों देखा जाता था इसकी एक वजह फर्रुख गोइंदी कहते हैं कि भुट्टो ने 1967 में जो आंदोलन चलाया था वो बहुत ही क्रांतिकारी आंदोलन था जो पूरी तरह से वामपंथी विचारधारा से प्रभावित था और जो धार्मिक समूहों और सेना के विरोध में था। उनके अनुसार इस आंदोलन में सबसे ज्यादा आम नौजवान और कामगार शामिल थे।

बाद में, अस्सी के दशक में भारत में जब इंदिरा गांधी फिर से सरकार में आईं तो पाकिस्तान में उन्हें आयरन लेडी और न जाने क्या-क्या उपाधियां दी गईं। वही पाकिस्तान आज रंग बदल रहा है।

**पाकिस्तान का स्टैंड समय-समय पर बदलता रहा है। जो बिलावल भुट्टो नरेंद्र मोदी को गुजरात कहते नहीं थक रहे, उन्हीं के नाना और मां एक दौर में इंदिरा गांधी को आयरन लेडी कहती थीं। बाद के दिनों में यह कहा जाने लगा कि पाकिस्तान भूखे रह कर भी ऐटम बम बनाएगा और जरूरत पड़ी तो चलाएगा भी। इसी सोच के कारण पाकिस्तान आज भी गर्त में है।**

दुनिया-समाज



इकबाल अहमद

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

NEWS इन ब्रीफ

## दलाई लामा पहुंचे बोधगया, स्वागत



**गया।** बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा गुरुवार सुबह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बोधगया पहुंचे। यहां जिला पदाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एसएम ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही वरीय पुलिस अधीक्षक हरप्रीत कौर, सचिव बीटीएमसी, तिब्बत मॉनेस्ट्री के सचिव और पदाधिकारियों ने भी उनका स्वागत किया। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से वह सीधे तिब्बत मॉनेस्ट्री के लिए रवाना हो गये। बोधगया दोमुहान से तिब्बत मॉनेस्ट्री तक बौद्ध श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या कतारबद्ध होकर उनके स्वागत में खड़ी रही। तिब्बत मॉनेस्ट्री में उनके स्वागत के लिए भव्य आयोजन किया गया। दलाई लामा के बोधगया आने पर बौद्ध धर्म के श्रद्धालुओं में खुशी व्याप्त है।

## खाद-बीज का संकट : कमलनाथ



**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि किसान कर्जमाफी बंद की, मुआवजे के लिए किसानों का रूलाया और अब इनकी सरकार में खाद बीज का संकट बना हुआ है। गुरुवार को कमलनाथ ने अपने ट्वीट के माध्यम से यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार ने पहले किसान कर्जमाफी बंद की, फिर किसानों को मुआवजे के लिये रूलाया और अब खाद-बीज का संकट सामने है। वह किसान भाइयों के साथ खडे हैं। हम सभी किसानों का कर्ज.माफ करने के साथ-साथ समय पर मुआवजा और पर्याप्त मात्रा में खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

## दीवार से टकरायी बाईक, चालक की मौत

**मोतिहारी।** जिले के छौड़ादानो थाना क्षेत्र के तिनकोनी रोड स्थित दक्षिणी भेलवा गांव में देर रात एक बाइक की दीवार से हुई जोरदार टक्कर में बाईक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक बाईक सवार जिले के दरपा थाना क्षेत्र के सुखलहिया गांव निवासी संजय साह का पुत्र दिलीप कुमार (24) है। बताया जा रहा है कि मृतक दिलीप कुमार अपने एक दोस्त के साथ छौड़ादानो से अपने घर सुखलहिया गांव लौट रहा था। इसी बीच तिनकोनी गांव से पूरब पुल पर दरपा पुलिस की गश्ती गाड़ी को देख बाइक सवार तेजी से वापस मोड दिया।

## बर्दवान में शुभेंदु की जनसभा स्थगित

**कोलकाता।** बर्दवान में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की जनसभा रद्द कर दी गई है। भाजपा ने कहा कि जनसभास्थल को लेकर विवाद के कारण गुरुवार को होने वाली शुभेंदु की जनसभा स्थगित कर दी गई है। शुभेंदु अधिकारी गुरुवार को बर्दवान के देवनदिघी में जनसभा करने वाले थे। भाजपा ने इसके लिए तृणमूल को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, तृणमूल ने आरोपों को खारिज कर दिया।

## 12 वर्षों से फरार हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार

**मोतिहारी।** जिले के पकड़ीदयाल थाना पुलिस ने 12 वर्षों से फरार चल रहे घोषित हार्डकोर नक्सली मुस्ताक मियां को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुस्ताक की गिरफ्तारी पकड़ीदयाल नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 स्थित उसके घर से की गई है। बताया जा रहा है कि हार्डकोर नक्सली मुश्ताक पिछले बारह वर्षो से फरार था। इस दौरान वह दर्जी का काम कर रहा था। वही पुलिस को नक्सली मुस्ताक मियां के अपने घर आने गुप्त जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर उसको अपने घर से गिरफ्तार कर लिया। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

### योगी ने की उच्चस्तरीय टीम-09 के साथ समीक्षा, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

# घबराएं नहीं, सतर्क व सावधान रहें

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

विभिन्न देशों में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच यूपी के चीफ मिनस्टर योगी आदित्यनाथ ने कोविड प्रबंधन के लिए गठित उच्चस्तरीय टीम-09 के साथ गुरुवार को प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यद्यपि विभिन्न देशों में विगत एक सप्ताह से कोविड के नए केस में बढ़ोतरी देखी जा रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश में स्थिति सामान्य है। दिसम्बर माह में प्रदेश की कोविड पॉजिटिविटी दर 0.01% रही है। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 62 है। विगत 24 घंटों में 27,208 हजार टेस्ट किए गए और एक भी नए मरीज की पुष्टि नहीं हुई। इसी अवधि में 33 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में कोविड से बचाव के लिए ट्रेस, टेस्ट, ट्रीटमेंट और टीका की रणनीति सफल सिद्ध हुई है। संभव है आने वाले कुछ दिनों में नए केस में बढ़ोतरी हो। ऐसे में हमें अलर्ट रहना होगा। यह समय घबराने का नहीं, सतर्क और सावधान रहने का है। कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना होगा। अस्पतालों, बस, रेलवे स्टेशन, बाजारों जैसे भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक करें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को एक्टिव करें।

योगी ने कहा कि कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर रखें। चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग बेहतर समन्वय के साथ तैयारी करें। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सलाहकार समिति के परामर्श के अनुसार आगे की नीति तय की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार से सतत संपर्क-संवाद बनाए रखें।

उन्होंने कहा कि कोविड के नये वैरिएंट पर सतत नजर रखी जाए। जो भी नए केस मिले, उनकी जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। दैनिक टेस्टिंग को बढ़ाया जाए। गंभीर, असाध्य रोग से ग्रस्त लोगों, बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। कोविड प्रबंधन में इंटेग्रेटेड कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की उपयोगिता का हम सभी ने अनुभव किया है। गृह, स्वास्थ्य और नगर विकास विभाग परस्पर समन्वय के साथ आइसीसीसी को फिर से एक्टिव करने की तैयारी करें।

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मंत्र जहां बीमार-वहीं उपचार की भावना के अनुरूप ग्राम प्रधानों, एएनएम, आशा बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का सहयोग लिया जाए। कोविड के खिलाफ अब तक की लड़ाई में इन लोगों ने बड़ी भूमिका निभाई है। इस वर्ग को पुनः एक्टिव करें ताकि यह अपने क्षेत्रों में बीमार, कोविड लक्षण युक्त लोगों पर नजर रखें, जरूरत के अनुसार तत्काल अस्पताल/डॉक्टर की सेवाएं उपलब्ध कराएं।

योगी ने कहा कि एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज लक्ष्य के सापेक्ष विगत दिनों छह जनपदों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। इसके लिए 42 कंपनियों/संस्थाओं ने अपनी रुचि दिखाई है। योग्य और समर्थ का चयन कर यथाशीघ्र मेडिकल कॉलेज निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। कोविड संक्रमण से बचाव में टीके की उपयोगिता स्वयंसिद्ध है। 39.06 करोड़ वैक्सीनेशन डोज के साथ उत्तर प्रदेश सर्वाधिक टीका लगाने वाला राज्य है। प्रदेश में 4.48 करोड़ प्रीकॉशन डोज भी लगाए जा चुके हैं। कोविड के नए वैरिएंट के दृष्टिगत प्रीकॉशन डोज लगाए जाने में तेजी की अपेक्षा है। लोगों को प्रीकॉशन डोज की जरूरत और उपयोगिता के बारे में जागरूक किया जाए।



**भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क के लिए आमजन को करें जागरूक**

**आइसीसीसी को करें एक्टिव, एएनएम, आशा बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का लें सहयोग**

**एमएसपी पर हुई बाजरा की खरीद बेहद उत्साहजनक**

# फसलों के विविधीकरण के लिए किसानों को प्रेरित करें : सीएम



**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष गुरुवार को चतुर्थ कृषि रोड मैप का प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि चतुर्थ कृषि रोड मैप में कृषि के आधुनिकीकरण को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। उत्पादों की मार्केटिंग को बढ़ावा देने के साथ राज्य के उत्पादों की ब्रांडिंग तथा कृषि बाजार के विकास को लेकर योजनाबद्ध ढंग से काम करें।

सीएम ने कहा कि प्रखंड स्तर पर ई-किसान भवन में किसानों को कृषि एवं कृषि उत्पादों से संबंधित प्रशिक्षण एवं जानकारी सुगमता पूर्वक उपलब्ध कराएं। जलवायु अनुकूल कृषि कार्य एवं जैविक खेती के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कार्य करें। राज्य में ही बेहतर गुणवत्ता वाले बीज का विकास कराएं। साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन वाले यंत्रों का निर्माण भी यहीं करें ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चौर क्षेत्र के विकास के लिए 'नीचे मछली ऊपर बिजली' के उत्पादन की योजना पर बेहतर ढंग से काम करें। फसलों के विविधीकरण के लिए किसानों को प्रेरित करें। प्रस्तुतीकरण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अबतक के तीनों कृषि रोडमैप में काफी कार्य किए गए हैं। फसलों का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ी है। कृषि फीडर की अलग से व्यवस्था कर किसानों को सिंचाई कार्य में सुविधा पहुंचायी गई। जल-जीवन- हरियाली अभियान के तहत जल संरक्षण एवं हरित आवरण को बढ़ाने के लिए कई कार्य किए गए हैं। हर खेत तक सिंचाई के लिये पानी पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है, ताकि किसानों को कृषि कार्य में और सहूलियत हो।

# गड़करी ने की सीएम बघेल की तारीफ

### गोधन और श्रम का सम्मान कर गांधी के रास्ते पर बढ़ रहा है छत्तीसगढ़

**एजेंसी। रायपुर**

पर्यावरण की सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश की दूरदर्शी सोच से शुरू हुई गोधन न्याय योजना का पूरा देश मुरीद हो चुका है। मुख्यमंत्री ने इस योजना की शुरूआत की थी जो आज पूरी तरह से सफल होती नजर आ रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी शासकीय विभागों के लिए निर्देश जारी किया है कि अब शासकीय कार्यालयों, निगम मंडल और अन्य जितने भी सरकारी दफ्तर हैं, उनमें रंग रोगन में गोबर से बने प्राकृतिक पेंट का इस्तेमाल होगा। मुख्यमंत्री के इस फैसले का केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने स्वागत किया है। गडकरी ने ट्वीट कर लिखा है कि, छत्तीसगढ़ के सरकारी विभागीय निर्माण में गोबर से बने प्राकृतिक पेंट के इस्तेमाल



का निर्देश छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिया है, उनके इस फैसले का अभिनंदन करता हूं, मुख्यमंत्री भूपेश का यह फैसला सराहनीय और स्वागत योग्य है। मुख्यमंत्री ने भी ट्वीट करते हुए केंद्रीय मंत्री गड़करी को धन्यवाद देते हुए कहा कि नेक इरादों से ही देश और प्रदेश दूसरों के लिए प्रेरणा बनते है। बघेल ने कहा है कि गोधन और श्रम का सम्मान कर छत्तीसगढ़ गांधी के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। कई मंचों पर छत्तीसगढ़ सरकार की इस योजना की तारीफ खुद प्रधानमंत्री और कई केंद्रीय मंत्री कर चुके हैं। इसके अलावा इस योजना को राष्ट्रीयस्तर पर कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं। यहां तक की इस योजना के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कई राज्य अपने यहां के अधिकारियों को भी छत्तीसगढ़ के दौरे पर भेज चुके हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश ने सभी शासकीय विभागों, निगम-मंडलों एवं स्थानीय निकायों में भवनों के रंग-रोगन के लिए गोबर पेंट का अनिवार्यतः उपयोग करने के निर्देश दिये हैं। पूर्व में जारी किए गए निर्देशों के बावजूद अभी भी निर्माण विभागों द्वारा केमिकल पेंट का उपयोग किए जाने पर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि निर्देशों का उल्लंघन करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में दो की मौत, तीन लोग हुए घायल

**अलीपुरद्वार।** जिले के कालचीनी ब्लॉक के पशाखा रोड पर सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है जबकि तीन घायल है। मृतकों के नाम दीपेन तमांग और आनंद शिवा है। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार देर रात पाशाखा रोड के किनारे एक लॉरी खड़ी थी। इस दौरान जयगांव जा रही एक तेज रफ्तार छोटी कार ने कुहासे की वजह सड़क किनारे लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया, जहां दो को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि तीन इलाजरत है। इधर, पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अलीपुरद्वार जिला अस्पताल भेजकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### सीएम शिवराज ने सीएमएचओ को मंच से किया था सस्पेंड

# हाईकोर्ट ने दिया स्टे, सरकार को नोटिस

**एजेंसी। भोपाल**

तकरीबन 10 दिन पहले सीएम शिवराज सिंह चौहान ने छिंदवाड़ा के सीएमएचओ जीसी चौरसिया को मंच से ऑन द स्पॉट सस्पेंड किया था। हाईकोर्ट ने सीएम शिवराज सिंह चौहान के इस निलंबन के एक आदेश पर स्टे ऑर्डर दिया है। इतना ही नहीं हाईकोर्ट ने फैसले को लेकर राज्य सरकार को नोटिस भी भेजा है। बता दें कि ये दूसरा मौका है जब चौरसिया को हाईकोर्ट से राहत मिली है।

सीएम शिवराज सिंह चौहान 9 सितंबर को छिंदवाड़ा के बिछुआ में जनसेवा कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान सीएम ने सीएमएचओ चौरसिया को मंच पर बुलाया था और कार्यक्रम में उपस्थित होने का कारण पूछा तब चौरसिया ने कोर्ट के स्टे ऑर्डर की बात कही तो



सीएम ने उन्हें मंच से ही सस्पेंड कर दिया। दरअसल, निलंबन आदेश को चौरसिया ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने सस्पेंशन पर रोक लगाते हुए स्टे ऑर्डर दिया है। बता दें कि इससे पहले 23 सितंबर को रामाकोना में जनसेवा कार्यक्रम के दौरान सीएम शिवराज ने सीएमएचओ चौरसिया को हटाया था। सीएम शिवराज ने तब सीएमएचओ चौरसिया को मंच पर बुलाया था। उनसे पूछा था- आयुष्मान कार्ड बनाने में देरी क्यों हो रही है? कितने हितग्राहियों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल पाया? इसका जवाब सीएमएचओ नहीं दे पाए थे। इस लापरवाही पर सीएम ने तत्काल उन्हें सीएमएचओ के प्रभार से हटा दिया था। इसके बाद उन्हें रेडियोलॉजिस्ट के पद पर छिंदवाड़ा जिला अस्पताल में नियुक्त किया गया था, लेकिन चौरसिया हाईकोर्ट पहुंच गए थे, जहां से उन्हें स्टे मिल गया था। इसके बाद उन्होंने दोबारा अपना पद संभाल लिया था।

# ओडिशा में संतारा की अवैध संपत्ति का खुलासा

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा सतर्कता अधिकारियों ने बुधवार को औद्योगिक विकास निगम ओडिशा लिमिटेड (आईडीसीओएल) के उप प्रबंधक गया संतारा पर आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में उनके आवास पर छापेमारी की और यहां से अवैध रूप से अर्जित करीब 1,60,44,500 करोड़ से अधिक रुपये बरामद किए हैं। सतर्कता सूत्रों ने यह जानकारी दी। सतर्कता अधिकारियों ने संतारा के भुवनेश्वर आवास से एक किलो से अधिक सोना और छह किलो से अधिक चांदी बरामद की, जिसमें 4.19 करोड़ रुपये बैंक में जमा थे। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने मंगलवार को तलाशी अभियान के दौरान भुवनेश्वर में दो बहुमंजिला इमारतें, भुवनेश्वर, जाजपुर, नयागढ़ के प्रमुख क्षेत्रों में 13 भूखंडों का पता लगाया। इसके अलावा, अधिकारियों को दो चारपहिया वाहन व चार दोपहिया वाहन का भी पता चला। गया संतरा को सुनकी, कोरापुट से भुवनेश्वर लाया गया है और उनकी अन्य संपत्तियों के संबंध में जांच जारी है। सूत्रों ने बताया कि गया संतारा पर आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप है, भुवनेश्वर, नयागढ़, कोरापुट और रायगड़ा सहित सात स्थानों पर स्थित आवासों की तलाशी शुरू की गई है।

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बिहार को लेकर की गयी टिप्पणी ली वापस

# मेरा इरादा राज्य का अपमान करना नहीं था

**एजेंसी। पटना**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सदस्य मनोज झा पर की गई अपनी उस टिप्पणी को वापस ले लिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर इनका वश चले तो 'देश को बिहार' बना देंगे। झा ने गोयल की 'अपमानजक' टिप्पणी के बारे में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को बुधवार को एक पत्र भी लिखा था। वहीं गुरुवार को को उच्च सदन की कार्यवाही शुरू होने पर मनोज झा ने यह मुद्दा उठाया और गोयल से माफी की मांग की। जनता दल (यूनाइटेड) के रामनाथ ठाकुर और कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह



ने भी गोयल द्वारा बिहार के खिलाफ की गई टिप्पणी का मामला उठाया और इसे बिहार का अपमान बताते हुए उनसे माफी की मांग की। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी यह मुद्दा उठाया और कहा कि उन्होंने बिहार व राज्य की जनता का अपमान किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री और सदन के नेता गोयल ने कहा कि अगर उनकी टिप्पणी से किसी को ठेस पहुंची है तो वह अपना बयान तत्काल वापस लेते हैं। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच ही गोयल ने कहा कि उनका इरादा बिहार और वहां की जनता का अपमान करना कतई नहीं था। उन्होंने कहा, मेरा बिहार या बिहार की जनता का अपमान करने का कतई इरादा नहीं था। अगर इससे किसी को ठेस पहुंची है तो मैं तत्काल अपना बयान वापस लेता हूं। यह किसी के प्रति द्वेष की भावना नहीं थी।" गोयल के बयान के बाद भी विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहा। ज्ञात हो कि गोयल ने यह टिप्पणी मंगलवार को उस समय की जब राजद सदस्य मनोज झा अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे। झा ने कहा कि सरकार को गरीबों और औद्योगिक घरानों पर समान रूप से ध्यान देना चाहिए। इस पर गोयल ने जवाब दिया, इनका वश चले तो देश को बिहार बना दें।" इससे पहले, राजद, जद(यू) कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, शिव सेना के बिहार के सांसदों ने गोयल की टिप्पणी के खिलाफ संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के निकट प्रदर्शन किया और उनसे माफी की मांग की। जद(यू) नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि गोयल की टिप्पणी से बिहार की जनता आहत हुई है। उन्होंने कहा, गोयल को अपने शब्द वापस लेने चाहिए और वह बिहार की जनता से माफी मांगे।"

## छापेमारी में बरामद हजारों लीटर शराब को किया नष्ट

**मोतिहारी।** जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के दामोवृत्ति चंवर में गुरुवार अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार के नेतृत्व मे शराब कारोबारियो के विरूद्ध नाव के सहारे छापेमारी की गई। जिसमे पुलिस बल ने 300 लीटर चुलाई शराब बरामद किया, साथ हजारो लीटर अर्ध निर्मित शराब को नष्ट कर दिया। एसडीपीओ ने बताया कि चंवर में पानी के बीच कहीं कहीं टिले बने हुए हैं।जहां कारोबारियों द्धारा अवैध भट्ठी लगाकर चूलाई शराब बनाने की सूचना पर उक्त कारवाई की गई है। उन्होने बताया कि पूरे अनुमंडल क्षेत्र में ऐसे कई स्थान चिन्हित किये गये है, जहां शराब कारोबारी शराब निर्माण करने की चेष्टा कर रहे है।

### शीतकालीन सत्र | विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव खारिज, मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# कौन, किस पर विश्वास करता है

**एजेंसी। भोपाल**

मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्य विपक्ष पार्टी द्वारा प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लगाए गए आरोपों का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री के जवाब के बाद सदन में अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत के आधार पर खारिज हो गया। इस दौरान कांग्रेस में जमकर हंगामा किया, जिसके चलते विधानसभा की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

**विपक्ष के हंगामे के बाद विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित**



उल्लेखनीय है कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन बुधवार को कांग्रेस द्वारा पेश अविश्वास प्रस्ताव पर देर रात तक चर्चा हुई। इसके बाद बुधवार को सुबह 11.00 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई, जिसमें मुख्यमंत्री चौहान ने विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर अपना जवाब पेश करते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने विपक्ष के आरोपों की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि ऐसा लचर अविश्वास प्रस्ताव मैंने तो देखा ही नहीं है। अगर अविश्वास की बात करें तो कांग्रेस में कौन, किस पर विश्वास करता है, समझ में ही नहीं आता है।


उन्होंने कहा कि हम पर आरोप लगाए जाते हैं कि हमने सरकार गिराई। 11 दिसंबर 2020 को मतगणना का दिन था। रात के 2:00 बजे तक हमने चुनाव परिणाम देखें और जो परिणाम आए उसमें हमारी 109 सीटें थी कांग्रेस की 114 सीटें थी। रात में मैं निश्चय करके सोया था कि सुबह ही मैं इस्तीफा दे दूंगा। यदि कांग्रेस सरकार ने जनकल्याण और प्रदेश के विकास के लिए कार्य किया होता, तो उनकी ही सरकार के मंत्री उन्हें छोड़कर हमारे साथ न आते। हमारे पास आए साथियों का फैसला सही था और जनता ने उन्हें उपचुनाव में भारी बहुमत से फिर से निर्वाचित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कमलनाथ सरकार में 165 दिन में 450 आईएएस और आईपीएस के ट्रांसफर किए। 15 हजार से ज्यादा तबादले किए गए। वल्लभ भवन दलालों का अड्डा बन गया था। तत्काली मुख्यमंत्री के ओएसडी का जो वीडियो वायरल हुआ, उसके कारण भ्रष्टाचार की विष बेल ऐसी फैली कि पूरे मध्यप्रदेश में त्राहि-त्राहि मच गई। मैं बताना चाहता हूं कि एक नहीं, कई मामले हैं। सिंचाई परियोजना में घोटाला किया गया। विधायकों को मिलने के लिए समय नहीं दिया जाता था। विधायकों से कहते थे चलो-चलो...। कोई बड़ा ठेकेदार आ जाए, तो उसे बैठाते थे। मुख्यमंत्री के भाषण पर विपक्ष ने सदन में हंगामा कर दिया, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने कहा कि आप अविश्वास प्रस्ताव लाए, आरोप लगाए, अब मुख्यमंत्री के जवाब तो सुन लीजिए। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सज्जन सिंह वर्मा से कहा कि विपक्ष के विधायकों को नियंत्रित करें। सदन के नेता को बोलने का मौका दें।

# बरेली के सरकारी स्कूल में प्रार्थना को लेकर एफआईआर

**एजेंसी। बरेली**

बरेली के फरीदपुर क्षेत्र में स्थित सरकारी उच्चतर प्राथमिक विद्यालय में मदरसे में कराई जाने वाली प्रार्थना को लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षामित्र पर एफआईआर दर्ज कराई गयी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार ने गुरुवार को बताया कि उच्चतर प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर में मेरे अल्लाह... प्रार्थना कराने का प्रकरण सामने आया है। इस संबंध में प्रधानाचार्य नाहिद सिद्दीकी से जबाब तलब किया गया है। शिक्षामित्र वजरुद्दीन के विरुद्ध जांच के आदेश दिए है। प्रार्थना का वीडियो भी इंटरनेट पर प्रसारित हुआ है। विश्व हिन्दू परिषद नगर अध्यक्ष सोमपाल राठौर ने बुधवार को फरीदपुर के मोहल्ला परा स्थित समलियन उच्चतर प्राथमिक विद्यालय में इतनी शक्ति हमें देना दाता के स्थान पर मेरे अल्लाह.... मेरे अल्लाह नाम की प्रार्थना करने




को लेकर प्रधानाचार्य नाहिद सिद्दीकी और शिक्षामित्र वजरुद्दीन के खिलाफ फरीदपुर थाने में शिकायत दर्ज करायी थी।

विहिप नेता की दलील थी कि सरकारी संस्थानों में हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। प्रधानाचार्य नाहिद सिद्दीकी के कहने पर शिक्षामित्र वजरुद्दीन काफी समय से ऐसा करा रहे थे। विरोध करने पर बच्चों को धमकी दी जाती है। इंस्पेक्टर दयाशंकर सिंह ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद नगर अध्यक्ष सोमपाल राठौर फरीदपुर मोहल्ला परा के शिकायती पत्र पर स्थित दोनों आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## NEWS इन ब्रीफ

### अर्जेंटीना के नोट पर होगी मेसी की तस्वीर

**ब्यूनस आयर्स।** 36 साल बाद अपनी कप्तानी में अर्जेंटीना को फुटबॉल वर्ल्ड कप का खिताब दिलाने वाले लियोनल मेसी की फोटो करेंसी पर होगी। अर्जेंटीना ने इससे पहले 1978 और 1986 में वर्ल्ड कप जीता था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अर्जेंटीना को तीसरी बार खिताब दिलाने वाले मेसी की फोटो करेंसी पर छापने के लिए अर्जेंटीना सरकार के वित्तिय मामले को देखने वाला मंत्रालय विचार कर रहा है। अगर ऐसा होता है तो मेसी देश की करेंसी में छपने वाले पहले खिलाड़ी बन जायेंगे।

### पीसीबी अध्यक्ष का बड़ा दावा

**कराची।** पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष पद से हटा दिया था। अब राजा की जगह नजम सेठी ने अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया है। नजम सेठी ने ट्वीट करके कहा कि रमीज राजा के नेतृत्व वाली क्रिकेट समिति अब नहीं रही। 2014 का पीसीबी संविधान बहाल हो गया है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट को पुनर्जीवित करने के लिए मैनेजमेंट पैनल अथक प्रयास करेगी। हजारों क्रिकेटरों को फिर से रोजगार मिलेगा, क्रिकेट का अकाल खत्म हो जायेगा।

### बाबर आजम की टेस्ट कप्तानी जाएगी

**कराची।** पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में 0-3 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल मचा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बाबर आजम को टेस्ट कप्तानी से हटाया जा सकता है। वहीं, हेड कोच सकलैन मुश्ताक भी अपना पद छोड़ सकते हैं। बुधवार को पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर रमीज राजा को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पीसीबी के चैयरमैन पद से हटा दिया गया था। वहीं, बाबर आजम को टेस्ट कप्तानी से हटाया जा सकता है।

### रेहान अहमद आईपीएल नीलामी से बाहर

**लंदन।** डेब्यू टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने वाले इंग्लैंड के सबसे कम उम्र के पुरुष क्रिकेटर रेहान अहमद को आईपीएल 2023 के लिए होने वाली मिनी नीलामी में हिट लिस्ट में देखा जा रहा था। लेकिन इस 18 वर्षीय ने आईपीएल ऑक्शन 2023 से अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने कथित तौर पर रेड-बॉल क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ऐसा किया है। उनका यह फैसला इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम द्वारा किशोर की सराहना करने और उन्हें कैश-रिच लीग में खेलने के लिए प्रोत्साहित करने के बाद आया है। एशेज को ध्यान में रखते हुए अहमद ने आईपीएल के 16वें संस्करण से बाहर रहने का फैसला किया।

# 227 रन पर सिमटा बांग्लादेश

## दूसरा टेस्ट, पहला दिन : उमेश यादव और अश्विन ने लिये चार-चार विकेट

**टीम इंडिया ने खेल खत्म होने तक बिना विकेट खोये बनाये 19 रन**

**केएल राहुल तीन और शुभमन गिल 14 नाबाद लौटे**



**एजेंसी। मीरपुर**

भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश की पहली पारी 227 रनों पर सिमट गयी है। जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में बिना नुकसान के 19 रन बना लिये हैं। पहले दिन स्टंप्स के बाद कप्तान केएल राहुल तीन और शुभमन गिल 14 रन के निजी स्कोर पर नाबाद लौटे। फिलहाल, मेजबान टीम 208 रनों से आगे हैं। पहले दिन मीरपुर में टॉस जीतकर खेलने उतरी बांग्लादेश की ओर से मोमिनुल हक ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाये। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका।

मुश्फिकुर रहीम (26) और लिटन दास ने 25 रन बनाये। ओपनर नजमुल हसन शान्तो ने 24 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव और रविचंद्रन अश्विन ने चार-चार विकेट लिये। वहीं, 12 साल बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे जयदेव उनादकट के हिस्से दो सफलताएं आयीं। उन्हें पिछले मुकाबले के मैन ऑफ द मैच कुलदीप यादव की जगह टीम में शामिल किया गया था। उनादकट ने आखिरी टेस्ट 16 दिसम्बर 2010 में खेला था। पहले सेशन में बांग्लादेशी टीम ने 82 रन जोड़े, वहीं भारतीय टीम के गेंदबाजों ने दो विकेट चटकाये। एक समय बांग्लादेश के दोनों ओपनर 39 रन पर पवेलियन लौट गये थे। फिर कप्तान शाकिब और मोमिनुल हक ने पारी संभाली। दोनों ने सेशन खत्म होने तक तीसरे विकेट के लिए 43 रन जोड़ लिये।

दूसरे सेशन में मेजबान टीम ने 102 रन बनाये। उसके तीन महत्वपूर्ण विकेट भी गिरे। उसकी ओर से मोमिनुल अपना 16वां अर्धशतक जमाकर नाबाद रहे। जबकि शाकिब अल हसन, मुश्फिकुर रहीम और लिटन दास आउट हो गये। मोमिनुल ने टेस्ट में 27वीं बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया। इनमें उनके नौ शतक शामिल। उन्होंने सबसे ज्यादा 50+ स्कोर करने के मामले में बांग्लादेश के हबीब-उल बशर (27) की बराबरी की। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनानेवालों में वे चौथे नंबर पर हैं। उनसे पहले तमीम इकबाल (41), शाकिब अल हसन (35) और मुश्फिकुर रहीम (34) का नंबर है। पहले दिन भारत ने भी 19 रन बनाये हैं।

### पहले टेस्ट में मैन ऑफ द मैच रहे कुलदीप यादव दूसरे मैच से बाहर

**बांग्लादेश** के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए जब भारत की प्लेइंग-11 घोषित हुई तो फैंस से लेकर एक्सपर्ट तक सब हैरान रह गये। इसमें कुलदीप यादव का नाम शामिल नहीं था। कुलदीप ने पहले टेस्ट में आठ विकेट लिये थे और 40 रन की उपयोगी पारी खेली थी। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। चोटिल रोहित शर्मा की गैरहाजिरी में केएल राहुल इस सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे हैं। दूसरे टेस्ट के टॉस के वक्त उन्होंने कहा कि यह पिच फास्ट बॉलर्स के लिए ज्यादा मददगार दिख रही है। इसलिए तीन फास्ट बॉलर्स को शामिल करने का फैसला किया गया। इस स्थिति में कुलदीप की प्लेइंग-11 में जगह नहीं बनती है।

# द. अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलान




**एजेंसी। लंदन**

जनवरी से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम का ऐलान हो गया है। टीम में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। तीन मैचों की श्रृंखला छह दिनों में खेली जाएगी जिसमें ब्लोमफोंटेन और किम्बरली में मैच होंगे। श्रृंखला का पहला मैच 27 जनवरी को ब्लोम में होगा और अंतिम मैच 1 फरवरी को किम्बरली में होगा।

ससेक्स और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज आर्चर मार्च 2021 के बाद पहली बार इंग्लैंड की टीम में लौटे हैं। वह कोहनी की चोट से ठीक हो रहे हैं और अगले महीने दक्षिण अफ्रीका में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने की उम्मीद है। 2019 के एकदिवसीय विश्व कप जीत में इंग्लैंड के अग्रणी विकेट लेने वाले आर्चर ने आखिरी बार मार्च 2021 में इंग्लैंड के लिए भारत के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल दौरे में अपने देश के लिए खेला था। फॉर्म में हैरी ब्रुक ने भी वनडे टीम में पहली बार स्थान हासिल किया।

पाकिस्तान के खिलाफ 3-0 वाइटवॉश में टेस्ट सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित करने वाले बेन डकेट ने 2016 के बाद पहली बार वनडे टीम में वापसी की है। सरे के तेज गेंदबाज रीस टॉपले अपने बाएं टखने की चोट से अच्छी तरह से उबर रहे हैं और तीन मैचों की श्रृंखला के लिए तैयार होने की राह पर हैं।

# आईपीएल-2023 का मिनी ऑक्शन आज

**टॉप-5 प्लेयर्स में भारतीय खिलाड़ियों में मयंक सबसे बड़ा नाम**

**एजेंसी। मुंबई**

दुनिया की सबसे बड़ी टी-20 लीग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए मिनी ऑक्शन आज होगा। कोच्चि में दोपहर 2.30 बजे से शुरू होनेवाले ऑक्शन में 405 खिलाड़ी नीलाम होंगे। इनमें 123 इंटरनेशनल प्लेयर्स भी शामिल हैं। इनमें से कुछ पर इस बार के ऑक्शन की सबसे बड़ी बोली लगेगी। ऑक्शन में जो रूट , केन विलियमसन, शाकिब अल हसन, राइली रुसो, मयंक अग्रवाल, कैमरून ग्रीन, निकोलस पूरन, जोशुआ लिटल, सैम करन और बेन स्टोक्स जैसे बड़े नाम हैं। आईपीएल ऑक्शन में सबसे ज्यादा डिमांड इस बार ऑलराउंडर्स की रहेगी। इनमें ही बेन स्टोक्स का नाम भी शामिल है। 2 करोड़ की बेस प्राइज में अवेलेबल स्टोक्स 2017 और 2018 के आईपीएल ऑक्शन में सबसे महंगे बिके थे। 2017 में उन्हें 14.5 करोड़ और 2018 में 12.5 करोड़ रुपए मिले। हाल ही में खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में उन्होंने इंग्लैंड के लिए मैच जिताऊ फिफ्टी (52) जमाई थी। उस टूर्नामेंट के छह मैचों में उन्होंने 110 रन बनाए थे और 6 विकेट भी लिए थे।

स्टोक्स बिजी शेड्यूल के चलते पिछले आईपीएल का हिस्सा नहीं थे। 2021 में वह राजस्थान रॉयल्स के साथ थे, लेकिन इंजरी के चलते एक ही मैच खेल सके थे। आईपीएल करियर के 43 मैचों में उन्होंने 134.50 के स्ट्राइक रेट से 920 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 28 विकेट भी लिए। इंग्लैंड के लिए खेले 43 मैचों में उन्होंने 128 के स्ट्राइक रेट से 585 रन बनाए और 26 विकेट भी लिए। ऑक्शन के सेट-2 में बेन स्टोक्स का नाम है। उनके लिए सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स की टीमें बोली लगा सकती हैं। चेन्नई, मुंबई, दिल्ली और गुजरात भी उन पर बोली लगाएंगी। लेकिन, पर्स की राशि को देखते हुए शुरूआती 3 टीमों में से ही कोई बाजी मारेगी। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान निकोलस पूरन को सनराइजर्स हैदराबाद ने रिलीज कर दिया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें पिछले मेगा ऑक्शन में 10.75 करोड़ रुपए की मोटी रकम देकर खरीदा था। तब उन्होंने 144.34 के स्ट्राइक रेट से 306 रन बनाए। वह पंजाब किंग्स के लिए भी खेल चुके हैं। 2022 के 23 टी-20 इंटरनेशनल में उन्होंने 582 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए ओवरऑल उन्होंने 72 टी-20 खेले। इनमें 129.02 के स्ट्राइक रेट से 1427 रन बनाए।

### मयंक अग्रवाल विस्फोटक ओपनर




**आईपीएल** 2022 में पंजाब किंग्स के कप्तान रहे मयंक अग्रवाल को टीम ने 12 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। कप्तानी के दबाव में मयंक पिछले सीजन में 122.50 के स्ट्राइक रेट से 196 रन ही बना सके थे। लेकिन, ओवरऑल आईपीएल के 123 मैचों में उन्होंने 134.28 के स्ट्राइक रेट से 2385 रन बनाए। 2020 से आईपीएल में उनका स्ट्राइक रेट पृथ्वी शॉ और जोस बटलर के बाद तीसरे नंबर पर है। 2019, 2020 और 2021 के आईपीएल सीजन में उन्होंने 140 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। ओवरऑल 185 टी-20 मैचों में उन्होंने 134.57 के स्ट्राइक रेट से 4278 रन बनाए हैं। मौकों के अभाव में मयंक का प्रदर्शन आंकड़ों में खास नजर नहीं आता। लेकिन, स्किल सेट के मामले में वह भारत के कप्तान केएल राहुल की बराबरी पर खड़े नजर आते हैं। ऑक्शन के सेट-1 में ही मंयक का नाम है। इस वक्त सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपरकिंग्स, गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइटराइडर्स में स्पेशलिस्ट ओपनर की जरूरत है। ये सभी टीमें मयंक पर दांव लगाते नजर आएंगी।

### आईपीएल 2023 मिनी ऑक्सन की महत्वपूर्ण बातें -

| कुल प्लेयर्स | कितने बिकेंगे | कितनी टीमें |
|---|---|---|
| 405 | 87 | 10 |
| पर्स कितना | स्क्वॉड साइज | विदेशी प्लेयर |
| ₹95 करोड़ | 18-25 प्लेयर | 8 |

# युजवेंद्र चहल की एनिवर्सरी पर टीम राजस्थान रॉयल्स ने दी अनोखी बधाई

**जोस बटलर ससुर, तो अश्विन बने धनश्री के ननदोई**

**एजेंसी। जयपुर**

भारतीय टीम के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल की शादी को 22 दिसम्बर दो साल पूरे हो गये हैं। उन्होंने दो साल पहले इसी दिन डेंटिस्ट और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। चहल और धनश्री को शादी की बधाइयां देने का तांता लग गया है। इसी कड़ी में आईपीएल की टीम राजस्थान रॉयल्स ने भी अपने अलग ही अंदाज में चहल को बधाई दी है। चहल आईपीएल में इसी टीम के लिए खेल रहे हैं। अगले सीजन में भी इसी टीम के लिए खेलते दिखाई देंगे। राजस्थान टीम ने ट्विटर पर वीडियो शेयर किया। इसके साथ पोस्ट में लिखा- हैप्पी एनिवर्सरी युजवेंद्र चहल और धनश्री। आरआर टीम ने इसके साथ एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें बॉलीवुड फिल्म 'हम साथ साथ हैं' के गाने पर नया वीडियो बनाया। इस वीडियो में गाने के जरिये राजस्थान टीम दुल्हन धनश्री को अपने परिवार के सभी सदस्यों से परिचय कराते दिखते हैं।



वीडियो में परिचय कराते हुए इंग्लैंड टीम के कप्तान (वनडे-टी-20) जोस बटलर को परिवार का मुखिया बताया। साथ ही उन्हें धनश्री का ससुर बताया गया। जबकि बटलर की पत्नी को धनश्री की सास बताया गया। इनके अलावा स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को नंदोई और उनकी पत्नी प्रीति को ननद बताकर परिचय कराया गया। यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है।

### अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में निवेश की जरूरत

**ब्रिजटाउन।** इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अधिक निवेश की वकालत करते हुए आशंका जतायी कि तेजी से फल-फूल रहे फ्रेंचाइजी क्रिकेट के कारण महिला क्रिकेट प्रभावित हो सकता है। इंग्लैंड की महिला टीम इस समय सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज के दौरे पर है। इस दौरे में टी-20 श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच शुक्रवार को खेला जायेगा। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला में 3-0 से जीत दर्ज की जबकि टी-20 श्रृंखला में वह 4-0 से आगे चल रहा है।

# विश्व कप जीतने के बाद भी शीर्ष पर नहीं पहुंचा अर्जेंटीना

**एजेंसी। ज्यूरिख**

विश्व कप में खिताब जीत के बावजूद अर्जेंटीना गुरुवार को जारी फीफा विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर नहीं पहुंच पाया, जबकि ब्राजील की टीम अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखने में सफल रही। कतर में हाल में सम्पन्न विश्व कप में ब्राजील को क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी, लेकिन हाल के वर्षों के नतीजों से उसने इतने अंक जुटा लुए थे जो उसे रैंकिंग में शीर्ष पर रखने के लिए पर्याप्त थे। अर्जेंटीना की टीम नवीनतम रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर है। फाइनल में अर्जेंटीना के हाथों शिकस्त झेलने वाले फ्रांस भी एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। बेल्जियम की टीम दो स्थान के नुकसान से चौथे पायदान पर खिसक गयी है। कतर में टीम इस एक मैच जीतने में सफल रही थी और ग्रुप चरण से ही बाहर हो गयी थी। क्वार्टर फाइनल में शिकस्त झेलनेवाले इंग्लैंड और नीदरलैंड क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर हैं।

**फीफा की यादें** | **2002 के बाद इस वर्ल्ड कप में सबसे कम 1458 शॉट्स पड़े**

# कतर वर्ल्ड कप में सर्वाधिक 24 प्रतिशत उलटफेर

**एजेंसी। कतर**

फीफा वर्ल्ड कप खत्म हो चुका है, लेकिन फैंस इस ड्रीम वर्ल्ड कप के बारे में बात करने से खुद को अभी भी नहीं रोक पा रहे हैं। इसके पीछे कई कारण है। इस वर्ल्ड कप में लोगों ने अपने हीरो को खेलते देखा। कई खिलाड़ी वर्ल्ड कप में आखिरी बार उतरे थे तो कई खिलाड़ी पहली बार। इस बीच इस वर्ल्ड कप में कई रिकॉर्ड्स बने और कई टूटे। कतर वर्ल्ड कप में नये ट्रेंड्स देखने को मिले। इस वर्ल्ड कप में कई मुकाबलों का नतीजा पेनल्टी शूटआउट से तय हुआ, उसमें फाइनल भी शामिल है। इसके साथ ही, उलटफेर का सिलसिला अर्जेंटीना और सऊदी अरब के मैच में शुरू हुआ, वह टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच तक चला।

**1958 के बाद सबसे ज्यादा उलटफेर हुए :** फीफा वर्ल्ड कप में 1958 के बाद इस वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा उलटफेर देखने को मिले। 1958 में 26 प्रतिशत उलटफेर हुए थे, जबकि आंकड़ों के अनुसार, इस साल 24 प्रतिशत मैच उलटफेर में खत्म हुए हैं। वहीं, 2002 में 22 प्रतिशत मुकाबलों में उलटफेर देखने को मिले थे, जो इस बार दो प्रतिशत ज्यादा है। वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा गोल इस साल पड़े, लेकिन शॉट कम कतर वर्ल्ड कप 2022 में वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा (172) गोल हुए। इसके बावजूद इस वर्ल्ड कप में 2002 के बाद सबसे कम 1458 शॉट्स मारे गये। इसका मतलब इस साल एक गोल करने के लिए शॉट्स का औसत 22.8 था यानी एक गोल करने के लिए 22.8 शॉट लिये गये। साथ ही, इस बार एक मैच में गोल का औसत 2.69 था, जो 1994 के 2.71 के बाद सबसे बेहतर है।



### ज्यादा पेनल्टी और कम फाउल्स

**वर्ल्ड** कप 2022 में कुल 23 पेनल्टी दी गयी। वर्ल्ड कप का पहला और आखिरी गोल पेनल्टी से हुआ था, जो 2018 वर्ल्ड कप से कम था। इसकी एक वजह इस साल कम फाउल्स का होना है। इस साल 1599 फाउल दिये गये, जो पिछले पांच टूर्नामेंट में सबसे कम हैं। हालांकि, 23 पेनल्टी में से 26 प्रतिशत पेनल्टी पर गोल नहीं हुए। अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी ने सबसे ज्यादा 5 पेनल्टी ली और 4 में गोल किए। पोलैंड के खिलाफ वो पेनल्टी पर गोल करने में असफल रहे थे।

**पेनल्टी शूटआउट और स्टॉपेज टाइम :** इस साल इतिहास में सबसे ज्यादा मैचों (5) का निर्णय शूटआउट के जरिए हुआ। शुरूआती 52 मैच में एक भी शूटआउट मैच नहीं होने के बाद अगले 12 मैच में 5 शूटआउट हुए। जिन मैचों में भी एक्स्ट्रा टाइम में मैच में गया उसका नतीजा केवल शूटआउट से हुआ। साथ ही, इस वर्ल्ड कप में औसतन 11 मिनट का इंजरी टाइम दिया गया। जो 2018 वर्ल्ड कप से 6 मिनट ज्यादा है। ऐसा बढ़त वाली टीम की समय बर्बाद करने की स्ट्रेटजी को विफल करने के लिए किया गया।



## NEWS इन ब्रीफ

### पेट्रोल और डीजल के नहीं बढ़े दाम

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लौटी तेजी के बीच देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.15 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 80.91 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह अमेरिकी क्रूड 1.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 77.04 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा।

### महंगा हुआ सोना-चांदी

**नयी दिल्ली।** भारतीय सराफा बाजार में आज, 22 दिसंबर को सोने और चांदी के दाम में तेजी देखने को मिली है। सोने की कीमत अभी भी 54 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार बनी हुई है। वहीं, चांदी का भाव 68 हजार रुपये प्रति किलो से अधिक है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 54763 रुपये है। जबकि 999 शुद्धता वाली चांदी का 68229 रुपये है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, बुधवार की शाम को 24 कैरेट का शुद्ध सोना 54700 रुपये प्रति 10 ग्राम था जो आज सुबह 54763 रुपये तक आ गया है।

### इस्पात की घरेलू मांग इस साल आठ प्रतिशत बढ़ेगी : इक्रा

**नई दिल्ली।** देश में तैयार इस्पात की मांग इस साल 2021 की तुलना में आठ प्रतिशत बढ़ेगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने यह अनुमान लगाया है। इक्रा की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार की बुनियादी ढांचा की अगुवाई वाले वृद्धि मॉडल के चलते चालू वित्त वर्ष के पहले आठ माह में तैयार इस्पात की मांग दो अंकीय यानी 11.9 प्रतिशत बढ़ी है। इक्रा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में तैयार इस्पात की मांग आठ प्रतिशत बढ़ेगी। 2022-23 में इसमें 7-8 प्रतिशत की वृद्धि होगी। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि घरेलू इस्पात कंपनियों के लिए आगे का रास्ता आसान नहीं है।

ऊंची मुद्रास्फीति और ऊर्जा के ऊंचे दाम के साथ ब्याज दरों में बढ़ोतरी की वजह से बाहरी वातावरण बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है।

### नौकरी चली जाएगी तो भी हर महीने मिलती रहेगी सैलरी

**नयी दिल्ली।** छंटनी, मंदी , कारोबार में घाटा जैसी खबरें लगातार आने लगी है। इन खबरों के बीच चीन में कोरोना के बढ़ते मामलों ने आग में घी डालने का काम कर दिया है। चीन में बढ़ रहे कोरोना केस ने वहां की अर्थव्यवस्था को हिला कर रख दिया है। मंदी और छंटनी की आशंकाओं के बीच लोगों के मन में अपनी नौकरी को लेकर खतरा मंडराने लगा है। नौकरीपेशा लोग, जिसका पूरा परिवार उसकी सैलरी पर निर्भर करता है।

# अंतरराष्ट्रीय करेंसी बनेगा रुपये



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते संकट में फंसी हुई है, तब भारत ने एक ऐसा बड़ा काम शुरू कर दिया है जो आगे चलकर उसे सही मायने में दुनिया की दूसरी महाशक्ति के रूप में स्थापित कर देगा। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत ने रुपये को इंटरनेशनल करेंसी बनाने की पहल शुरू की है, जिसे बढ़िया रिस्पांस भी मिलने लगा है। अगर यह पहल कामयाब हुई तो अमेरिकी डॉलर के अलावा रुपया दुनिया की दूसरी बड़ी इंटरनेशनल करेंसी बन जाएगा। जिसके बाद आप भारतीय रुपयों से दुनिया में कहीं भी खरीदारी कर सकेंगे।

सहयोगी वेबसाइट के मुताबिक अमेरिकी डॉलर की कमी से जूझ रहे श्रीलंका ने अपने यहां स्पेशल रुपी ट्रेडिंग अकाउंट शुरू किया है। इस तरह के अकाउंट्स को वोस्त्रो अकाउंट भी कहा जाता है। इस अकाउंट को खोलने के बाद श्रीलंका के सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका ने भारत के रिजर्व बैंक से आग्रह किया है कि वह श्रीलंका में इंडियन रुपये को विदेशी करंसी के रूप में मान्यता दे। श्रीलंका ने आरबीआई से यह भी आग्रह किया है कि वह श्रीलंका समेत सारस देशों में ट्रेड और टूरिज्म को प्रमोट करे। श्रीलंका के इस आग्रह को आप इस प्रकार समझ सकते हैं कि आरबीआई के परमीशन देने के बाद कोई भी श्रीलंकाई नागरिक अपने 8 लाख 26 हजार 823 रुपये यानी 10 हजार अमेरिकी डॉलर नकद रख सकता है। इसका दूसरा मतलब ये हुआ कि भारत और श्रीलंका के कारोबारी और आम नागरिक अमेरिकी डॉलर के बजाय आसानी से भारतीय रुपये में व्यापार और खरीदारी कर सकेंगे। भारत सरकार ने इस साल जुलाई में यह महत्वाकांक्षी पहल शुरू की, जिसका मकसद उन देशों को वैकल्पिक ट्रांजेक्शन सिस्टम

**श्रीलंका ने भारत के रिजर्व बैंक से आग्रह किया है कि वह श्रीलंका में इंडियन रुपये को विदेशी करंसी के रूप में मान्यता दे**

उपलब्ध करवाना है, जो अमेरिकी डॉलर की कमी का सामना कर रहे हैं। ऐसे देशों में स्पेशल वोस्त्रो अकाउंट खोलकर उन्हें रुपी सेटलमेंट सिस्टम के तहत लाया जाना है, जिसके बाद भारत और उन देशों में सीधे भारतीय रुपये में लेन-देन शुरू हो सकेगा। अब इस बात को समझते हैं कि श्रीलंका ने भारत की इस पहल को हाथोंहाथ क्यों लिया है। असल में पिछले 2 साल से आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में अमेरिकी डॉलर की भारी कमी हो चुकी है, जिसके चलते वह दुनिया के दूसरे देशों से अपनी जरूरत की दूसरी चीजें नहीं खरीद पा रही है।

## जितेंद्र अग्रवाल बने लाइटिंग एंड कंज्यूमर सूर्या रोशनी के सीईओ

**नयी दिल्ली।** निजी क्षेत्र की बिजली उपकरण कंपनी सूर्या रोशनी ने जितेंद्र अग्रवाल को लाइटिंग एंड कंज्यूमर ड्यूरेबल बिजनेस का मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ नियुक्त किया है। कंपनी ने यहां जारी एक बयान में कहा कि श्री अग्रवाल लाइटिंग कारोबार के सभी हिस्सों में लाभ बढ़ाने और कंज्यूमर ड्यूरेबल उत्पाद मार्केट के बीच में जगह बनाने एवं नई उत्पाद श्रृंखला जोड़ने के लिए जिम्मेदार होंगे। श्री अग्रवाल इससे पहले कई राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। सूर्या रोशनी के प्रबंध निदेशक राजू बिष्ट ने कहा कि श्री अग्रवाल के व्यापक एवं विविध अनुभव से सूर्या को लाइटिंग मार्केट की कंज्यूमर एवं व्यावसायिक दोनों श्रेझायों में अपनी स्थिति को मजबूत करने में एवं कंज्यूमर ड्यूरेबल के क्षेत्र में नई श्रृंखला बढ़ाने मे मदद मिलेगी।

# पाकिस्तान में तैयार रूह अफजा की भारत में मांग

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पड़ोसी देश पाकिस्तान में भले ही आर्थिक हालात बहुत अच्छे नहीं हो, लेकिन वहां के ऐसे कई प्रोडक्ट हैं, जो दुनियाभर में फेमस हैं। इसमें खाने-पीने की चीज से लेकर जूते-चप्पल और कपड़ों तक के ब्रांड शामिल हैं। भारत में भी एक खास पाकिस्तानी ब्रांड की भारी डिमांड है और हो सकता है वो आपके घर की किचन में भी मौजूद हो। हम बात कर रहे हैं रूह अफजा शरबत की। जी हां इसका प्रोडक्शन भी पाकिस्तान में ही होता है। आइए पाकिस्तान में बने ऐसे ही कुछ बड़े ब्रांड्स के बारे में जानते हैं, जो अलग-अलग देशों में अपना दबदबा बनाए हुए हैं। बार बी क्यू टू नाइट का उद्घाटन पाकिस्तान में 10 नवंबर 1988 में किया गया था। यह आज एक बेहद मशहूर ब्रांड बन चुका है, जो प्रामाणिक पाकिस्तानी व्यंजन के लिए जाना



जाता है। अपने व्यंजनों की गुणवत्ता और स्वाद की दम पर इसे दुबई, ओमान, मलेशिया, सिंगापुर, बांग्लादेश तक में जाना जाता है। इसके अलावा पाकिस्तान लाल किला ब्रांड रेस्तरां चेन भी अपने पारंपरिक पाकिस्तानी व्यंजनों के लिए यूएई और जोहान्सबर्ग जैसे स्थानों पर खासा फेमस है। रूह अफजा इस पाकिस्तानी ब्रांड का कारोबार दुनिया के 33 देशों में है। यही नहीं न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में प्रदर्शित होने वाले यह पहले पाकिस्तानी ब्रांड्स में से एक है।

# मारूति सुजुकी का कामराज पोर्ट से करार




**एजेंसी। नयी दिल्ली**

यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने वैश्विक बाजार में अपने वाहनों के निर्यात के लिए कामराज पोर्ट लिमिटेड के साथ करार है। कंपनी ने आज यहां बताया कि इस बंदरगाह से हर वर्ष 20 हजार कारें निर्यात की जायेगी। कंपनी अपने वाहनों के निर्यात के लिए इससे पहले तीन अन्य बंदरगाहों से भी इस तरह की करार कर चुकी है जिसमें मुंबई पोर्ट, मुंदरा पोर्ट और पीपाव पोर्ट शामिल है।

कंपनी ने कहा कि कामराज पोर्ट से अफ्रीका, पचिश्म एशिया, लातिन अमेरिका, आसियान, ओसिनीया और दक्षेस देशों को वाहन निर्यात किये जायेंगे। यह करार पांच वर्षों के लिए है जो दिसंबर 2022 से शुरू हो गया है। कंपनी ने कहा कि उसका टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के साथ करार है।

## एक सौ 65 देशों के पर्यटकों मिल रहा है ई वीजा

**नयी दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा को बताया कि कोरोना के बाद प्रतिबंधों में ढ़ील दिये जाने के बाद से विदेशी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है और अब कनाडा सहित 165 देशों के पर्यटकों को ई वीजा जारी किया जा रहा है। पर्यटन राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने आज प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कनाडा के साथ भी इस संबंध में संधि होने से अब 165 देशों को ई वीजा जारी करने की सुविधा शुरू दी गयी है। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद पांच निशुल्क वीजा जारी किये जाने के बाद से विदेशी पर्यटकों की संख्या में बढोतरी होने लगी है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सहायता और सुरक्षा के लिए 12 भाषाओं में टॉल फ्री नंबर जारी किये जा चुके हैं और पर्यटकों को इसके माध्यम से सहायता और सुरक्षा आदि उपलब्ध कराने में मदद की जाती है।

# रिलायंस ने किया मैट्रो का अधिग्रहण

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड ('आरआरवीएल') ने मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (मेट्रो इंडिया) का अधिग्रहण करने का समझौता किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस सौदे के तहत 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। 2,850 करोड़ रुपये मूल्य का यह सौदा समापन समायोजन के अधीन है। लेन-देन कुछ विनियामक और अन्य प्रथागत समापन शर्तों के अधीन है जो मार्च 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है। देश में कैश-एंड-कैरी बिजनेस फॉर्मेट पेश करने वाली मेट्रो-इंडिया पहली कंपनी थी। कंपनी भारत में 2003 से काम कर रही है। लगभग 3,500 कर्मचारियों वाली यह कंपनी 21 शहरों में 31




बड़े प्रारूप वाले स्टोर चलाती है। भारत में मल्टी-चैनल बी2बी कैश एंड कैरी होलसेलर बिजनेस की पहुंच करीब 30 लाख ग्राहकों तक है, जिनमें से 10 लाख ग्राहक अपने स्टोर नेटवर्क और ईबी2बी ऐप के माध्यम से सक्रिय तौर पर खरीदारी करते हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 (सितंबर 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष) में, मेट्रो इंडिया ने 7700 करोड़ रुपये की बिक्री की, जो भारत में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस अधिग्रहण के माध्यम से, रिलायंस रिटेल को बड़े शहरों में प्रमुख स्थानों पर स्थित मेट्रो इंडिया स्टोर्स का एक विस्तृत नेटवर्क मिलेगा। जिससे रिलायंस रिटेल की बाजार में उपस्थिति मजबूत होगी। साथ ही पंजीकृत किराना और अन्य संस्थागत ग्राहकों का एक बड़ा आधार और एक बेहद मजबूत सप्लायर नेटवर्क भी मिलेगा। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी

**रिलायंस रिटेल को बड़े शहरों में प्रमुख स्थानों पर स्थित मेट्रो इंडिया स्टोर्स का एक विस्तृत नेटवर्क मिलेगा**

ने कहा, मेट्रो इंडिया का अधिग्रहण छोटे व्यापारियों और उद्यमों के साथ सक्रिय सहयोग के माध्यम से साझा समृद्धि का एक अनूठा मॉडल बनाने की हमारी नई वाणिज्य रणनीति के अनुरूप है। मेट्रो इंडिया भारतीय बी2बी बाजार में अग्रणी और प्रमुख खिलाड़ी है और इसने एक ठोस मल्टी-चैनल प्लेटफॉर्म बनाया है। हमारा मानना है कि भारतीय व्यापारी और किराना ईको सिस्टम की हमारी समझ और मेट्रो इंडिया की नए स्टोर्स मिलकर छोटे व्यवसायों के लिए वरदान साबित होंगे। मेट्रो एजी के सीईओ डॉ. स्टीफेन ग्रेबेल ने कहा, हमें विश्वास है।

# दिल्ली में लगा है संस्कृतियों का मेला

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिल्ली में 23 से 26 दिसंबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में बहुप्रतीक्षित नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है जिसमें पूर्वोत्तर के कई प्रकार के भोजन, शिल्प और संस्कृति को प्रदर्शित करने से लेकर बुक लॉन्च, बी2बी मीट और प्रदर्शनियां लगायी जा रही है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने इस आयोजन को लेकर कहा, पूर्वोत्तर महोत्सव, पूर्वोत्तर भारत की शानदार सांस्कृतिक विविधता, कला, व्यंजन, शिल्प, कृषि को प्रदर्शित करने वाला एक रंगीन त्योहार है। नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में बागवानी उत्पादों, पर्यटन स्थलों, संगीत कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जा रहा है। एमएसएमई मंत्रालय एक बड़ी प्रदर्शनी आयोजित करने में



सहायता कर रहा है जो पूर्वोत्तर से कई बेहतर उत्पाद लाएगी। असम और नागालैंड के राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी 10वें नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल की सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन करेंगे। 23 दिसंबर को राष्ट्रीय टूर ऑपरेटरों के साथ बी2बी बैठक आयोजित की जायेगी। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण 26 दिसंबर को किसानों और विभिन्न हितधारकों के साथ एक सत्र करेगा। उत्सव में भारत सरकार के पूर्वोत्तर क्षेत्र के संस्कृति, पर्यटन और विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी; वाणिज्य और उद्योग मंत्री व उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण पीयूष गोयल, बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय और आयुष मंत्रालय सबार्नंद सोनोवाल के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल के मुख्य

**असम और नागालैंड के राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी 10वें नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल की सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन करेंगे**

आयोजक श्यामकानु महंत ने कहा, यह सिर्फ एक उत्सव नहीं बल्कि एक भावना है, जीवंतता की अभिव्यक्ति है। इस आयोजन के माध्यम से, हम लोगों को एकजुट करना चाहते हैं। हम उत्साही लोगों को हमारी समृद्ध संस्कृतियों, परंपराओं और विरासत का पता लगाने का अवसर प्रदान करना चाहते हैं। मुझे आशा है कि लोग उत्तर पूर्व भारत की सुंदरता, विविधता और अखंडता को अपनाएंगे। चूंकि उत्सव पहले ही शुरू हो चुके हैं, दसवां संस्करण और भी खास होगा। हम इन 4 दिनों को पूरे दर्शकों के लिए साल का सबसे अच्छा दिन बनाना चाहते हैं।

# मुकेश अंबानी ने किया 2850 करोड़ में सौदा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है. कंपनी के चेयरमैन और एशिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी एक के बाद एक बिग डील कर रहे हैं। अब उन्होंने एक और बड़ी खरीदारी की है। मुकेश अंबानी ने जर्मनी की रिटेल विक्रेता मेट्रो एजी के भारतीय कारोबार को खरीद लिया है। ये सौदा 2,849 करोड़ रुपये में हुआ है। मुकेश अंबानी का ये बड़ा कदम है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस जल्द ही मेट्रो एजी के भारतीय कारोबार के अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, रिलांयस इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड ने कुल 344 मिलियन डॉलर में मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में 100 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए समझौतों पर साइन किए हैं। बीते दिनों आई पीटीआई की रिपोर्ट में उद्योग जगत से जुड़े सूत्रों के हवाले से यह जानकारी साझा की गई थी कि इस डील को लेकर रिलायंस और मेट्रो ग्रुप के बीच बातचीत जारी है। इसमें बताया गया था कि समझौते में 31 थोक वितरण केंद्र, भूमि बैंक और मेट्रो कैश एंड कैरी के स्वामित्व वाले अन्य एसेट्स शामिल हैं। हालांकि, उस समय दोनों ही कंपनियों की ओर से इस डील को लेकर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई थी।

## पेज एक का शेष

### भारत में चीन...

आ रहे थे, उसे देखते हुए हमने महसूस किया कि इस स्थिति से बचने के लिए ज्यादा तैयार रहना बेहतर है। भारत में कोरोना महामारी के शुरुआती दौर में ही लॉकडाउन लगा दिया गया था ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। भले ही इस दौरान बहुत से लोगों ने यह भी तर्क दिया कि यह लॉकडाउन समय से पहले था, लेकिन इससे लोगों में जागरुकता पैदा करने में मदद मिली और साथ ही हमें तैयारी करने के लिए अधिक समय मिल पाया। इस दौरान, हमने मरीजों को संभालने के लिए बुनियादी ढ़ांचे को बदलने, पुनर्गठन आदि का काम किया। इन्हीं सब चीजों के चलते पश्चिमी देशों की तुलना में हमने अच्छा काम किया। वैक्सीनेशन और इंफेक्शन रेट ज्यादा इसलिए खतरा कम रहा। जब यह महामारी आई तो हमारे लोगों में इस वायरस से निपटने के लिए कोई इम्यूनिटी नहीं थी। इस कारण कुछ लोगों को इस दौरान गंभीर इंफेक्शन का सामना करना पड़ा। लेकिन अब, कोरोना महामारी को लगभग तीन साल हो गये हैं और अब हम ऐसी स्थिति में हैं जहां हमारे लोगों में नेचुरल इंफेक्शन और वैक्सीन कवरेज की दर बहुत ज्यादा है। हमारे लोगों की इम्यूनिटी इतनी ज्यादा स्ट्रॉन्ग हो गयी है कि कोई भी नया वायरस हमें गंभीरता से प्रभावित नहीं कर सकता। पिछले तीन सालों में लोगों ने कोरोना वायरस के अलग-अलग वेरिएंट्स जैसे अल्फा, बीटा, डेल्टा आदि सब-वैरिएंट्स का सामना किया है जिसके चलते भारतीयों के लिए कोरोना वायरस उतना खतरनाक साबित नहीं हो रहा है जितना पहले था। हां, हमने पिछले एक साल के भीतर ओमिक्रॉन के कई अलग-अलग रूप विकसित होते हुए देखा है। ये वैरिएंट्स एक-दूसरे से बहुत ज्यादा अलग नहीं है, लेकिन इसके बावजूद हमें चीन में तेजी से बढ़ रहे कोरोना वायरस के बीएफ.7 वेरिएंट पर ध्यान देना होगा और इसके प्रति सतर्क भी रहना होगा। हमें नहीं पता है कि आने वाले वक्त में वायरस किस तरह से बिहैव करेगा। ये वायरस अब पहले से कम खतरनाक और स्थिर दिख रहा है, लेकिन हमें चीन में कोरोना की वजह से हो रहे हॉस्पिटलाइजेशन और मौतों पर करीबी नजर रखनी होगी।

**-डायरेक्टर एवं चेयरमैन, (इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनल मेडिसिन एंड रेस्पिरेटरी एंड स्लीप मेडिसिन) मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम।**

### झारखंड नगरपालिका (संशोधन)...

सरकारों को नहीं है, यह केंद्र का विषय है। यहां बात एसटी-एससी या ओबीसी की नहीं नियम की है। इस पर जनमत संग्रह हो। वहीं, सत्ता पक्ष की ओर से प्रदीप यादव ने कहा कि ये लोग गलत बोल रहे हैं। रोटेशन केवल वार्ड के लिए है, मेयर के लिए नहीं है। सरकार को अधिकार है कि वह इसमें संशोधन कर सकती है। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि यह जनमानस के हित में है। जबकि मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि रोटेशन केवल वार्ड और पंचायत के लिए है।

### राज्य में संचालित...

गंभीर सवाल खड़ा किया। जैन विश्वविद्यालय को लेकर कहा कि यह पहले से पॉलिटेक्निक कॉलेज चला रहा है। अब केवल नाम बदलकर नये विश्वविद्यालय की स्थापना करना चाह रहे हैं जबकि इस संस्था की कार्यशैली पर पहले से सवाल खड़ा किया जा रहा है। ऐसे में यह सरकार की बनी-बनायी आधारभूत संरचना ले लेगी और राज्य के छात्राओं को कुछ नहीं देंगे, अपनी जेबे भरेंगे। 2017 में इस संस्था को निजी कॉलेज खोलने की अनुमति दी गयी। क्या इन पांच सालों में ये अपनी आधारभूत संरचना खड़ा किया। यह गंभीर सवाल है। विधायक अमित कुमार मंडल, बिरंची नारायण, रामचंद्र चंद्रवंशी, लंबोदर महतो ने भी इन निजी विश्वविद्यालयों के कार्यों पर सवाल खड़ा किया। लंबोदर महतो ने कहा कि ये विश्वविद्यालय न तो गरीब बच्चों का नामांकन करते हैं और न ही क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं को अहमियत देते हैं। मनीष जायसवाल ने कहा कि ये लोग केवल यूजीसी की गाइडलाइन के तहत चलाने का ढोंग करते हैं, मगर सच्चाई यह है कि ये केवल डिग्री बेचने का काम करते हैं।

**सफलता** | 2025 तक 10 गीगावाट तक ले जाने का लक्ष्य

# अडानी ने स्फटिक सिलिकॉन पिंड तैयार किया

**एजेंसी। अहमदाबाद**


अडानी समूह की फोटोवोल्टिक विनिर्माण और अनुसंधान इकाई अडानी सोलर ने कहा कि उसने देश में पहले बड़े आकार के मोनोक्रिस्टलाइन सिलिकॉन पिंड का विकास करने में सफलता हासिल की है। मोनोक्रिस्टलाइन सिलिकॉन सिंगल क्रिस्टल (एकल स्फटिक) सिलिकॉन पिंड के रूप में जाने जाते हैं जो सौर ऊर्जा परियोजनाओं में प्रयुक्त होने वाली फोटो वोल्टाइक सेल के विनिर्माण में लगती हैं। कंपनी ने 2023 के अंत तक दो गीगावाट (दो हजार मेगावाट) क्षमता के लिए सिलकॉन पिंड और वैफर बनाने का लक्ष्य रखा है। इस क्षमता को 2025 तक 10 गीगावाट तक ले जाने का लक्ष्य है। अडानी सोलर की सिलिकॉन



इकाई का उद्घाटन अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने समूह के मुंद्रा स्थित परिसर में किया था। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि एकल स्फटिक सिलिकॉन का विनिर्माण देश में ही होने से नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन को बल मिलेगा। कंपनी ने कहा है कि कंपनी द्वारा तैयार मोनोक्रिस्टलाइन सिल्लियां की दक्षता 21 प्रतिशत से 24 प्रतिशत के बीच है। बयान में कहा गया है कि ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की आत्म निर्भरता के लक्ष्य की दिशा में यह महत्वपूर्ण प्रगति है। कंपनी ने अपना काम शुरू करने के लगभग सात महीने के रिकॉर्ड समय में इनगट लाइन इंफ्रास्ट्रक्चर के काम में ह्यबैकवर्ड इंटीग्रेशन यानी बुनियादी चरणों की प्रक्रियाओं के समन्वयकरने वाली अदाणी सोलर भारत की पहली कंपनी है और मोनोक्रिस्टलाइन सिलिकॉन सिल्लियों का उत्पादन करने वाली देश की एकमात्र कंपनी है। अडानी सोलर के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी डॉ. पुनीत गुप्ता ने कहा,हमने सेल से लेकर मॉड्यूल तक, सौर निर्माण के हर पहलू में उल्लेखनीय तकनीकी प्रगति की है, और हम अपने भविष्य के प्रयासों में अपनी पिछली सफलताओं को दोहराने का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा हम 10 गीगावाट सोलर पीवी मैन्युफैक्चरिंग का एक पूरी तरह

**एकल स्फटिक सिलिकॉन का विनिर्माण देश में ही होने से नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन को बल मिलेगा**

से एकीकृत और व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करके इस व्यवसाय में त्वरित विकास हासिल करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं - एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र जो न केवल लंबवत एकीकृत लेकिन एक ही भूगोल में सभी सहायक इकाइयों को भी होस्ट करता है। कंपनी ने कहा है कि अब जबकि कंपनी का प्रारंभिक उत्पादन शुरू हो चुका है, वह 2023 के अंत तक 2 गीगावाट की पिंड और वेफर क्षमता जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। इसे 2025 तक यह 10 गीगावाट तक बढ़ाया जाएगा।




## NEWS इन ब्रीफ

### अमृतसर में पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराया गया

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तान से भारत में घुसे एक ड्रोन को मार गिराया है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि तरनतारन जिले के फिरोजपुर सेक्टर में हरभजन सीमा चौकी के पास बुधवार रात आठ बजे भारतीय सीमा में पाकिस्तानी ड्रोन ने प्रवेश किया। सुरक्षा बल के जवानों ने ड्रोन फायरिंग कर मार गिरा दिया। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह जब इलाके की तलाशी ली गयी, तो ड्रोन एक खेत में पड़ा मिला। उन्होंने कहा कि यह पता लगाने के लिए तलाश जारी है कि क्या ड्रोन ने कोई खेप गिरायी है।

### मासूम बेटे की मौत से आहत परिवारवालों ने उठाया खौफनाक कदम

**जयपुर।** राजस्थान के पाली जिले में मासूम बेटे की मौत से दुखी एक पूरा परिवार ही कुएं में कूद गया। कुएं में कूदनेवाले दंपती और उनकी पांच वर्षीय बेटी की मौत हो गयी। इस घटना के बाद इस परिवार में केवल एक बेटी बची है। घटना के समय वह स्कूल गई हुई थी। हादसे की सूचना के बाद मृतक परिवार के करीबी रिश्तदारों में कोहराम मच गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### चीन सीमा पर गरुड़ कमांडो तैनात



**नयी दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की गरुड़ स्पेशल फोर्स एलएसी पर एके-103 राइफल के साथ मुस्तैद है। गरुड़ स्पेशल फोर्स को मई 2020 से स्पेशल ऑपरेशन के लिए चीन बॉर्डर पर ऊंचाई वाले स्थानों पर तैनात किया गया। एके-103 राइफल एके-47 का अपग्रेड वर्जन है। एके सीरीज की राइफल की नली से गोली छूटने की रफ्तार 710 मीटर प्रति सेकंड होती है। साथ ही इस बंदूक से एक सेकंड में 6 गोली निकलती हैं। इतनी पावरफुल होती है कि दीवारों और कार के दरवाजे को भेद कर उसके पीछे बैठे इंसान को मार सकती है।

## राहुल बोले: नहीं रूकेगी भारत जोड़ो यात्रा



**एजेंसी। चंडीगढ़**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' को रोकने से इनकार कर दिया है। राहुल गांधी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के लिखे पत्र पर जवाब देते हुए कहा कि सरकार 'भारत जोड़ो यात्रा' को रोकने के बहाने तलाश रही है। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे चिट्ठी लिखी गई कि यात्रा बंद करो कोविड आ रहा है, लेकिन यह यात्रा रोकने के लिए बहाना बनाया जा रहा है। राहुल ने कहा कि कि आप जितनी कोशिश कर लो हम टूटने वाले नहीं हैं। राहुल ने कहा कि मुझे कहा जा रहा है कि मास्क पहनों, यात्रा बंद करो कोरोना फैल रहा है, ये सब बहाने हैं, ये लोग भारत की सच्चाई से डर गये हैं।

## अरुणाचल में केंद्र बनायेगी फ्रंटियर हाईवे



**नयी दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश में केंद्र सरकार फ्रंटियर हाईवे बनायेगी। ये अगले पांच साल में तैयार होगा। तिब्बत-चीन-म्यांमार से सटी भारतीय सीमा के काफी करीब इस हाईवे के निर्माण से सेना के मूवमेंट में आसानी होगी। एनएच-913 के बनने से बार-बार सीमा पर चीनी दखल को देख रही सेना के लिए उपकरण और बाकी चीजों का ट्रांसपोर्टेशन भी आसान हो जायेगा।

# चीन में दर्द-बुखार की दवाओं की कमी, फैक्ट्रियों तक लगी लाइन

### दुनिया में बढ़ा कोरोना का खतरा, एक दिन में आये 5.86 लाख नये केस



**एजेंसी। बीजिंग**

चीन में कोरोना से लगातार हालात बिगड़ते जा रहे हैं। लोग दवा कंपनियों की फैक्ट्रियों के बाहर लाइनें लगाकर खड़े हैं। जुहाई शहर का एक वीडिया सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इसमें लोग बुखार और दर्द जैसी मामूली दवाइयां खरीदने के लंबी कतारों में खड़े हुए देखे जा सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन के सभी मेडिकल स्टोर से ब्रुफेन और बुखार की कई और दवाइयों की कमी हो गयी है। इसी बीच भारत ने कोरोना के इलाज में काम आने वाली पैरासीटामॉल, एमोक्सीसिलिन और रेबेपैराजोल जैसी दवाओं की कीमतों को कम करने का फैसला किया है। कोरोना का खतरा अब सिर्फ चीन तक सीमित नहीं है। बल्कि दुनियाभर में इसके मामले बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में पूरी दुनिया में कोरोना के 5,86,296 नये मामले सामने आये हैं।

चीन के अस्पतालों में खून की कमी भी देखी जा रही है। ग्वांगझोउ शहर इस कमी को पूरा करने के लिए एक दिन में 1,200 ब्लड डोनर्स की जरूरत है। कोरोना वर्ल्ड स्पीडोमीटर के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में बीते 24 घंटे में 326, फ्रांस में 127, ब्राजील में 197, साउथ कोरिया में 59, जापान में 296, रूस में 59 मौतें दर्ज की गयी हैं। जर्मनी ने बुधवार को बर्लिन से बायोएनटेक कोविड वैक्सीन की पहली खेप चीन भेजी है। ये वैक्सीन पहले चीन में रह रहे 20 हजार जर्मन प्रवासियों को लगायी जायेगी। अब जापान, दक्षिण कोरिया और फ्रांस में कोरोना का खतरा बढ़ रहा है। वर्ल्ड मीटर के डेटा के मुताबिक, इन देशों में मरीजों की संख्या 10 लाख 65 हजार, 4 लाख 61 हजार और 3 लाख 58 हजार है।

### कोरोना के अंत की घोषणा करना होगी जल्दबाजी

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि कोरोना के वैश्विक अंत की घोषणा करना फिलहाल जल्दबाजी होगी। यानी कोरोना अब भी ग्लोबल इमरजेंसी बना रहेगा। डब्ल्यूएचओ ने ये बात चीन में लॉकडाउन हटने के बाद बढ़ते संक्रमण के मामलों को देखते हुए कही है। डब्ल्यूएचओ के चीफ टेड्रोस एडहानॉम ने कहा- चीन में स्थिति बहुत ही चिंताजनक है। चीन को वैक्सीनेशन की रफ्तार बढ़ानी चाहिए।

## बाइडेन से मिले यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की

**वाशिंगटन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वालोदिमीर जेलेंस्की बुधवार को अमेरिका यात्रा पर वाशिंगटन पहुंचे। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की। इस मुलाकात में जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन की मदद के लिए बाइडेन को धन्यवाद दिया और उन्हें असली हीरो बताया। रूस से लड़ने के लिए अमेरिका ने यूक्रेन को 1.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए सैन्य सहायता पैकेज की भी घोषणा। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की बुधवार को विशेष विमान से अमेरिका पहुंचे। वाशिंगटन में अमेरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी पत्नी ने जेलेंस्की का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद व्हाइट आऊस में ओवल हाऊस में दोनों राष्ट्रपतियों की वार्ता शुरू हुई। जेलेंस्की ने कहा कि वह रूस के विनाशकारी आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन को धन्यवाद देते हैं।

## मोटे अनाजों की बड़े पैमाने पर होगी खरीद



### केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का ऐलान

### मोटे अनाज की खरीद के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता करायी जायेगी उपलब्ध

### शरीर को सेहतमंद बनाये रखने में ज्यादा कारगर हैं मोटे अनाज

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को कहा कि सरकार पौष्टिक मोटे अनाजों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस बार बड़े पैमाने पर इनकी खरीद की जायेगी। इसके लिये राज्यों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। गौरतलब है कि अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोपहर भोज में मोटे अनाजों से बने भोजन खाये और कई मंत्रियों-सांसदों को भी खिलाया था। उसी वक्त उन्होंने यह भी कहा था कि मोटे अनाज शरीर को सेहतमंद बनाये रखने में ज्यादा कारगर हैं। उन्होंने मोटे अनाज को जनआंदोलन बनाने का भी आह्वान किया था।

**तोमर ने यहां संवाददाताओं से कहा :** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ज्वार, बाजरा, रागी आदि की खरीद के लिए राज्यों को केंद्र को प्रस्ताव भेजना होगा। उसके आधार पर उन्हें राशि उपलब्ध करायी जायेगी। राज्यों की ओर से जिन मोटे अनाजों की खरीद की जायेगी उसका वितरण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से करना होगा। पिछले साल सात राज्यों ने 13 लाख टन मोटे अनाजों की खरीद की थी। इस बार और अधिक राज्यों को मोटे अनाजों की खरीद के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

**तोमर ने कहा :** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहनों और तिलहनों की भी खरीद की जा रही है। इससे किसानों को लाभकारी मूल्य मिल रहा है। दलहनों के मामले में देश लगभग आत्मनिर्भर हो गया है जबकि तिलहनों के उत्पादन बढाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। 'एक देश एक राशन कार्ड' योजना और आधुनिक तकनीक से लोगों को हो रहे फायदे की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इससे कहीं भी लोग सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों से अपना राशन आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इससे अपने राज्य के बाहर जा कर काम करनेवाले लोगों को सर्वाधिक फायदा हो रहा है।

## भारतबोध की चर्चा को आगे बढ़ायेगी 'हिन्दुत्वः एक विमर्श'

### नयी दिल्ली में 26 दिसम्बर को होगा पुस्तक का विमोचन



**नवीन मेल नेटवर्क। नयी दिल्ली**

प्रख्यात कवि, आलोचक एवं संपादक इंदुशेखर तत्पुरुष की पुस्तक 'हिन्दुत्वः एक विमर्श' का विमोचन सोमवार, 26 दिसम्बर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन नयी दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित एकात्म भवन में अपराह्न चार बजे किया जायेगा। इस अवसर पर भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी एवं पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकात्म मानवदर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के अध्यक्ष डॉ. महेश चंद्र शर्मा करेंगे। संचालन दिल्ली विश्वविद्यालय में वरिष्ठ आचार्या प्रो. कुमुद शर्मा करेंगी। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए पुस्तक के लेखक इंदुशेखर तत्पुरुष ने बताया कि पराधीन मानसिकता के कारण लोगों द्वारा हिन्दुत्व की मनमानी व्याख्या कर जो भ्रामक निष्कर्ष निकाले जा रहे हैं, इस पुस्तक के माध्यम से उस भ्रम को दूर करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर दो मत हो सकते हैं कि हिन्दुत्व भारतीयता का पर्याय है, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं है कि हिन्दुत्व इसी देश और इसी मिट्टी की उपज है। 9 अक्टूबर 1962 को राजस्थान के गंगापुर सिटी में जन्मे डॉ. इंदुशेखर तत्पुरुष राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं।

## शिकंजा : गिरफ्तार हो सकते हैं रॉबर्ट वाड्रा

**एजेंसी। जयपुर**

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा और उनकी मां मौरीन वाड्रा की मुसीबतें बढ़ने वाली हैं। राजस्थान हाईकोर्ट ने गुरुवार को उनकी याचिका खारिज कर दी है। हालांकि, दो हफ्ते तक अपील की इजाजत देकर उनकी गिरफ्तारी में राहत दी गयी है। मामला बीकानेर में जमीन की खरीद-फरोख्त में हुई धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है। राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह की बेंच ने कहा कि रॉबर्ट और उनकी मां को इस मामले में ईडी की जांच में सहयोग करना होगा। दो हफ्ते में अपील की मोहलत दी गई है। तब तक गिरफ्तारी पर रोक कायम रहेगी। मामला बीकानेर में सरकारी जमीन की खरीद-फरोख्त में हुई धोखाधड़ी से जुड़ा है।

इस मामले में रॉबर्ट और उनकी मां मौरीन की गिरफ्तारी पर पहले भी रोक लगा रखी थी। गौरतलब है कि बीकानेर के कोलायत में जमीन की खरीद-फरोख्त के मामले में रॉबर्ट और उनकी मां की कंपनी स्काइलाइट हॉस्पिटैलिटी के खिलाफ फर्जीवाड़ा होने के आरोप होने के चलते ईडी ने कार्यवाही शुरू की थी।




**आरोप** कोरोना के बहाने पदयात्रा को दिल्ली नहीं पहुंचने देने की हो रही कोशिश : कांग्रेस

# भारत जोड़ो यात्रा को लेकर केंद्र-कांग्रेस में टकराव

### भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली में प्रवेश करने पर प्रमुख खबर बनने की संभावना

**- कृष्णमोहन सिंह। नयी दिल्ली**

कांग्रेस में आशंका जतायी जाने लगी है कि केंद्र सरकार राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को दिल्ली नहीं पहुंचने देना चाहती है, जो फिलहाल सटे राज्य हरियाणा में आ गयी है। क्योंकि दिल्ली में आते ही तमाम तरह से संभालने, संजोने, पद यात्रा की भीड़ को नहीं दिखाने के लाख इंतजाम के बावजूद अपने फेस सेविंग के लिए टीवी वालों को दिखाना ही पड़ेगा। नहीं दिखाने की कोशिश करेंगे, तो भी सोशल मीडिया पर इतना प्रचार होगा कि मजबूर होकर कुछ देर दिखाने का कोरम पूरा करना ही होगा। और जब भीड़ इतनी हो और सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी का प्रमुख नेता ही जब केरल से कई माह से पैदल चलते हुए, भारत जोड़ो पद यात्रा करता हुआ देश की राजधानी दिल्ली की सड़कों पर पहुंचेगा, तो देश-विदेश की मीडिया में प्रमुख खबर तो बनेगी ही। कांग्रेस को लगता है- इसी के चलते 29 दिसम्बर को खत्म होनेवाले संसद के शीतकालीन सत्र को छह दिन पहले 23 दिसम्बर को ही खत्म कर देने की केंद्र सरकार की योजना बनी। क्योंकि भारत जोड़ो पद यात्रा दिल्ली में प्रवेश करने पर प्रमुख खबर वहीं बनने की संभावना है। उस समय संसद चलने पर वहां की गतिविधि उतनी प्रमुखता नहीं पाती। इसके अलावा विपक्षी दलों ने एकजुट होकर अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीनी सेना के प्रवेश व भारतीय सैनिकों से झड़प पर सरकार से बयान देने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। बुधवार 21 दिसम्बर को संसद परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के सामने विपक्षी दलों ने धरना दिया। इससे भी सरकार असहज है।




### पदयात्रा रोकने की कोशिश कर रही सरकार

**इस** बारे में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल का कहना है कि जिस तरह से भारत जोड़ो यात्रा को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की सक्रियता सामने आयी है, राजस्थान के दो भाजपा सांसदों के पत्र पर उनकी तेजी दिखी है, उससे लगता है कि सरकार की कोशिश पदयात्रा रोकने की है। यदि रोक नहीं पाये तो कोरोना बढ़ने के बहाने या कोरोना बढ़ने की आशंका जता कर कोरोना प्रोटोकॉल लागू करके, भारत जोड़ो पद यात्रा में भीड़ नहीं जुटने देने की पुरजोर कोशिश करने की है, लेकिन केंद्र के इस तरह के अवरोध की परवाह नहीं कर पदयात्रा जारी रहेगी।